आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज रानी अहिल्या जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 135 | उज्जैन, रविवार 31 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मेडिकल रिपोर्ट में ट्रम्प 80 साल की उम्र में पूरी तरह फिट

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले महीने 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। उम्र के इस पड़ाव पर भी वह पूरी तरह फिट हैं। व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की नई मेडिकल रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की है। 3 पन्नों की इस रिपोर्ट में उनकी सेहत को बेहतरीन बताया गया है। ट्रम्प की मानसिक क्षमता की जांच के लिए मॉन्ट्रियल कॉग्निटिव असेसमेंट (एमओसीए) टेस्ट भी कराया गया। यह करीब 10 मिनट का टेस्ट होता है, जिससे डिमेंशिया, अल्जाइमर या दूसरी मानसिक समस्याओं के संकेतों का पता लगाया जाता है। ट्रम्प को इस टेस्ट में 30 में से पूरे 30 अंक मिले। व्हाइट हाउस के डॉक्टर शॉन पी. बारबाबेला ने बताया कि राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियां निभाने के लिए ट्रम्प पूरी तरह फिट हैं। उनकी दिले, फेफड़े, दिमाग और शरीर बहुत मजबूत है।

### सरकारी बंगले हम खाली नहीं करेंगे, चाहे जितनी फोर्स बुला लो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के 10 सर्कुलर रोड पर स्थित बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास को लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। बिहार सरकार ने एक आदेश जारी कर राबड़ी देवी को अपना सरकारी आवास खाली करने का निर्देश दिया है। यह आवास अब बिहार सरकार के एक अन्य मंत्री, नंद किशोर राम को आवंटित कर दिया गया है। बिहार सरकार के इस फैसले पर राबड़ी देवी काफी नाराज नजर आईं। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए राबड़ी देवी ने साफ शब्दों में कहा, फोर्स बुलाओ और हमें बाहर निकालो। हम घर खाली नहीं करेंगे. दरअसल बेदखली के नोटिस का जवाब देते हुए राबड़ी देवी ने अपनी बात दोहराई कि सरकार चाहे तो उन्हें हटाने के लिए फोर्स का इस्तेमाल कर ले, क्योंकि वे अपनी मर्जी से घर खाली नहीं करेंगी।

### फिल्म 'काला हिरण' का पोस्टर जारी




**सलमान खान-लॉरेंस विवाद और काला हिरण शिकार मामले पर आधारित कहानी दिखेगी**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामले पर आधारित अपकमिंग फिल्म काला हिरण का पोस्टर शुक्रवार को जारी किया गया। फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर 20 जून को जारी किया जाएगा। फिल्म में सलमान खान और गैंगस्टर लॉरेंस के बीच के विवाद को दिखाया जाएगा। हालांकि, यह जानकारी सामने नहीं आई है कि इसमें कौन लीड रोल में है। वहीं, इसके पोस्टर में जो एक्टर दिखा है, वह जाना-पहचाना नहीं है। फिल्म को लेकर आईएएनएस से बात करते हुए फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी ने कहा, 1998 में जोधपुर के कांकाणी गांव में सलमान खान पर काला हिरण के शिकार का आरोप लगा था। उस मामले से जुड़े कोर्टरूम ड्रामा, क्राइम, थ्रिलर और लॉरेंस व सलमान खान के बीच की दुश्मनी को फिल्मी रूप में पेश किया गया है। फिल्म की शूटिंग संभल, मुरादाबाद और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में हुई है। उन्होंने आगे कहा, उस समय हुए कथित काला हिरण शिकार, सलमान खान की गिरफ्तारी और सजा से जुड़े घटनाक्रम को फिल्म में दिखाया गया है। इस फिल्म के पोस्टर का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। लोग सलमान खान, लॉरेंस और काला हिरण शिकार मामले पर आधारित एक सिनेमाई कहानी का इंतजार कर रहे थे। 20 जून को हम फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर जारी करेंगे। सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामला साल 1998 में सामने आया था, जब वो जोधपुर में फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' की शूटिंग कर रहे थे। सलमान के खिलाफ कुल चार केस दर्ज किए गए थे। इनमें दो चिंकारा शिकार मामले, एक कांकाणी काला हिरण शिकार मामला और एक आर्म्स एक्ट का मामला शामिल था।

### अफगानिस्तान में शरणार्थियों से भरा ट्रक पलटने से 18 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। पाकिस्तान से अपने वतन लौट रहे अफगान शरणार्थियों से भरा एक ट्रक शनिवार को हाईवे पर पलट गया। यह हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही कई लोगों की जान चली गई जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए। मृतकों में बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। पूर्वी अफगानिस्तान के लघमान प्रांत में हुआ यह हादसा कई परिवारों के लिए कभी न भरने वाला घाव छोड़ गया। जानकारी के अनुसार ट्रक में पाकिस्तान से लौट रहे अफगान शरणार्थी सवार थे। यात्रा के दौरान मुख्य हाईवे पर वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक पलट गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि 18 लोगों की मौत हो गई।

### ईरान को 28 लाख करोड़ रीकंस्ट्रक्शन फंड मिलेगा

**तेल अवीव।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित 60 दिन के युद्धविराम समझौते में ईरान को बड़ी आर्थिक मदद देने की बात सामने आई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, समझौता होने पर ईरान को 300 अरब डॉलर (करीब 28.5 लाख करोड़ रुपए) का फंड दिया जा सकता है। साथ ही अमेरिकी कंपनियों को ईरान में निवेश की अनुमति भी मिल सकती है। एक ईरानी अधिकारी ने इसे रीकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम बताया है। उनका कहना है कि अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद ईरान को यह आर्थिक सहायता देने का वादा किया जाएगा। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि दोनों देश परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौते के करीब हैं। ट्रम्प के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और उसके पास मौजूद संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम को खत्म कर दिया जाएगा।

### अपर मुख्य सचिव सिंहस्थ के निर्माण कार्यों का स्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे

# सीएम डॉ. यादव की तर्ज पर टेंपो ट्रेवलर से निरीक्षण करने पहुंचे एसीएस एवं अधिकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर से उज्जैन बस से आए थे। इस दौरान उन्होंने अपने काफिले को सिमित करते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ बस से यात्रा की थी। शनिवार सुबह इसी तर्ज पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ टेंपो ट्रेवलर में सवार होकर सिंहस्थ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम सिंकदरी और गंगेड़ी के बीच प्रस्तावित पार्किंग स्थल का जायजा भी इस दौरान लिया।

एसीएस राजौरा पेट्रोल-डीजल की मितव्यियता का संदेश देते हुए सिंहस्थ कार्यों का निरीक्षण के लिए रवाना हुए। इस दौरान सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्माणाधीन नवीन सड़क मार्ग, सिंहस्थ मेला कार्यालय, मार्ग चौड़ीकरण कार्य, गोपाल मंदिर मल्टीलेवल वाहन पार्किंग स्थल और श्रद्धालुओं के वाहन रखने के लिए प्रस्तावित पार्किंग क्षेत्र का निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने सिंहस्थ के लिए प्रस्तावित पार्किंग एरिया में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुसार गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए।

## ग्राम सिंकदरी और गंगेड़ी के बीच प्रस्तावित पार्किंग स्थल का जायजा लिया





**ये अधिकारी थे बस में -** निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**पार्किंग स्थल देखा, योजना जानी-** अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने सिंहस्थ महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन सुविधापूर्वक पार्किंग कराने के लिए ग्राम सिंकदरी और गंगेड़ी के बीच प्रस्तावित पार्किंग स्थल का जायजा लिया। संभागायुक्त आशीषसिंह ने जानकारी दी कि सिंहस्थ के लिए करीब 3 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में लेबल-1 और लेबल-2 पार्किंग क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। यहां से सिंहस्थ मेला क्षेत्र और शिप्रा नदी के नवीन घाटों तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड का निर्माण किया जाएगा। जिससे श्रद्धालु सुविधा पूर्वक घाट और मेला क्षेत्र तक पहुंच सकेंगे। इस पर डॉ. राजौरा ने निर्देश दिए कि पार्किंग स्थलों पर बारिश होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्लान तैयार किया जाए। डॉ. राजौरा ने कहा कि पार्किंग स्थलों से घाट और मेला क्षेत्र में जाने वाले मार्ग सुगम और सुविधाजनक हो। बड़े-छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग स्थल निर्धारित किए जाएं। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने निर्देश दिए कि पार्किंग स्थल से जाने वाले मार्गों में सभी प्रकार की सूचना के लिए इंतजाम किए जाएं जिससे श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी मिल सके और कोई परेशानी नही हो। उन्होंने कहा कि एप्रोच रोड़ से आने-जाने के दौरान आपस में क्रासिंग नही हो इस बात का भी ध्यान रखा जाए।

### मार्ग चौड़ीकरण एवं बायपास का निरीक्षण

डॉ. राजौरा ने मध्यप्रदेश रोड़ डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के माध्यम से सिंहस्थ महापर्व के लिए महत्वपूर्ण मार्ग चौड़ीकरण कार्य, सिंहस्थ बायपास मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। फोरलेन सिंहस्थ बायपास मार्ग की कुल लंबाई 19.81 किलोमीटर है। इस मार्ग से कई प्रमुख मार्गों की कनेक्टीविटी रहेगी। डॉ. राजौरा ने मार्ग चौड़ीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि सिंहस्थ के लिए महत्वपूर्ण मार्ग निर्माण के दौरान गुणवत्ता और समय सीमा का ध्यान रखना पहली प्राथमिकता रहे। कार्तिक मेला क्षेत्र में उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से निर्माणाधीन सिंहस्थ मेला कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। प्राधिकरण के सीईओ ने जानकारी दी कि दो मंजिला भवन में मेला कार्यालय, झोनल ऑफिस, कंट्रोल रूम, बैठक कक्ष और पार्किंग एरिया का कार्य किया जा रहा है। निर्देश दिए कि मेला कार्यालय से सिंहस्थ के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था संचालन किया जा सकेगा। जरूरी है कि इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के कार्य को पूर्ण करने की समय सीमा का ध्यान रखा जाए।

### मार्ग चौड़ीकरण का पैदल भ्रमण

डॉ. राजौरा ने शहर में किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का जायजा भी लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के दल के साथ पैदल भ्रमण करते हुए निजातपुरा से गोपाल मंदिर तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। डॉ. राजौरा ने वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम द्वारा गोपाल मंदिर के सामने पुराने रीगल टॉकिज की जमीन पर निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि पार्किंग के निर्माण कार्य के बाद पार्किंग एरिया के नीचे वाले क्षेत्र में बारिश का पानी जमा नही हो इसके इंतजाम भी करें। उन्होंने चामुंडा माता मंदिर चौराहा से फ्रीगंज को जोड़ने वाले निर्माणाधीन ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कार्य प्रगति की जानकारी लेने के बाद निर्देश दिए कि ब्रिज निर्माण कार्य की सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण नियमित करें। सिंहस्थ के पहले ब्रिज निर्माण कार्य पूर्ण होने से यातायात व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण होगा।

### धार्मिक स्थलों और सरकारी इमारतों पर हमले की साजिश नाकाम

## आईएसआई-दाऊद नेटवर्क से जुड़े 9 लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और दाऊद इब्राहिम के अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, ग्रेनेड और विस्फोटक मिले हैं।

पुलिस ने बताया कि ये लोग बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। इनके निशाने पर दिल्ली, मुंबई के प्रमुख धार्मिक स्थल, सरकारी इमारतें, मंत्रालय और सुरक्षाबल थे। जांच के मुताबिक यह आतंकी मॉड्यूल लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। आरोपी पाकिस्तान



स्थित हैंडलर्स से भी संपर्क में थे।

न्यूज एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि आरोपी दिल्ली, मुंबई और पंजाब के हैं। इनमें कुछ नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब मास्टरमाइंड और स्थानीय मददगारों की तलाश कर रही हैं।

### भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयारः आर्मी चीफ

**पुणे/दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल संघर्ष विराम जैसी स्थिति है। जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाएं ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे पर कैसे जवाब देता है। आज पास होने वाले अफसर अपने करियर की शुरूआत से ही इस बेंचमार्क को बनाए रखें। आर्मी चीफ पुणे के खड़कवासला में शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का 150वीं पासिंग आउट परेड में शामिल हुए।

### जबलपुर में 12 किलो वजनी जिंदा बम मिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर


प्रदेश के जबलपुर के खमरिया थानान्तर्गत डुमना एयरपोर्ट के समीप ग्राम गदेरी में 29 मई की शाम को मकान निर्माण के दौरान खुदाई में जमीन में दबा जिंदा बम मिलने से हड़कंप मच गया। बम मिलने की सूचना मिलते ही खमरिया थाना पुलिस बम स्क्वॉड टीम के साथ मौके पर पहुंचा। बीडीएस की जांच में पता चला कि यह भारी-भरकम जिंदा बम है, जिसकी मारक क्षमता करीब 50 मीटर तक बताई जा रही है. जिसके बाद पुलिस ने बम को सेना के अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया है, जिसे डिफ्यूज किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माता वैष्णो देवी के किए दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ मंदिरों के प्रबंधन व्यवस्था को समझने के उद्देश्य से भी है।

सीएम यादव ने बताया कि वह अधिकारियों के एक दल के साथ यहां आए हैं ताकि वैष्णो देवी मंदिर की व्यवस्थाओं का अध्ययन किया जा सके और इसे मध्य प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा



कि उनके राज्य में भी प्रमुख मंदिरों में भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सेवाओं और श्रद्धालु सुविधाओं को बेहतर बनाने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के अलग-अलग धार्मिक स्थलों का अध्ययन कर एक प्रभावी प्रबंधन मॉडल तैयार किया जा रहा है।

### 16 जून से खुलेंगे सरकारी स्कूल

**भोपाल।** प्रदेश में शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 16 जून से होगी। इसके साथ ही इसी दिन से स्कूल चलें हम अभियान का दूसरा चरण शुरू होगा जो 30 जून तक चलेगा। प्रदेश में जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों द्वारा विद्यालय संचालन की समय सीमा बढ़ाने की मांग की जा रही थी। इसके बाद अब सरकार ने इसके लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। स्कूल चलें हम अभियान के दौरान सबसे अधिक फोकस ड्राप आउट बच्चों को फिर विद्यालय से जोड़ने और शाला प्रारंभ उत्सव मनाए जाने का काम होगा।

### 50 से ज्यादा शहरों और कस्बों में हुई बारिश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

नौतपा के दौरान आखिरकार भोपाल समेत प्रदेश के बड़े हिस्से को भीषण गर्मी से राहत मिली। राजधानी में अधिकतम तापमान 3.2 डिग्री गिरकर 40.6 डिग्री पर पहुंच गया। शनिवार को प्रदेश के 50 से ज्यादा शहरों और कस्बों में बारिश दर्ज हुई। इसी से मौसम बदला। मौसम विभाग ने शनिवार को भोपाल समेत 40 से अधिक जिलों में तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश हुई। अरब सागर से आ रही नमी के कारण प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ी हैं और तापमान में गिरावट आई है।

### भोपाल में डेढ़ करोड़ के नशीले कफ सिरप का भंडाफोड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भोपाल के गांधीनगर क्षेत्र में स्पेशल टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई में सामने आए अवैध नशीले कफ सिरप के नेटवर्क की जड़ें अब मुबारकपुर तक पहुंचती नजर आ रही हैं। गिरफ्तार आरोपियों से तड़के तीन बजे तक चली पूछताछ में खुलासा हुआ है कि भारी मात्रा में नशीले कफ सिरप का स्टॉक मुबारकपुर इलाके में भी छिपाकर रखा गया था। इस जानकारी के बाद एसटीएफ की टीम ने वहां आरोपियों के संभावित ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि एसटीएफ ने गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात गांधीनगर स्थित डोबरा पटेल सिटी कॉलोनी के एक मकान पर छापा मारकर करीब 75 हजार बोतल नशीला कफ सिरप बरामद किया था।

### बंगाल में अभिषेक बनर्जी से मारपीट, अंडे फेंके, शर्ट फाड़ी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ शनिवार शाम को मारपीट हुई। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया। पूर्व सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा- देखो उन्होंने मेरे साथ क्या किया है। यह पहले से प्लान था। इलाके में कोई पुलिस नहीं है। वे मुझे मारना चाहते हैं। हेलमेट की वजह से सिर बच गया। ऐसे हमलों से हम डरेंगे नहीं।

### रतलाम के 7 युवा बिना गाइड पंहुचे 14 हजार फीट की ऊंचाई तक

## फतेह किया दुर्गम भृगु लेक ट्रेक, रचा साहसिक इतिहास

**खड़ी चढ़ाई और बर्फीले पहाड़ों से मुकाबला, मौसम बना सबसे बड़ी चुनौती, स्लाइडिंग तकनीक से रोमांचक वापसी**





दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

रतलाम के 7 युवा बिना गाइड के हिमाचल प्रदेश के दुर्गम और चुनौतीपूर्ण 14 हजार फीट की ऊंचाई के भृगु लेक ट्रेक बगैर गाईड के पहुंचे हैं। इन्होंने ट्रेकिंग को सफलतापूर्वक पूरा कर अपनी हिम्मत, जज्बे और टीमवर्क का शानदार परिचय दिया है। आमतौर पर तीन दिनों में पूरी होने वाली इस कठिन ट्रैकिंग यात्रा को इन युवाओं ने मात्र दो दिनों में पूरा कर एक मिसाल कायम की है।

सातों युवाओं ने यात्रा की शुरूआत 24 मई की शाम को रतलाम रेलवे स्टेशन से की थी। सभी साथी ट्रेन से चंडीगढ़ पहुंचे और वहां से एक ट्रैवलर वाहन किराए पर लेकर मनाली रवाना हुए। रात करीब 8 बजे मनाली पहुंचने के बाद सभी ने विश्राम किया और अगले दिन अपने साहसिक अभियान की शुरूआत की।

ये थे साहसिक अभियान के सदस्य- साहसिक अभियान में पत्रकार किशोर सिलावट, संतोष घोड़ेटा, सचिन सोनी, रितेश सोनी, राहुल पांचाल, लखन सिंह सिसोदिया और वैभव जोशी शामिल थे। सभी युवाओं ने बिना किसी ट्रेकिंग कंपनी या पेशेवर गाइड की सहायता लिए स्वयं के प्रयासों से यह कठिन यात्रा पूरी की।

### मौसम की चुनौती भी नहीं रोक सकी

यात्रा के दौरान मौसम और प्राकृतिक परिस्थितियों ने भी टीम की कड़ी परीक्षा ली। बर्फ और तेज धूप की चमक के कारण वैभव जोशी और रितेश सोनी की आंखों में गंभीर परेशानी उत्पन्न हो गई। वहीं अत्यधिक ठंड और तेज हवाओं के कारण सभी साथियों के चेहरे झुलस गए और शरीर सुन्न होने लगा। भृगु लेक पहुंचने के बाद पानी की कमी ने भी मुश्किलें बढ़ा दीं, जिसके चलते टीम ने दर्शन के तुरंत बाद वापसी का निर्णय लिया।

### रोमांचक रही वापसी भी

वापसी के दौरान जिस बर्फीले ढलान को चढ़ने में एक घंटा लगा था, उसे उतरना और भी अधिक जोखिम भरा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ अन्य ट्रेकर्स और उनके पेशेवर गाइड मिले। उनकी मदद से रतलाम के युवाओं ने बर्फ पर स्लाइडिंग की तकनीक सीखी और जिस खतरनाक ढलान को पार करने में घंटों लग सकते थे, उसे महज एक मिनट में सुरक्षित पार कर लिया।

### ढलान को पार करने में टीम को संघर्ष करना पड़ा

26 मई को सुबह मनाली के निकट गुलाबा (14 मोड़) से ट्रैकिंग शुरू हुई। पहले दिन करीब 4 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई को महज तीन घंटे में पूरा कर टीम दोपहर तक रोलाकोली बेस कैंप पहुंच गई। यहां रात बिताने के बाद अगले दिन सुबह 5 बजे सभी ने भृगु लेक की ओर अंतिम चढ़ाई शुरू की। करीब 14 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भृगु लेक तक पहुंचने के लिए युवाओं को 9 किलोमीटर का कठिन मार्ग तय करना पड़ा, जिसमें लगभग 5 किलोमीटर तक सिर्फ बर्फ से ढके पहाड़ों पर चलना पड़ा। एक स्थान पर 50 मीटर ऊंचे लगभग सीधे खड़े बर्फीले ढलान को पार करने में पूरी टीम को एक घंटे से अधिक समय तक संघर्ष करना पड़ा।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### शहर में शनिवार सुबह मौसम ने पलटा खाया, रातभर चला ठंडी हवाओं का दौर


# बरसे बादल, नौतपा के छठे दिन रोहिणी गली

## न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री की गिरावट, उमस भडकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में शनिवार सुबह मौसम ने पलटा खाया है। रात भर से चल रही ठंडी हवाओं के बाद सुबह करीब आधा घंटे से अधिक समय तक तेज बारिश हुई। शासकीय जीवाजी वेधशाला में 4 मिली मीटर वर्ष इस दौरान दर्ज की गई। इससे न्यूनतम तापमान में एक दम गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया जो कि एक दिन पूर्व की अपेक्षा 5 डिग्री गिरा है। रात एवं सुबह की अपेक्षा दिन में मौसम में उमस भडक गई थी।

25 मई से शुरू हुए नौतपा में शनिवार को मौसम ने करवट ले ली। छठे दिन रोहिणी गलने से किसानों की चिंता बनी है। इससे बारिश का अनुमान लगाने वालों के अनुसार रोहिणी गलना अच्छा नहीं माना जाता है। इस वर्ष नौतपा के छठे दिन बारिश हुई है एवं अब तक तापमान भी अपने चरम जैसी स्थिति में नहीं देखा गया है। ऐसे में बारिश का अनुमान लगाने वालों का कहना है कि इस बार बारिश औसत के ही आसार हैं। मानसून के जानकारों का कहना है कि अल नीनों के असर से इस बार कम बारिश होना है।



### रात से ही बन रहे थे आसार

शुक्रवार को देर शाम से ही हवाओं में ठंडक की स्थिति देखी जा रही थी। इसके चलते बारिश का अनुमान जताया जा रहा था। सुबह के समय में ठंडी हवाओं के साथ एक दम से बादल छाए और झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। दो भाग में करीब आधे घंटे तक बादल बरसे । इस दौरान शासकीय जीवाजी वेधशाला में 4 मिली मीटर वर्ष दर्ज की गई है। बारिश एवं ठंडी हवाओं ने पारे को अपनी जद में ले लिया जिससे न्यूनतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा 5 डिग्री गिरावट के साथ 22 सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।

### अधिकतम तापमान में बहुत ज्यादा असर नहीं

रात से चली ठंडी हवाओं के कारण सुबह बारिश के हालात तो बन गए लेकिन दिन में एक बार फिर सूरज की तीखी रोशनी एवं हवाओं की गति कमजोर पड़ने से अधिकतम तापमान में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा एक डिग्री की गिरावट के साथ 39 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। बारिश के बाद तेज धूप ने उमस के हालात बना दिए। दिन में उमस भडक गई थी। सुबह के समय आर्द्रता 84 प्रतिशत थी तो शाम को 40 प्रतिशत रह गई। इससे आमजन पसीने से तर देखा गया है।

### दैनिक अवंतिका ने पहले ही आसार व्यक्त किए थे

मौसम में ठंडक के असर एवं सिस्टम के एक्टिव होने को लेकर दैनिक अवंतिका ने दो दिन पहले ही बारिश के आसार व्यक्त किए थे। इसमें स्पष्ट कहा गया था कि विक एंड में बारिश के प्रबल आसार हैं ऐसे में शनिवार सुबह बारिश दर्ज की गई है।

### ये है बारिश का कारण

मौसम विभाग ने सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के चलते देश के 17 राज्यों में तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और वज्रपात का बड़ा अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आंधी और बिजली चमकने के दौरान लोगों को खुले मैदानों, पेड़ों, कमजोर संरचनाओं और बिजली के खंभों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी है। तेज हवाओं और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान होने की आशंका को देखते हुए किसानों को भी खेतों में न जाने और लगातार मौसम अपडेट देखते रहने को कहा गया है।

### 2 जून तक बारिश के हालात

मध्यप्रदेश में भोपाल, जबलपुर और रीवा संभाग सहित पूर्वी जिलों में धूलभरी आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है, जिससे 29 मई के बाद तापमान गिरने के प्रबल आसार जताए गए हैं। ये स्थिति 2 जून तक बने रहने की जानकारी सामने आ रही है।

## पर्यावरण को लेकर सजगता की स्थिति

निरंतर रूप से पेड़ों की कटाई होने से पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह से गड़बड़ा गया है। यही कारण है कि गर्मी की प्रचंडता आमजन को बेहाल किए हुए हैं। पेड़ों की निरंतर कटाई से अन्यानेक समस्याएं जन्म ले रही है। भूमिगत पानी की समस्या भी बढ़ती जा रही है। बारिश का पानी भी पेड़ रोकते थे लेकिन कटाई ने अब हालात बदल दिए हैं। यह हाल एक दो दिन में नहीं पिछले लंबे समय में अनदेखी और बराबर दोहन से हुए हैं। पेड़ों की कटाई के साथ जिस तरह से पौधों का रोपण होना था वह अब तक नहीं हुआ या फिर मात्र कागजों में ही हो गया और धरातल पर गायब वाली स्थिति बन रही है। इसका सीधा असर बारिश पर भी होने वाला है। हाल ही में एक जानकारी में सामने आ रहा है कि अल नैनो ने बारिश का मौसम बिगाड़ दिया है। जून से सितंबर तक चलने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन में इस बार सामान्य से कम बारिश होने की आशंका इससे संबंधित आंकलन करने वाले विभाग ने जारी की है। पूरे सीजन के लिए 90 प्रतिशत एलपीए (लॉन्ग पीरियड एवरेज) बारिश का अनुमान जताया है। देश में औसत वर्षा 87 सेंटीमीटर मानी जाती है, ऐसे में इस बार कुल बारिश लगभग 78 सेंटीमीटर रहने की संभावना है। मानसून बारिश का पूवार्नुमान 92% से घटाकर 90% कर दिया है। मतलब सामान्य के मुकाबले कम बारिश का अनुमान है। इसका कारण अल नैनो है। बारिश कम हुई तो ईरान युद्ध के बाद आर्थिक संकट का यह दूसरा कारण बन सकता है। प्रशांत महासागर में तेजी से विकसित हो रहा अल नीनो भारतीय मानसून को कमजोर कर सकता है। जून के पहले पखवाड़े में भीषण हीटवेव और कम बारिश की स्थिति बन सकती है। तापमान 42 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि रातों में भी गर्मी से राहत मिलने के संकेत नहीं है। भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थिति बनने की संभावना करीब 82 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सामान्य तौर पर अल नीनो भारतीय मानसून को कमजोर करता है और उत्तर-पश्चिम व मध्य भारत में वर्षा कम हो जाती है। फिलहाल केरल में मानसून के समय पर पहुंचने की संभावना है, लेकिन उत्तर भारत तक इसके पहुंचने में देरी हो सकती है। ऐसे में जून का महीना उत्तर भारत के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। अब समय आ गया है कि पर्यावरण के सुधार के लिए आमजन सीधे तौर पर मैदान में उतरे। इसके लिए जिम्मेदारों का भरोसा लंबे समय तक किया गया है लेकिन उसके परिणाम जैसे आना चाहिए थे वैसे नहीं आ सके हैं। खुसूर-फुसूर है कि हाल ही में शहर की संस्था एवं महाआयोजन के तहत 20 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य सामने रखा गया है। इसमें शहरवासियों को बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करते हुए ऐसे तमाम स्थानों पर अच्छे और घने होने वाले पौधों का रोपण करना चाहिए जो कुछ समय उपरांत आमजन को छांव भी दे और फल भी दे। इसके तहत आमजन अपने प्रति अवकाश दिवस पर मात्र दो पौधों का रोपण करे। घर के पास, सड़कों के किनारे, आसपास के उद्यानों में भी ये किया जा सकता है। इससे पर्यावरण सुधार में सीधे तौर पर आमजन की भागीदारी होगी। संस्था एवं महाआयोजन के पौधारोपण में भी हिस्सेदारी करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया जा सकता है।

खुसूर फुसूर

## महाकाल सवारी मार्ग के घरों पर होगा एक जैसा रंग

### प्रतिष्ठानों के साइन बोर्ड भी एकरूप रखने का आग्रह, महापौर ने 800 परिवारों को लिखा पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो जल्द ही बाबा महाकाल सवारी मार्ग पर स्थित घर एक जैसे रंगों में नजर आएंगे और दुकानों के साइन बोर्ड भी एक समान आकार व डिजाइन में दिखाई देंगे। इस पहल के तहत उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल ने करीब 800 घरों और प्रतिष्ठानों तक पत्र पहुंचाकर रहवासियों व व्यापारियों से सहयोग की अपील



की है। जल्द ही इस संबंध में एक बैठक भी आयोजित की जाएगी।

बाबा महाकाल सवारी मार्ग को एकरूप और आकर्षक स्वरूप देने के उद्देश्य से महापौर मुकेश टटवाल ने क्षेत्र के दुकानदारों और रहवासियों के नाम पत्र जारी किया है। यह पत्र जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय पार्षदों के माध्यम से घर-घर पहुंचाया गया।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन केवल एक शहर नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कंठाल, सती गेट और गोपाल मंदिर सवारी मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों में चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि उज्जैन की धार्मिक पहचान और बाबा महाकाल की भक्ति का प्रतीक है। महापौर ने नागरिकों से अपील की है कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को उज्जैन की स्वच्छता, सुंदरता, भव्यता और आध्यात्मिकता का एकरूप स्वरूप दिखाई दे। इसके लिए भवनों के बाहरी रंग और दुकानों के साइन बोर्ड एक समान रखने का आग्रह किया गया है।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए विशेष अभियान संचालित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभागीय उड़न दस्ता द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार उज्जैन संभाग के जिलों में निगरानी एवं निरीक्षण कार्यवाही कर ज्यूस, शीतल पेय, मिठाइयां, लड्डू आदि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनें संग्रहित कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में संभागीय उड़न दस्ते द्वारा 29 मई को उज्जैन शहर में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना कार्यवाही की गई। टीम द्वारा श्री महाकाल मंदिर के आसपास के क्षेत्र में निरीक्षण दौरान होटल हरसिद्धि रेस्टोरेंट, चारधाम मंदिर पार्किंग के समीप से दही, पनीर, लस्सी एवं जलेबी के नमूनें संग्रहित किए गए तथा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों अनियमितताओं के कारण सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

### सिस्टम की मजबूती जांचने के लिए जल निगम ने किया अब जलप्रदाय का परीक्षण

# 914 गांवों की प्यास बुझाने वाली नर्मदा-गंभीर परियोजना की टेस्टिंग शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मालवांचल के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को स्थायी रूप से खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भूमिपूजित 1275 करोड़ रुपये की नर्मदा-गंभीर समूह जल प्रदाय परियोजना अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। उज्जैन के गंभीर बांध पर नया विशाल इंटकवेल और झिरन्या गांव में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया है। सिस्टम की मजबूती जांचने के लिए जल निगम ने अब जलप्रदाय का परीक्षण (टेस्टिंग) भी प्रारम्भ कर दिया है। अब केवल बची हुई पाइपलाइन जोड़ने का काम शेष है। अफसर से पूछा गया कि घर-घर पानी नियमित रूप से कब से मिलेगा, इस पर जवाब मिला- बहुत जल्द।

योजना के धरातल पर आने की तस्वीर इन दो निर्माण कार्यों से साफ देखी जा सकती है। पहली तस्वीर घट्टिया विकासखंड के ग्राम झिरन्या (उन्हेल रोड) में बने अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) की



है, जिसका काम लगभग पूरा हो चुका है। वहीं दूसरी तस्वीर गंभीर बांध के जल भंडारण क्षेत्र में बने नए विशाल इंटकवेल की है, जो पानी की लिफ्टिंग के लिए पूरी तरह तैयार खड़ा है। परियोजना की वर्तमान स्थिति को लेकर जब मध्य प्रदेश जल निगम के अधिकारियों से बात की गई, तो उनका कहना है कि योजना के मुख्यतः समस्त अवयव जैसे-इंटेक वेल, जल शोधन संयंत्र, एम बी आर (मास्टर बैलेंसिंग रिजैवर), आई पी एस (इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन) और टंकियां इत्यादि लगभग पूर्ण हो गए हैं। अफसरों के मुताबिक, अब केवल कुछ पाइपलाइन बिछाने और जोड़ने का कार्य ही शेष बचा है, जिसे बहुत शीघ्रता से पूर्ण किया जा रहा है।

### 2023 में हुआ था प्रोजेक्ट शुरू, 2025 में हो जाना था पूरा

- इस महत्वाकांक्षी परियोजना का जमीनी स्तर पर काम सितंबर-2023 में शुरू हुआ था। काम शुरू होने के चार महीने बाद 29 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका विधिवत भूमि पूजन किया था। जल निगम ने इस काम को पूरा करने की अंतिम तारीख 7 नवंबर 2025 तय की थी।
- गंभीर बांध के पास 20 मीटर गहरा और 14 मीटर व्यास वाला इंटकवेल, पंप हाउस तो समय पर आकार ले चुका था मगर परियोजना की असली रीढ़- झिरन्या का जल शोध संयंत्र और ग्रामीण इलाकों में आंतरिक पाइपलाइन बिछाने तथा पानी की टंकियों का निर्माण कार्य सबसे अधिक लंबित रहा। इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में 1856 करोड़ रुपये की नर्मदाझ्रशिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना की पाइपलाइन भी बाधा बनी।
- नर्मदा-गंभीर परियोजना के लटकने से उन हजारों ग्रामीण परिवारों का इंतजार लंबा हुआ है, जो बरसों से घरों में नर्मदा जल आने की आस लगाए बैठे हैं। योजना के तहत दो जिलों (उज्जैन के 830 और इंदौर के देपालपुर विकासखंड के 84) के कुल 914 गांवों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाना है।

### न्यूज कॉलम

## जुलाई के पहले स्नातक प्रथम वर्ष के रिजल्ट आना मुश्किल

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में करीब डेढ़ माह देरी से हो रही स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षाओं के कारण अब इनके रिजल्ट घोषित जारी करने में भी विलंब होगा। जुलाई से पहले प्रथम वर्ष के रिजल्ट घोषित करना विश्वविद्यालय के लिए मुश्किल है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों का अगला सत्र भी प्रभावित होगा। इधर, विश्वविद्यालय के जिम्मेदारों का कहना है कि जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित करने का प्रयास किया जाएगा। कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने बताया जिन प्रश्न पत्रों की परीक्षाएं होती जा रही हैं, उनका मूल्यांकन का कार्य भी तत्काल शुरू करवाया जा रहा है। प्रयास है कि परीक्षाएं समाप्त होते ही नतीजे घोषित किए जाएं।

## दाम नहीं मिलने से रोका प्याज, भाव 500 से 1500 रहे

**उज्जैन।** प्याज के दाम नहीं बढ़ने से किसानों ने मंडी में बिक्री घटा दी है। चिमनगंज थोक प्याज मंडी में 10,000 कट्टे की आवक की जगह अब 2,000 से 3,000 कट्टे प्रतिदिन की रह गई है। भाव 500 से 1,500 रुपए चल रहे। रूपाखेड़ी के किसान कमल पटेल के अनुसार कई किसान स्टॉक कर रहे हैं और जून में दाम बढ़ने की उम्मीद में बिक्री टाल रहे हैं।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका




## न्यूज ब्रीफ

### सीएम डॉ. यादव ने हिन्दी पत्ररकारिता दिवस की शुभकामनाएं दीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी पत्रकार बंधुओं को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब पंडित युगल किशोर शुक्ल ने उदन्त मार्त्तण्ड के माध्यम से हिन्दी पत्रकारिता की नींव रखी, तब उनका उद्देश्य केवल समाचार पहुंचाना नहीं, बल्कि देशहित का पवित्र संकल्प था। इस दौर में भी वही संकल्प पत्रकारिता का मानक होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि 200 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा में हिन्दी पत्रकारिता ने जन भावनाओं को स्वर देने और लोकतंत्र को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोवा स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण राज्य गोवा के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत के नेतृत्व में गोवा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि गोवा की जनता के जीवन में सुखी और समृद्ध रहे साथ ही गोवा पर्यटन के साथ ही हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ता रहे।

### सड़क दुर्घटना पर सीएम ने किया शोक व्यक्त


**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले में पुष्पराजगढ़ के ग्राम बिजौरा में श्रद्धालुओं को लेकर मंदिर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना में 6 लोगों के असामयिक निधन और कुछ लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। दुर्घटना में घायलों का उपचार जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगतों की आत्मा को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की बाबा महाकाल से प्रार्थना की है।

# अब आस्था में निवेश, 200 करोड़ के टेंपल बॉन्ड होंगे जारी

## उज्जैन के 11 मंदिरों का 1100 करोड़ से होगा कायाकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन और आगर मालवा के 11 प्रमुख मंदिरों के जीर्णोद्धार और सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। इन मंदिरों के पुनरुद्धार पर कुल 1100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से 200 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पहली बार टेंपल बॉन्ड जारी किए जाएंगे। यह जानकारी संभागायुक्त आशीष सिंह ने अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दी। उन्होंने निर्देश दिए कि बॉन्ड जारी करने की पूरी प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी कर ली जाए, ताकि 31 जुलाई तक टेंपल बॉन्ड लॉन्च किए जा सकें।





### बैठक में शामिल हुए अधिकारी

मंदिरों के प्रबंधन और पुनरुद्धार को लेकर हुई बैठक में उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भौतिक रूप से उपस्थित रहे, जबकि आगर मालवा कलेक्टर प्रीति यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुईं। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, श्री महाकाल मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक, यूडीए सीईओ संदीप सोनी सहित मंदिर प्रबंधन और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**क्या है टेंपल बॉन्ड?-** टेंपल बॉन्ड एक वित्तीय साधन है, जिसके माध्यम से आम नागरिक और संस्थाएं मंदिरों के विकास कार्यों में निवेश कर सकेंगी। निवेशकों को निर्धारित अवधि पूरी होने पर ब्याज सहित राशि वापस मिलेगी। प्रशासन का मानना है कि इससे धार्मिक आस्था और विकास को एक साथ जोड़ा जा सकेगा।

### योजना में शामिल रहेंगे प्रमुख मंदिर

इस योजना के तहत कुल 11 मंदिरों का जीर्णोद्धार और व्यवस्थित संचालन किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से बाबा कालभैरव मंदिर (उज्जैन के कोतवाल और तंत्र साधना का प्रमुख केंद्र), श्री मंगलनाथ मंदिर (मंगल ग्रह का जन्मस्थान माना जाने वाला पौराणिक मंदिर) व श्री सांदीपनि आश्रम (भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली) हैं। वहीं, नवग्रह मंदिर, 84 महादेव मंदिर श्रृंखला, श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर, मां भूखी माता मंदिर, मां गढ़कालिका मंदिर, श्री सिद्धवट मंदिर, मां बगलामुखी, माता मंदिर (आगर मालवा) अन्य प्रमुख धार्मिक स्थल शामिल हैं।

### 1100 करोड़ रुपये की योजना

श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और मंदिरों के प्राचीन स्वरूप को संरक्षित रखते हुए आधुनिक विकास कार्यों के लिए 1100 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई है। यह राशि तीन स्त्रोतों से जुटाई जाएगी–

**टेंपल बॉन्ड:** 200 करोड़ रुपये
**अर्बन चैलेंज फंड:** 275 करोड़ रुपये
**बैंक फंडिंग:** 625 करोड़ रुपये

संभागायुक्त आशीष सिंह ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य दर्शन व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाना है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## आगामी शैक्षणिक सत्र से हर विद्यार्थी-अभिभावक को भरना होगा संकल्प पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में घटित अप्रिय घटनाओं (हंगामा, तोड़फोड़) पर विवि को गंभीर चिंता है। विवि की गरिमा, अनुशासन, सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के लिए अब आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रत्येक विद्यार्थी एवं उसके अभिभावक से प्रवेश के समय 'देवी अहिल्या विद्यार्थी संकल्प पत्र' भरवाया जाएगा। 'दीक्षांत' समारोह में दिए जाने वाले स्वर्ण एवं रजत पदकों के निर्माण लागत में वृद्धि होने के फलस्वरूप दानदताओं द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि में वृद्धि भी की गई है। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक (नालंदा परिसर) में लिया गया। बैठक के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सी.जी.एच.एस. की दर पर ओपीडी एवं जांचो से संबंधित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु 5 अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ एक सहमति पत्र का आदान-प्रदान किया गया। इसके पश्चात वित्त समिति एवं स्टेंडिंग कमेटी की अनुशंसाओं का अनुमोदन कराया गया, जिसके अंतर्गत आई.ई.टी. परिसर में जैन शोध पीठ के भवन निर्माण के लिए पुलिस हाउसिंग बोर्ड के साथ एक एम.ओ.यू. करने का निर्णय लिया गया।

## सीएचएल केयर अस्पताल का पंजीयन होगा निरस्त

**इंदौर।** इंदौर के सीएचएल केयर अस्पताल का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान कई कमियां मिलीं। इन्हें आधार बनाते हुए पंजीयन निरस्त करने का नोटिस जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ओपीडी, इमरजेंसी विभाग, फामेर्सी विभाग, कार्डियक एवं न्यूरो सर्जरी, पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक, तथा बिल्डिंग मेंटेनेंस से संबंधित दस्तावेजों में कई कमियां पाई गईं। अधिकारियों ने इन्हें गंभीर मानते हुए अस्पताल को नोटिस जारी किया है। अस्पताल प्रबंधन को जवाब प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया जाएगा। इसके अलावा, स्कीम नंबर-54 स्थित यूनीवर्सल हॉस्पिटल एंड केयर सेंटर में भी कई अनियमितताएं पाई गईं।

### स्थानीय लोगों ने जांच की मांग उठाई

## मानपुर में कथित गौ तस्करी को लेकर चर्चाएं तेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



जिले के मानपुर क्षेत्र में कथित गौ तस्करी को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय स्तर पर यह मामला लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र के कुछ लोगों और गौ-रक्षा से जुड़े संगठनों का आरोप है कि देर रात गौवंश से भरे वाहनों की आवाजाही लंबे समय से जारी है, जिनके महाराष्ट्र की ओर जाने की बात कही जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह गतिविधि संगठित तरीके से संचालित होने की आशंका जताई जा रही है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि इस नेटवर्क को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त हो सकता है।

चचाओं में भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े बताए जा रहे धर्मेंद्र जाट का नाम भी सामने आ रहा है। हालांकि, इन आरोपों की अब तक किसी आधिकारिक एजेंसी द्वारा पुष्टि नहीं की गई है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि कथित नेटवर्क में बाहरी राज्यों के कुछ वाहन चालक और स्थानीय लोग शामिल हो सकते हैं। वहीं अवैध लेन-देन और संचालन को लेकर भी कई तरह की बातें सामने आ रही हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता की पुष्टि नहीं की गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इस प्रकार की गतिविधियां वास्तव में संचालित हो रही हैं, तो यह केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं बल्कि सामाजिक और धार्मिक संवेदनशीलता से जुड़ा विषय भी है। लोगों ने दावा किया कि क्षेत्र में गौवंश से भरे वाहनों की आवाजाही को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। गौ-रक्षा संगठनों और क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उनका कहना है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की ओर से मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रशासनिक प्रतिक्रिया के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।




## न्यूज कालम



### राठौर समाज की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी गठन पर हुआ मंथन

**खंडवा।** राठौर समाज की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष दीपक राठौर एवं सचिव महेश राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रारंभ में समाज के सभी सदस्यों के सहयोग, सहभागिता एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया गया। समाज के अमित राठौर ने बताया कि बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से वीर दुगार्दास राठौर जयंती को इस वर्ष भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर समाजजनों ने अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय करने पर भी सहमति बनी। समाजसेवी सुनील जैन नई टीम को बधाई देते हुए बताया कि इस दौरान समाज की नई युवा कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। समाजहित में कार्य करने वाले सक्रिय एवं जिम्मेदार युवाओं को संगठन में अवसर देने तथा नई ऊर्जा के साथ समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।बैठक में सामाजिक गतिविधियों को गति देने, युवाओं को समाज से जोड़ने तथा आपसी समन्वय बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित समाजजनों ने एकजुट होकर समाज की परंपरा, गौरव और संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही।

### किसानों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना जाएगा

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निदेर्शानुसार एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मार्गदर्शन में एवं भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात का कार्यक्रम 31 मई रविवार को सुबह 11 बजे नीमच जिले में प्रत्येक पंचायत पर, बूथ पर 100 से अधिक गांवो में किसानों के साथ सुना और देखा जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार यह वर्ष यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में नवाचार , अनुसंधान, प्राकृतिक खेती एवं सफल किसानों के बारे में विस्तृत चर्चा करेंगे। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा दी गई।

### कांग्रेस में नया जोश फूंकने नीमच आ रहे हैं जीतू पटवारी व दिग्गज नेता

**नीमच।** संगठन को जमीनी स्तर पर नई मजबूती और ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी २ और ३ जून को नीमच जिला कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होने जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की जानकारी देते हुए संगठन की विचारधारा को मजबूत बनाने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आवासीय शिविर के माध्यम से पार्टी के मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष को संगठन की रीति-नीति और आगामी कार्ययोजनाओं से रूबरू कराया जाएगा, ताकि सभी कार्यकर्ता एक नई ऊर्जा और मजबूत संकल्प के साथ मैदान में उतर सकें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया की ?इस ऐतिहासिक और रणनीतिक प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, प्रदेश संगठन मंत्री संजय कामले और प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी सहित पार्टी के कई अन्य शीर्ष और वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। ये सभी राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक मार्गदर्शक अलग-अलग सत्रों में उपस्थित रहकर कार्यकताओं को संबोधित करेंगे और संगठनात्मक कौशल तथा विचारधारा को लेकर अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन व विचार साझा करेंगे।

### धर्म संस्कार के बिना मानव जीवन अधूरा रहता है –सुप्रभ सागर जी

**नीमच** । 12साल की आयु से पहले बच्चों को धार्मिक नैतिक संस्कार का पाठ सीखाना चाहिए। धार्मिक संस्कार ही मनुष्य जीवन को आदर्श बनाते हैं।धर्म संस्कार के बिना मानव जीवन अधूरा रहता है।यह बात सुप्रभ सागर जी महाराज ने कहीं ।वे दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धर्म सभा में बोल रहे थे ।उन्होंने कहा कि देवगुरु धर्म शास्त्र के चरणों में समर्पित भाव से धर्म ध्यान के प्रति सजग रहना चाहिए तभी जीवन का कल्याण हो सकता है। जो भी संसार लोक में आया है उसे एक न एक दिन मृत्यु तो आना ही है इसलिए सदैव पुण्य कर्म करते रहना चाहिए। संसार में धन मनुष्य का यौवन आयु और समय का कोई भरोसा नहीं हुआ सांसारिक भौतिक सुखों की प्राप्ति में मनुष्य विभिन्न कष्ट को उठाता है। बच्चों का जन्म होता है वह पढ़ाई करता है फिर विवाह होता है फिर बच्चे होते हैं फिर विवाह होता है इस प्रकार मनुष्य जन्म मृत्यु के चक्कर में निरंतर चलता रहता है।धर्म सभा में मुनी वैराग्य सागर जी महाराज ने कहा कि साधना सदैव एकांत में करना चाहिए इससे एकाग्रता प्राप्त होती है। इससे आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। मनुष्य जीवन में सदैव नकारात्मक विचार को छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए।

### पीएम आवास : 20 हजार से अधिक परिवारों की पात्रता को लेकर संशय

**उज्जैन।** जिले के अंचल में पीएम आवास के लिए 20 हजार से अधिक परिवारों की पात्रता को लेकर संशय बना हुआ है। जनपद पंचायत स्तर से वेरिफायर नियुक्त हो रहे हैं, जो बताएंगे कि इनमें से कौन पात्र है कौन नहीं। वर्तमान में पीएम आवास के लिए वर्ष 2025-26 के सर्वे की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अंतिम चरणों में आते-आते इसमें बड़े स्तर पर संशय की स्थिति भी बनने लगी है। दरअसल आने वाले वक्त में अंचल के वे कौन से पात्र परिवार हैं, जिन्हें योजना का लाभ दिया जाना चाहिए? इसके लिए तय प्रक्रिया के तहत सबसे ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सहायक व सचिव ने सर्वे कर अपनी-अपनी सूची सौंपी है। इन सभी सूची में इन्होंने कुल 84,271 परिवारों को योजना के लिए पात्र करार दिया है। क्या यह वास्तव में पात्र है? इसकी पुष्टि करने के लिए विभाग ने जनपद स्तर के उपयंत्री, समन्वयक व सहायक अधिकारी को चेकर नियुक्त कर क्रास वेरिफिकेशन करवाया।

# सीएमडी नरेश सिंह ने कहा- स्वस्थ मानव संसाधन संगठन की सबसे बड़ी पूंजी

## नेपा लिमिटेड में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यशाला और शपथ ग्रहण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यशाला और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह ने कहा कि स्वस्थ मानव संसाधन किसी भी संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा समाज में नशामुक्ति और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया।

जिला तंबाकू नियंत्रण समिति के विषय विशेषज्ञ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि तंबाकू और धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर, मुख कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और अनेक गैर-संचारी रोगों का प्रमुख कारण है। तंबाकू में मौजूद निकोटिन अत्यधिक व्यसनी तत्व है, जो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से निर्भर बना देता है। उन्होंने तंबाकू त्याग के वैज्ञानिक उपायों, परामर्श सेवाओं और परिवार एवं कार्यस्थल की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. भरत चौधरी ने तंबाकू नियंत्रण से जुड़ी राष्ट्रीय नीतियों, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम व्यवहार परिवर्तन संचार, जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम में तंबाकू नियंत्रण की भूमिका पर प्रस्तुति दी। उन्होंने तंबाकू मुक्त कार्यस्थलों के निर्माण के लिए संस्थागत सहभागिता और जनजागरूकता को जरूरी बताया।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में टीबी मुक्त भारत अभियान 2025-26 और विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में यह संवादात्मक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने तथा समाज में जनजागरूकता प्रसारित करने की शपथ ली। प्रबंधक वित्त संजीव कानडे, उप प्रबंधक वाणिज्य सुनील कुमार कुलथे, अनिल कुमार अहीरे, दीपक सिंह ठाकुर, संतोष दुबे, ए.पी. शुक्ला, नीलेश पाटिल, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, पवन पवार, आदित्य तिवारी, मणिलाल पाटिल, ईशान व्यास, मीना श्रीवास्तव, प्रतीक गणेचर, सपना दुबे, निशा प्रजापति सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वामीनारायण मंदिर में पूर्णिमा पर 1001 लीटर दुग्धाभिषेक और 1000 किलो फलों का फलोत्सव

## महाअभिषेक, राजोपचार और कथा वाचन के साथ मनेगा पर्व

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



सीलमपुरा स्थित 200 वर्ष प्राचीन श्री स्वामीनारायण मंदिर में रविवार 31 मई को पूर्णिमा पर्व पर भगवान लक्ष्मी नारायण देव और हरिकृष्ण महाराज का भव्य दिव्य अभिषेक और पूजन होगा।

मंदिर में 1001 लीटर दूध, विभिन्न फलों के रस, शर्करा और सुगंधित द्रव्यों से भगवान का महाअभिषेक किया जाएगा। साथ ही 51 किलो पुष्पों से विशेष राजोपचार और 1000 किलो फलों से भव्य फलोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है और देश-विदेश से आने वाले हरिभक्तों के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

महंत कोठारी पी.पी. स्वामी ने बताया कि पूर्णिमा भगवान लक्ष्मी नारायण देव की विशेष आराधना का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धापूर्वक पूनम भरने वाले भक्तों की मनोकामनाएं भगवान पूर्ण करते हैं। श्रद्धालु शक्कर, नारियल, फल और दक्षिणा अर्पित कर सुख, समृद्धि और वैभव की कामना करेंगे।

व्यासपीठ से शास्त्री चिंतनप्रियदासजी स्वामी ने श्रद्धा और सत्संग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान की इच्छा से ही मनुष्य की इच्छा पूर्ण होती है। जिस तरह किसान बीज बोकर धैर्य से फसल की प्रतीक्षा करता है, उसी तरह भक्त को श्रद्धा और धैर्य से भगवान पर विश्वास रखना चाहिए। शास्त्रों में श्रद्धा को भक्ति की जड़ कहा गया है और बिना श्रद्धा के आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं। नियमित सत्संग, शास्त्र अध्ययन और भगवान को समय देने से श्रद्धा बढ़ती है।

कथा के दौरान गुणातीतानंद स्वामी के बुरहानपुर प्रवास का भी जिक्र हुआ। बताया गया कि भगवान स्वामीनारायण की आज्ञा से वे तीन माह तक बुरहानपुर रहे और सत्संग का विस्तार किया। साधु जीवन में महिलाओं से दूरी की परंपरा के बावजूद भगवान की आज्ञा मानकर उन्होंने महिलाओं के बीच सत्संग स्थापित किया। उसी परंपरा से आज बुरहानपुर में महिलाओं का स्वतंत्र सत्संग संचालित हो रहा है।

मध्यप्रदेश में स्वामीनारायण संप्रदाय का यह एकमात्र स्थान है जहां महिलाओं के लिए पृथक मंदिर स्थापित है। यह मंदिर आध्यात्मिक जीवन अपनाने वाली बहनों और वृद्ध महिलाओं को समर्पित है। यहां केवल महिलाओं को प्रवेश मिलता है और वे स्वतंत्र रूप से भक्ति, सत्संग और धार्मिक गतिविधियों में भाग लेती हैं। पूर्णिमा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# गर्मी में प्यासे परिंदों के लिए जनजाग्रति संस्था ने बांटे सकोरे



## मूक प्राणियों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

भीषण गर्मी में उड़ते मूक परिंदों को पानी मिल सके, इसके लिए जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर ने अपने सदस्यों के घरों पर सकोरे वितरित किए। संस्था के सदस्य अब अपने-अपने घरों की छतों पर इन सकोरों में पानी रखकर पक्षियों की प्यास बुझा रहे हैं। संस्था के संरक्षक और संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि मानव तो अपनी बुद्धि से पानी की व्यवस्था कर लेता है, लेकिन उड़ते आजाद परिंदे पानी के अभाव में दम तोड़ देते हैं। कई बार देखा गया है कि पानी न मिलने से पक्षियों ने जान गंवाई है।

मूक प्राणियों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। संस्था अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने कहा कि जनजाग्रति संस्था ऐसे ही जनहित के कार्यक्रम आयोजित कर मानव और मूक प्राणियों दोनों को लाभ पहुंचाने का प्रयास करती है। पक्षियों के लिए जल व्यवस्था इसी दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य शोभा चौधरी, कैलाश अग्रवाल, मनोज तीर्थानि, आर.एस. ठाकुर, रविंद्र महाजन, अरुण जोशी, देवचंद शर्मा, रजनी गट्टानी, विवेक हकीम सहित सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अपने घरों की छतों पर सकोरों में पानी रखा।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर मासिक धर्म के अनुकूल दुनिया के लिए एक जुट हो

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन गत दिवस 28 मई को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय बड़वानी में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बड़वानी एवं सिविल सर्जन बड़वानी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी के एन.सी.सी प्रभारी डॉ. एम.एस. मोरे एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय बड़वानी की प्राचार्य डॉ. कविता भदोरियां, चिकित्सा अधिकारी, डॉ.सोनिया सोलंकी, जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक राधेश्याम जमरे, डॉ. लखन गांगले, काउन्सलर सुनिता चौहान आदि ने सहभागिता दर्ज की।

डॉ. सोनिया सोलंकी चिकित्सा अधिकारी द्वारा किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना, नियमित रूप से सेनेटरी पैड बदलना, हाथों की सफाई रखना, इस्तेमाल किए गये पैड का सुरक्षित निपटान करना, माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, बीमारी नहीं तथा संतुलित आहार एवं पर्याप्त पानी के सेवन के संबंध में जानकारी दी गई तथा किशोरियां में माहवारी संबंधित भ्रांतियों को दूर करना, स्वस्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूता बढाना, उन्हें स्वास्थ्य एवं सुरक्षित जीवन शैली अपनाने के लिय प्रेरित किया गया है।

सुनिता चौहान आरकेएसके काउन्सलर द्वारा माहवारी जीवन चक्र के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। किशोरियों को ना सिर्फ स्वच्छता को लेकर बल्कि माहवारी से जुडी भ्रांतियों से भी जागरूक कराया गया। माहवारी को कलंक न मानकर प्राकृतिक प्रक्रिया की तरह व्यवहार कर उससे जुडी समस्याओं को खुलकर परिवार के बड़ो, विशेषज्ञो जैसे ही नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध काउन्सलरों से चर्चा करने एवं सुझाव लेने को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम को ग्रामीण, शहरी, उप स्वास्थ्य केन्द्र, चिकित्सालय, विद्यालय एवं महाविद्यालय आदि सभी स्तरों पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया एवं जिला स्वास्थ्य समिति, आरके एसके, आरबी एसके, विभिन्न एनजीओं, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग आदि समस्त संस्थाओं ने दिवस के प्रसंग अनुरूप एक जूट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# कथक नृत्य समारोह जैसे कार्यक्रम बार बार होना चाहिए- सांसद पटेल

## कथक की प्रस्तुति से बालिकाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बडवानी



विगत रात्रि में संपन्न हुवे कथक नृत्य समारोह की प्रशंसा करते हुवे सभी अतिथियो ने कहा बालिकाओं का कथक नृत्य अदभुत था,केवल पांच दिनों की कार्यशाला में सिख कर सुंदर नृत्य से बालिकाओं ने दर्शकों के मन को मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने व्यस्त कार्यक्रम होने से मोबाइल से अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के विशेष अथिति के रूप में पूर्व मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, विधायक श्री राजन मंडलोई, पुलिस अधीक्षक श्री पदम विलोचन शुक्ल, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्री करण सिंह दरबार, डॉ रश्मि पाटीदार ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से कथक नृत्य का भव्य शुभारंभ किया।

समारोह में अंतर्राष्ट्रीय कथक कलाकार गौरी देशमुख एवं उनकी शिष्याओं का शिल्ड भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही कक्षा 12वी तथा कक्षा 10वी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में स्थान बनाने वाली बालिका ओमामा मंसूरी तथा महक गोले का सम्मान भी अतिथियों द्वारा मंच पर किया गया। इसके बाद नन्ही - नन्हीं बालिकाओं द्वारा जब मंच पर पहली प्रस्तुति प्रारंभ की तो पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, हर कोई बोल उठा वाह क्या नृत्य किया है, केवल पांच दिनों की कार्यशाला में गोरी देशमुख ने अपने प्रशिक्षण से जैसे उनके पैरों में जान डाल दी हो। कथक कला केंद्र खरगोन की बालिकाओं द्वारा नर्मदा अष्टक पर सुंदर प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।गोरी देशमुख द्वारा क्लासिकल तराना पर अपनी दो प्रस्तुति दी, जिसमें उपस्थित सभी कलाप्रेमियों द्वारा सराहना की गई। अंत में समरकैंप में भाग लेने वाली बालिकाओं को जनजातीय कार्य विभाग एवं स्पीक मैके संस्था द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इस समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों के अतिरिक्त बालिकाओं के परिवारजन के साथ विशेष रूप से कलाप्रेमी उपस्थित थे ।

# जिला चिकित्सालय परिसर में पुरातात्विक माता मूर्ति की विधिवत स्थापना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जागृत हिंदू मंच के तत्वावधान में बड़वानी जिला चिकित्सालय परिसर में वर्षों से उपेक्षित पड़ी पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक माता की मूर्ति को सम्मानपूर्वक नए स्थान पर स्थापित किया गया। यह मूर्ति उमराव सिंह प्राइवेट वार्ड के पास स्थित छोटे गार्डन में रखी हुई थी, जहां उचित व्यवस्था एवं नियमित पूजा-पाठ के अभाव में इसकी अवहेलना हो रही थी।

श्रद्धालुओं की भावना को ध्यान में रखते हुए जागृत हिंदू मंच के कार्यकर्ताओं ने मूर्ति को विधिवत स्थानांतरित कर 16 पलंग वार्ड के सामने पीपल के पेड़ के नीचे अस्थाई रूप से स्थापित किया। स्थापना के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं चोला अभिषेक किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों ने भी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक संदीप सोनाने, दीपक जैमन, विजय निकुम, राजेश राठौड़, मोनू गोले सहित अनेक धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। वहीं चोला अभिषेक एवं श्रृंगार रूद्र पंडित, यशवंत कूमावत एवं भगवती प्रसाद सोनी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मिथुन यादव, कमल पारगीर, चंदन शर्मा पेंटर, नीरज शर्मा, रेयांश सोनी, संदीप सोनोने सहित अन्य श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। जागृत हिंदू मंच ने प्रशासन से मांग की है कि इस ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व की माता मूर्ति के लिए स्थायी मंदिर अथवा चबूतरे का निर्माण कराया जाए, जिससे नियमित सेवा-पूजा एवं संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

# जनपद पंचायत खण्डवा में विधायक कंचन तनवे ने ली समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा

हमारी केंद्र और प्रदेश की सरकार द्वारा जनता के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जन-जन को योजनाओं का लाभ पहुंचा जा रहा है। चल रहे विकास कार्य गुणवत्ता अच्छी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में हो ताकि इसका लाभ क्षेत्र वासियों को मिल सके। यह बात खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंवे ने पंचायत में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहीं। विधायक कंचन तनवे ने कहा कि भीषण गर्मी का दौर चल रहा है ऐसे समय प्रत्येक गांव पर अधिकारी नजर रखें की कोई जल की समस्या तो नहीं है,यदि गांव में जल की समस्या हो तो उसका तुरंत निराकरण करें। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से कोई हितग्राही वंचित रह गया है तो उसका लाभ उसे दिलाने में सहयोग प्रदान करे। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जनपद पंचायत खण्डवा में शुक्रवार को खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंनवे के मुख्य अथित्य में सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विधायक कंचन मुकेश तनवे ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व), कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग (क्कङ्ख्र) सहित अन्य विभागों की प्रगति पर चर्चा की गई। विधायक श्रीमती तन्वे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, सड़क निर्माण, खाद्यान्न वितरण एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। सुनील जैन ने बताया कि बैठक में विधायक कंचन मुकेश तनवे, अनूप पटेल, अपर कलेक्टर और खंडवा प्रभारी जनपद सीईओ निकिता मंडलोई एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर विगत दिवस को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था।कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाताओं द्वारा माहवारी से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को माहवारी क्या है, माहवारी पूर्व होने वाले लक्षण, मासिक धर्म के दौरान उचित पोषण, स्वच्छता एवं नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में समझाया गया। साथ ही मासिक धर्म विकारों के कारण एवं उनके उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। जागरूकता सत्र में माहवारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों एवं मिथकों पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया गया।

## न्यूज -कॉलम

### फेसबुक पर दोस्ती, शादी का झांसा और दुष्कर्म, 10 वर्ष का कारावास

**उज्जैन।** महिलाओं के विरुद्ध गंभीर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के तहत थाना बड़नगर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर स्वयं को अविवाहित बताने तथा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 3 अप्रैल 2022 को थाना बड़नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने फेसबुक के माध्यम से उससे संपर्क किया और स्वयं को अविवाहित बताकर दोस्ती की। इसके बाद आरोपी ने शादी का आश्वासन देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता को वास्तविकता का पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की शिकायत पर थाना बड़नगर में अपराध क्रमांक 168/2022 दर्ज किया गया। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 366, 376, 376(2)(एन) और 506 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई।विवेचना के दौरान पुलिस ने 21 जून 2022 को आरोपी नितेश सिंह पिता अंतरसिंह, निवासी शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा**–मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने 8 मई 2026 को आरोपी नितेश सिंह को धारा 366, 376, 376(2)(एन) एवं 506 भादवि के तहत दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा अर्थदंड से दंडित किया।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**– प्रकरण में आरोपी को सजा दिलाने में थाना बड़नगर पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह गरवाल, उपनिरीक्षक आरती डावर, प्रधान आरक्षक राहुल सिंह, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे तथा आरक्षक शोभित शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

### व्हाट्सऐप लिंक पर क्लिक करते ही खाते से उड़े 1.32 लाख रुपये

**उज्जैन।** संत नगर निवासी एक व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात साइबर ठग ने व्हाट्सऐप पर एक लिंक और एपीके (क्क्र) फाइल भेजकर उसके बैंक खाते से 1 लाख 32 हजार रुपये निकाल लिए। घटना 24 मई को हुई थी, लेकिन पीड़ित को इसकी जानकारी पांच दिन बाद खाते की जांच करने पर मिली। इसके बाद शुक्रवार को माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार संत नगर निवासी रूपकिशोर गुप्ता के मोबाइल पर 24 मई की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का संदेश आया था। संदेश में एक लिंक और एपीके फाइल भेजी गई थी। रूपकिशोर ने लिंक पर क्लिक किया तो सामने वाले व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड की जानकारी अपडेट करने की बात कही। पीड़ित के अनुसार लिंक पर क्लिक करने और निर्देशों का पालन करने के बाद उनके खाते से 1 लाख 32 हजार रुपये निकाल लिए गए। हालांकि उन्हें तत्काल इसकी जानकारी नहीं लगी। शुक्रवार को बैंक खाते की जांच करने पर राशि गायब होने का पता चला। घटना की जानकारी मिलने के बाद रूपकिशोर गुप्ता ने माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी की आशंका जताई जा रही है और पुलिस आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाई गई

**उज्जैन।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रदेश में चल रही भीषण गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश अब 01 मई 2026 से 07 जून 2026 तक रहेगा। यह अवकाश केवल शिक्षकों के लिए लागू है। शेष अवकाश जैसे दशहरा, दीपावली एवं शीतकालीन अवकाश पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के अनेक जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है। शिक्षक ग्रीष्मकालीन अवधि में जनगणना एवं बोर्ड परीक्षाओं संबंधी कार्य कर रहे थे। उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह संशोधन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रभावी है।

### एनसीसी कैडेट्स का 07 दिवसीय आपदा प्रशिक्षण संपन्न

**उज्जैन।** जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड श्री संतोष कुमार जाट ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत जिले में संचालित युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत 800 आपदा मित्र प्रशिक्षित कर विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत आपदा मित्र योजना का तृतीय सत्र विगत 19 मई से 26 मई तक आलोक इंटरनेशनल स्कूल में संचालित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 144-9 | | 780-5 |
| मेन बाजार | | | |
| कल्याण नाइट | | | |
| मिलन डे | 188-7 | | 159-5 |
| मिलन नाइट | 135-9 | | 459-8 |
| मधुर डे | 500-5 | | 230-5 |
| मधुर नाइट | 145-0 | | 679-2 |
| शुभांक | 1 | 3 | 7 |

# कालेज प्रबंधन की लापरवाही के कारण माधव महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राएं नहीं दे पाए परीक्षा

## कॉलेज प्रशासन पर परीक्षा की सूचना नहीं देने का आरोप, 10 विद्यार्थियों का भविष्य अधर में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के माधव महाविद्यालय (आर्ट्स एवं कॉमर्स) में प्राचार्य और कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि कालेज के 10 छात्र-छात्राओं को 29 मई को आयोजित ड्राइंग एवं पेंटिंग की परीक्षा की जानकारी समय पर नहीं दी गई, जिसके कारण वे परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। छात्र-छात्राओं का कहना है कि कॉलेज की ओर से परीक्षा संबंधी कोई सूचना नहीं दी गई थी। परीक्षा के दिन सुबह 7:18 बजे कुछ विद्यार्थियों को प्रोफेसर का फोन आया, जिसमें परीक्षा में उपस्थित न होने का कारण पूछा गया। तब जाकर उन्हें पता चला कि उसी दिन उनकी ड्राइंग एवं पेंटिंग की परीक्षा है। **सूचना मिलते ही पहुंचे, फिर भी नहीं मिला परीक्षा के लिए प्रवेश**–विद्यार्थियों के अनुसार सूचना मिलते ही वे जल्दबाजी में कॉलेज पहुंचे, लेकिन जो छात्र-छात्राएं कॉलेज से दूर रहते थे वे सुबह 7:30 से 7:45 बजे के बीच कॉलेज पहुंचे। उनका आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया। छात्रों का कहना है कि उन्होंने प्राचार्य के समक्ष अपनी बात रखी, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई और उन्हें बिना परीक्षा दिए वापस लौटना पड़ा।

### गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा भी परीक्षा से हुई वंचित



परीक्षा से वंचित रहने वालों में गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा विभा मीणा भी शामिल हैं। जोकि इसी माधव महाविद्यालय (आर्टस एवं कॉमर्स) कालेज में एम ए फर्स्ट ईयर की छात्रा है। विभा मीणा को पूर्व में राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वह भी कॉलेज की नियमित छात्रा होने के बावजूद परीक्षा में शामिल नहीं हो सकीं।

**प्रैक्टिकल परीक्षा की सूचना भी समय पर नहीं मिलने का आरोप**–छात्र-छात्राओं ने बताया कि 18 मई को आयोजित प्रैक्टिकल परीक्षा की सूचना भी उन्हें अंतिम समय में मिली थी। उनका कहना है कि उन्होंने कई बार कॉलेज के प्रोफेसरों से परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें केवल इतना कहा गया कि समय आने पर सूचना दे दी जाएगी।



**कुलगुरु और कलेक्टर से की शिकायत**– परीक्षा से वंचित हुए विद्यार्थियों ने इस पूरे मामले की शिकायत विश्वविद्यालय के कुलगुरु तथा जिला कलेक्टर से की है। वही सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है छात्र-छात्राओं ने ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।

**विद्यार्थियों का कहना है कि कॉलेज –** शासन की लापरवाही के कारण उनका एक वर्ष बर्बाद होने की आशंका है और उनका भविष्य संकट में पड़ गया है।

**जांच और कार्रवाई की मांग**–अब छात्र-छात्राएं मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा विशेष अवसर देकर परीक्षा में शामिल कराने की मांग कर रहे हैं।



**प्राचार्या ने आरोपों को बताया निराधार**– मामले में कॉलेज की प्राचार्या कल्पना मैडम ने छात्र-छात्राओं के आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा का टाइम टेबल विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया जाता है और उसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है। कॉलेज ने भी वही टाइम टेबल परीक्षा से लगभग 15 दिन पहले अपने सूचना पटल पर चस्पा कर दिया था। प्राचार्या के अनुसार 29 मई की परीक्षा में लगभग 900 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने परीक्षा नहीं दी, उनकी कक्षा के अन्य विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है। कॉलेज सभी विद्यार्थियों के लिए एक समान सूचना व्यवस्था अपनाता है। उन्होंने कहा,हमें भी आश्चर्य है कि कुछ विद्यार्थियों को परीक्षा की जानकारी क्यों नहीं मिली। टाइम टेबल विश्वविद्यालय बनाता है और उसकी सूचना कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर लगा दी जाती है। व्हाट्सएप ग्रुप पर टाइम टेबल इसलिए साझा नहीं किया जाता क्योंकि कई बार उसमें बदलाव हो जाता है, जिससे भ्रम की स्थिति बन सकती है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

## मकान मालिक ने की थी छेड़छाड़, पंवासा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, मकान मालिक को उसके निवास से पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उज्जैन पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पंवासा पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के कुछ घंटों के अंदर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

घर में घुसकर की अशोभनीय हरकत

पुलिस के अनुसार 29 मई 2026 को एक नाबालिग बालिका अपने माता-पिता के साथ थाना पंवासा पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। बालिका ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे उसके पिता काम पर गए हुए थे तथा माता घर से बाहर थीं। उस दौरान वह अपने छोटे भाई के साथ घर में सो रही थी। इसी बीच मकान मालिक अमन मालवीय घर में घुस गया और बालिका के साथ अश्लील हरकत करने लगा। बालिका और उसके भाई द्वारा शोर मचाने पर उसकी माता मौके पर पहुंच गई, जिन्हें देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। बाद में बालिका ने पूरी घटना अपने माता-पिता को बताई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

**गंभीरता को देखते हुए बनाई गई विशेष टीम**–मामला नाबालिग बालिका से जुड़ा होने के कारण थाना पंवासा पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। उनके निर्देशन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

### मुखबिर तंत्र की मदद से गिरफ्तारी

गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी अमन हिरवे पिता रंजीत हिरवे (26 वर्ष), निवासी अमृत नगर, पंवासा, मक्सी रोड, उज्जैन को उसके निवास क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया की गई।

### इन पुलिसकर्मियों की रही महत्वपूर्ण भूमिका

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गमर सिंह मण्डलोई, सहायक उपनिरीक्षक सावित्री कटारा, प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला तथा महिला आरक्षक शिवकन्या की सराहनीय भूमिका रही। उज्जैन पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े किसी भी अपराध, संदिग्ध गतिविधि अथवा घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# खेत में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

## ग्राम पिपलिया डाबी का मामला, एफएसएल और डॉग स्क्वॉड जांच में जुटी

**उज्जैन।** जिले के उन्हेल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलिया डाबी में शनिवार सुबह एक युवक का शव उसके खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय भारत सिंह पिता भगवान सिंह, निवासी पिपलिया डाबी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए।

**पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण**– सूचना मिलने पर उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नागदा सीएसपी विक्रम अहिरवार को सूचना दी गई, जिसके बाद उन्होंने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। आईपीएस प्रशिक्षु काजल सिंह भी मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया।


**एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड ने जुटाए साक्ष्य**– घटनास्थल की परिस्थितियां संदिग्ध होने के कारण पुलिस ने उज्जैन से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया। एफएसएल टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए, जबकि डॉग स्क्वॉड ने आसपास के क्षेत्र में सुराग तलाशने का प्रयास किया।

**हत्या की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**– सीएसपी विक्रम अहिरवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात आरोपियों ने युवक की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। सीएसपी अहिरवार के अनुसार पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है

# पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गृह मंत्रालय भारत सरकार के नशामुक्त भारत ड्रग फ्री इंडिया नशे को ना कहें अभियान के तहत शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में नारकोटिक्स विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) आलोक शर्मा और सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी नीरज कुशवाह ने जिले के 27 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में मादक पदार्थों से जुड़े अपराधों के विश्लेषण, पिछले 10 वर्षों के अपराधियों की पहचान, आदतन तस्करों की निगरानी, हिस्ट्रीशीट तैयार करने तथा मोबाइल, सोशल मीडिया और डिजिटल डेटा के विश्लेषण संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों के समन्वय से सप्लाई चेन और प्रभावित क्षेत्रों की पहचान पर जोर दिया गया। दूसरे चरण में चिन्हित तस्करों और बिचौलियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की रणनीति बताई गई। तीसरे चरण में नशामुक्ति, जनजागरूकता अभियान, पुनर्वास केंद्रों के भ्रमण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत वैधानिक प्रक्रिया, विवेचना में बरती जाने वाली सावधानियां, अभियोजन संबंधी प्रावधानों तथा पीआईटी-एनडीपीएस और सेफेमा के अंतर्गत कार्रवाई की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में चर्चित मामलों की केस स्टडी के माध्यम से अनुसंधान की गुणवत्ता और प्रभावी अभियोजन पर भी मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण, अपराधियों की निगरानी को मजबूत करना तथा एनडीपीएस प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना और अभियोजन सुनिश्चित करना है।


## Name Change Notice

It is hereby informed to the general Public that my former name was Swatantra Vyas. I have change my name from Swatantra Vyas to Swatantra Kumar Pathak. I shall be known and addressed by the name Swatantra Kumar Pathak.

**Swatantra Kumar Pathak**
**R/o-32, Abhishek Nagar Ujjain**

## सौदा निरस्तीकरण जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 491, 495, 493, 490, 420, 494, 489, 488, 421, 422, 427, 495, 487, 485, 484/2, 484/1, 502, 500, 501, 513/2, 435, 503, 504/1, 437, 436, 805,506,481/1, 482/1, 482/2, 432, 433, 434, 436/1, 444, 480/2, 480/1, 479, 478, 471, 476, 475, 475/656, 509, 511/1, 511/2, 508/1, 508/2, 471, 474/2, 474/1, 472, 25/656, 454, 12/1/2, 25 कुल किता 30.80 हे. लगभग 100 बीघा कृषि भूमि जो कि ग्राम बड़गांव तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उपरोक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का सौदा मेरे पक्षकारगण ने क्रेता असीम वैध्य पिता श्री देवेन्द्र वैध्य, निवासी-59, एफ.बी. स्कीम नंबर 94, इंदौर म.प्र. से दिनांक 13/11/2025 को किया जाकर बयाना राशि प्राप्त कर विक्रय अनुबंध पत्र का संपादन करवाया गया था तथा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र क्रेता के द्वारा स्वयं के हित में निष्पादित करवाया जाना था लेकिन क्रेता एवं विक्रेतागण के द्वारा आपसी सहमति से उपरोक्त कृषि भूमि का सौदा निरस्त करते हुए उक्त विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 30/06/2026 को निरस्त कर दिया गया है तथा बयाना पेटे दी गई राशि भी क्रेता के द्वारा विक्रेतागण से वापस प्राप्त कर ली गई है। अब मेरे पक्षकारगण अपनी उपरोक्त कृषि भूमि किसी अन्य को विक्रय करने हेतु पूर्ण रूप से स्वतंत्र होकर बंधनकारी नहीं है। सो सूचित हो। इति दिनांक 30/05/2026

**कमलेश अहिरवार, एडवोकेट**
**कार्यालय-कोर्ट परिसर, उज्जैन**
**मो. 882773988**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने नरेन्द्रसिंह पिता श्री विक्रमसिंह जाति-राजपुत निवासी ग्राम पिपल्याबिछा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) कृषक-ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवग आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-1231/2 रकबा 0.62 हैक्टर में से रकबा 0.31 हैक्टर जो कि पश्चिम दिशा वाली लगानी बरूऐट स्थित ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का अनुबन्ध किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो ।

दिनांक-30.05.2026


**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाइडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो. 98268.87494**

## सार्वजनिक सूचना

इस घोषणा के अनुसार, जिन मरीज़ों के हिस्टोपैथोलॉजी सैंपल 2014 और 2019 के बीच इंदौर में संपूर्ण सोडानी डायग्नोस्टिक्स क्लिनिक (अ यूनिट ऑफ़ सोडानी हॉस्पिटल्स एंड डायग्नोस्टिक्स प्र. लि.) में प्रोसेस किए गए थे, उनसे अनुरोध है कि वह संपूर्ण सोडानी डायग्नोस्टिक्स क्लिनिक (अ यूनिट ऑफ़ सोडानी हॉस्पिटल्स एंड डायग्नोस्टिक्स प्र. लि.), इंदौर से सार्वजनिक सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपने पैराफिन ब्लॉक और स्लाइड ले लें। इस पब्लिक नोटिस के 30 दिनों के बाद, सभी बिना क्लेम किए गए पैराफिन ब्लॉक और स्लाइड NABH नियमों, लैब पॉलिसी और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के अनुसार नष्ट कर दिए जाएंगे। कलेक्शन के प्रोसेस को कन्फर्म करने के लिए तुरंत लैब से कॉन्टैक्ट करने की सलाह दी जाती है, इस पब्लिक नोटिस के बाद, मरीज़ों के हिस्टोपैथोलॉजी पैराफिन ब्लॉक और स्लाइड्स से जुड़े कोई भी कम्युनिकेशन मेरे क्लाइंट के लिए मेडिको लीगल मकसद से मान्य नहीं होगा।

**मुख्य कार्यालय का पता: संपूर्ण सोडानी डायग्नोस्टिक्स क्लिनिक, एलजी 1 मोरिया सेंटर, 16/1, रेस कोर्स रोड, जंजीरवाला स्क्वायर के पास, बीबीसी के सामने, इंदौर, मध्य प्रदेश 452003, फ़ोन +91 9617770150 (0731-4766222)**
**प्रयोगशाला प्रभारी के आदेशानुसार**

# ऊर्जा को साधना सीखें



यह सबके साथ घटित हो रहा है। अपने जीवन को देखें; दस या बारह वर्ष की अवस्था में आप शारीरिक और मानसिक रूप से कितने लचीले थे? बीस साल की उम्र में लचीलेपन में बहुत कमी हुई और तीस तक लचीलापन बहुत हद तक जा चुका है। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, शारीरिक ही नहीं, मानसिक जकड़न भी आपको बुरी तरह पकड़ लेती है। यह कोई क्रमिक विकास नहीं है। यह धीरे-धीरे पीछे हटना है। अधिकांश लोगों के लिए जीवन मात्र पीछे हटना है। वे आगे नहीं बढ़ रहे हैं, वे पीछे की ओर जा रहे हैं। जो भी पैदाइशी पूंजी आपके पास थी, उसे आपने बढ़ाया नहीं, बल्कि और कम किया है।

मार्ग वाकई बहुत आसान है, लेकिन आपके व्यक्तित्व के कारण बेहद जटिल हो गया है। आध्यात्मिक-मार्ग पर हम जिन जटिलताओं का सामना करते हैं, वे मार्ग के कारण नहीं होतीं। ये जटिलताएं मात्र उस गंदगी के कारण हैं, जिसे हम मन कहते हैं। आपके भीतर कुछ भी सरकता नहीं। एक मृत शरीर की तरह आप जड़ हो जाते हैं। मन की सनक को शांत करने के लिए आपको गुरु-कृपा की जरूरत है।

आपने अपनी ऊर्जा को दबा रखा है। आपके मन ने जीवन को इतना दबाकर रखा है कि उसमें कोई प्रवाह ही नहीं रह गया है। सिर्फ उतना ही घटता है, जितना अहं को सहारा देने के लिए आवश्यक है। आपके अंदर ऊर्जा की गति केवल वहीं तक है, जितना आपके अहं के लिए सुविधाजनक है; अगर ऊर्जा थोड़ी सी अधिक हो जाए, तो अहं विस्फोट कर जाता है। जैसे ही आपके भीतर ऊर्जा उमड़ पड़ती है, सब कुछ विसर्जित हो जाता है। अहं यह जानता है। इसीलिए वह इसे दबाकर रखता है।

यह उतनी ही ऊर्जा को स्वीकार करता है, जितनी इसे मजबूत बनाती है और पोषित करती है। अगर ऊर्जा बहुत अधिक हो जाए, तो अहं चूर-चूर हो जाएगा। यदि कुंडलिनी जाग्रत होने लगे, तब सब कुछ नष्ट हो जाएगा। आपकी अपनी कोई इच्छा नहीं रह जाएगी। चूंकि आप अपनी इच्छा को समर्पित करने के लिए राजी नहीं हैं; इसीलिए इस साधना के जरिये आपकी ऊर्जा को उकसाने के लिए हम आपको धक्का दे रहे हैं। इसीलिए आसन और क्रिया के मार्ग बने हैं। चूंकि आप खुद इसे करने में समर्थ नहीं हैं, इसलिए एक निश्चित तरीके से सृष्टि सक्रिय की जा सकती है। जब यह जाग्रत हो जाती है, तब हर चीज को व्यवस्थित कर देती है। यह एक बाढ़ की तरह है; आपकी सदियों पुरानी दुनिया कुछ घंटों के आवेग से बह जाती है।

इसलिए आपकी साधना कहीं पहुंचने के लिए नहीं है। यह मात्र एक तरीका है, बाढ़ लाने की विधि है। ऐसी भीषण बाढ़, जो आपकी तुच्छ रचनाओं को मिटाकर आपको वैसा बना दे, जैसा सृष्टा ने बनाना चाहा था।

सम्पादकीय

## क्रिकेट का वैभव

उम्र में क्या रखा है, प्रदर्शन देखिए। छक्के देखिए, स्ट्राइक रेट और रन देखिए। महज 15 वर्षीय क्रिकेटर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बड़े-बड़ों के रिकॉर्ड को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। आईपीएल के एक सत्र में अब तक 65 छक्के मारने का जो रिकॉर्ड वैभव ने खड़ा किया है, वह इस देश में न जाने कितने बच्चों और युवाओं को प्रेरित करेगा। दुनिया अचंभित है, भारत में ऐसे सुपर-बल्लेबाज पैदा हो रहे हैं कि जिन्हें रोकना कठिन है। वैभव की यह खासियत देखी गई है कि उनमें दिग्गज गेंदबाजों को लेकर कोई दहशत नहीं है। मैदान पर ऐसे अनेक खतरनाक माने गए गेंदबाज हैं, जिनका स्वागत वैभव ने आईपीएल 2026 में छक्के मारकर किया है। वैभव की निडरता उन्हें अलग श्रेणी के बल्लेबाज के रूप में स्थापित कर रही है। दुनिया में किसी भी टी-20 टूनार्मेंट में किसी भी बल्लेबाज ने इतने छक्के नहीं लगाए हैं। आज से 14 साल पहले आईपीएल 2012 में तूफानी बल्लेबाज क्रिस गेल ने 59 छक्कों के साथ रिकॉर्ड खड़ा किया था। इतने छक्कों के लिए उन्होंने 456 गेंदें ली थीं, जबकि वैभव ने महज 266 गेंदें ली हैं। अभी यह टूनार्मेंट खत्म नहीं हुआ है। वह और दो मैच खेल सकते हैं। उसके बाद ही दुनिया में छक्कों का एक गगनचुंबी रिकॉर्ड स्थापित होगा।

खैर, वैभव के लिए यह शुरूआत भर है। बुधवार के मैच में हैदराबाद की टीम के खिलाफ दो ऐसे रिकॉर्ड हैं, जो वह तोड़ सकते थे, पर नहीं तोड़ पाए। एक तो 16 गेंदों में 50 रन तक पहुंचकर सुरेश रैना से बराबरी तो हुई, पर रिकॉर्ड टूट न पाया। दूसरा, 97 रन बनाकर वह 29वीं गेंद पर आउट हो गए, अगर इस गेंद पर चौका लग गया होता, तो सबसे कम 30 गेंदों में शतक बनाने का क्रिस गेल का रिकॉर्ड भी टूट जाता। बहरहाल, सर्वाधिक स्ट्राइक रेट 242.85 का रिकॉर्ड वैभव ने बना लिया है। यह किशोर न जाने कितने रिकॉर्ड बनाते चला जा रहा है और दिग्गज क्रिकेटरों के पास भी उनकी प्रशंसा के लिए शब्द कम पड़ने लगे हैं। प्रशंसा करते हुए यह जरूर देखना चाहिए कि इस खिलाड़ी ने महज आठ वर्ष की आयु से किस कदर खुद को तपाया है? अपने बाजुओं में उसने अभ्यास से कितना बल भरा है? न जाने कितने त्याग से यह कौशल हासिल हुआ है कि मैदान के हर सिरे पर छक्के बरस रहे हैं। वाकई, फटाफट क्रिकेट ने भारतीय खेल को पूरी तरह से बदल दिया है।

31 मई 1893 भारत के

# आत्मगौरव और स्वामी विवेकानंद की ऐतिहासिक यात्रा

भारत के इतिहास में कुछ तिथियाँ केवल कैलेंडर का हिस्सा नहीं होतीं,वे राष्ट्र की चेतना में अमिट स्मृति बन जाती हैं। 31 मई 1893 ऐसी ही एक तिथि है। यह वह दिन था जब भारतभूमि का एक युवा संन्यासी,साधारण गेरुआ वेशभूषा में,सीमित संसाधनों के साथ,परंतु असीम आत्मविश्वास और अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति को अपने भीतर समेटे हुए,भारतभूमि से विश्व मंच की ओर प्रस्थान कर रहा था। वह कोई राजा नहीं था,न किसी साम्राज्य का दूत और न ही किसी राजनीतिक शक्ति का प्रतिनिधि। वह भारत की आत्मा का वाहक था। वह थे ₹स्वामी विवेकानंद।₹ उस समय भारत अंग्रेजी दासता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। चारों ओर निराशा,हीनभावना और सांस्कृतिक असुरक्षा का वातावरण था। पश्चिमी सभ्यता की चमक के सामने भारतीय समाज अपनी ही परंपराओं पर प्रश्नचिह्न लगाने लगा था।भारत की आध्यात्मिक धरोहर,उसके वेद,उपनिषद,दर्शन और सनातन संस्कृति को पिछड़ेपन का प्रतीक बताने का प्रयास किया जा रहा था।ऐसे कठिन समय में एक युवा संन्यासी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ यह घोषणा की कि भारत केवल एक भूखंड नहीं,बल्कि विश्व को दिशा देने वाली आध्यात्मिक चेतना है।



अमित राव पवार
(दैनिक अवन्तिका)

अमेरिका के शिकागों नगर में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण उनके लिए केवल एक अवसर नहीं था,बल्कि भारत की प्रतिष्ठा का प्रश्न था।'किंतु यह यात्रा किसी भी दृष्टि से सरल नहीं थी।'उनके पास पर्याप्त धन नहीं ओर न ही कोई बड़ा संगठन उनके साथ,यात्रा की व्यवस्थाएँ अनिश्चित थीं। समुद्री यात्रा लंबी और कठिन थी। फिर भी उनके भीतर एक अदृश्य शक्ति कार्य कर रही थी,अपने गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस की प्रेरणा और भारतमाता की पुकार। 31 मई 1893 की वह सुबह भारतीय इतिहास की सबसे भावनात्मक सुबहों में से एक कही जा सकती है। जब स्वामी विवेकानंद ने भारत से प्रस्थान किया,तब उनके मन में केवल एक संकल्प था-विश्व को भारत की आत्मा से परिचित कराना। कहा जाता है कि उस समय उनकी आँखों में करुणा भी थी और तेज भी। वे जानते थे कि वे किसी व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए नहीं जा रहे,बल्कि करोड़ों भारतीयों की मौन आकांक्षाओं को अपने साथ लेकर चल रहे हैं। बंदरगाह पर खड़े लोग शायद यह सोच भी नहीं सकते थे कि यह साधारण-सा दिखने वाला संन्यासी आने वाले समय में भारत के गौरव को विश्व के शिखर तक पहुँचा देगा। उस क्षण भारत की सांस्कृतिक चेतना समुद्र के रास्ते विश्व की ओर यात्रा कर रही थी। यह केवल शरीर की यात्रा नहीं थी,यह भारतीय आत्मविश्वास की यात्रा थी। यह उस सभ्यता का प्रस्थान था जिसने हजारों वर्षों से विश्व को सहिष्णुता,मानवता और आध्यात्मिकता का संदेश दिया था। स्वामीजी के पास धन की कमी थी,पर विचारों की समृद्धि अपार थी। उनके पास भौतिक साधन सीमित थे,पर आत्मबल असीम था।

स्वामी विवेकानंद की विदेश यात्रा जाने की योजना में उनके शिष्यों तथा अनेक शुभचिंतकों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। विशेष रूप से चेन्नई के भक्तों और राजस्थान के खेतड़ी राज्य के राजा अजीत सिंह जो कि स्वामी जी के परम भक्त और समर्थक थे, ने आर्थिक सहायता की। स्वामी विवेकानंद ने मुंबई से अपनी ऐतिहासिक समुद्री यात्रा प्रारंभ की वे जापान,चीन और कनाडा होते हुए अमेरिका पहुँचे किंतु विदेशी भूमि पर रहने और सम्मेलन तक पहुँचने के लिए वह एकत्रित किया गया धन पर्याप्त नहीं था। फिर भी उन्होंने कठिनाइयों को अपने मार्ग की बाधा नहीं बनने दिया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागों नगर में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लेना था। वहाँ वे भारतीय संस्कृति,सनातन धर्म और वेदांत दर्शन का प्रचार करना चाहते थे। यात्रा के दौरान वे पहले कनाडा के वेंकूवर पहुँचे। इसके बाद उन्होंने रेलमार्ग से यात्रा की और 30 जुलाई 1893 को शिकागों पहुँचे।बाद में विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए उनके प्रेरणादायक भाषण ने संपूर्ण विश्व को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता से परिचित कराया।उनके जीवन का यही सबसे बड़ा संदेश है कि जब उद्देश्य महान हो,तब अभाव भी व्यक्ति को रोक नहीं सकते। समुद्र के लंबे सफर के दौरान शायद अनेक बार उनके मन में भारत की छवि उभरती होगी,गरीब किसान,संघर्षरत युवा,दीन-हीन जनता और वह प्राचीन संस्कृति,जो अपनी असली पहचान के लिए व्याकुल थी। वे जानते थे कि यदि विश्व भारत को सम्मान देगा,तो भारत स्वयं भी अपने प्रति सम्मान अनुभव करेगा। इसलिए उनकी यात्रा केवल शिकागो तक पहुँचने की यात्रा नहीं थी,वह भारत को आत्मगौरव लौटाने की यात्रा थी।शिकागो पहुँचने के बाद भी संघर्ष समाप्त नहीं हुआ। सम्मेलन में भाग लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएँ,परिचय-पत्रों का अभाव और आर्थिक संकट उनके सामने दीवार बनकर खड़े थे। कई दिनों तक उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। (उन्हें कई दिनों तक भूखा भी रहना पड़ा) परंतु वे विचलित नहीं हुए। उनके भीतर यह अटूट विश्वास था कि वे सत्य व मानवता के संदेशवाहक हैं,और सत्य का मार्ग अंततः स्वयं बन जाता है।

वास्तव में,31 मई 1893 को आरंभ हुई वह यात्रा केवल शिकागो तक नहीं अपितु वह करोड़ों भारतीयों के हृदय तक पहुँची। उसने गुलाम भारत में आत्मविश्वास का दीप प्रज्वलित किया,युवाओं को यह विश्वास दिलाया कि भारत की संस्कृति विश्व को दिशा दे सकती है। यही कारण है कि स्वामी विवेकानंद केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं,बल्कि राष्ट्रीय चेतना के प्रेरणास्त्रोत बन गए। आज जब भारत विश्व पटल पर अपनी नई पहचान बना रहा है, तब 31 मई 1893 की वह यात्रा हमें पुनः स्मरण कराती है कि किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी आत्मा में होती है। स्वामी विवेकानंदजी ने जिस भारत का स्वप्न देखा था,वह आत्मविश्वास,संस्कारित,सहिष्णु और मानवता के लिए समर्पित भारत था। इसलिए 31 मई केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं,बल्कि भारत की आत्मा के विश्व की ओर प्रस्थान का दिवस है। यह वह क्षण था जब एक युवा संन्यासी ने समुद्र पार करते हुए भारत के गौरव को विश्व के शिखर तक पहुँचाने का संकल्प लिया और उसे पूर्ण भी किया। आज भी जब हम स्वामी विवेकानंदजी को स्मरण करते हैं,तब उनके साथ वह ऐतिहासिक यात्रा भी हमारी स्मृतियों में जीवित हो उठती है,एक ऐसी यात्रा,जिसने भारत को स्वयं अपनी शक्ति का बोध कराया।

## गर्व से कहो हम सनातनी हैं

घर के सामने वाले मंदिर पर लगे लाउडस्पीकर से 'ग्वाल-बाल सँग गैयाँ डोलें, 'जय गोपाला' सब मुख बोलें' गीत जोर-जोर से बज रहा था और पोती अपने नए फोन पर वीडियो देख रही थी। खूंटे पर बंधी मंगला ने अपनी पूंछ से एक मक्खी उड़ाई और गर्दन हिलाकर उस आसमान को देखा जो अब नीले से धुंधला सलेटी हो चुका था। चौदह साल पहले जब वह इस घर में आई थी तब बूढ़ी मां ने अपने कांपते हाथों से उसके माथे पर रोली का टीका लगाया था और उसे साक्षात लक्ष्मी का अवतार घोषित किया था। आज उसी लक्ष्मी की पीठ पर उम्र का कूबड़ निकल आया था और दूध की आखिरी बूंद तीन साल पहले ही सूख चुकी थी। ठीक वैसे ही जैसे इस घर की बूढ़ी मां की आंखों का पानी और ममता की मलाई सालों पहले सूख चुकी थी। घर के आंगन में सन्नाटा था पर वह सन्नाटा शांति का नहीं बल्कि उस सड़े हुए दफ्तर के कागज की तरह था जिस पर किसी की मौत का फरमान लिखा हो। मंगला निश्चिंत थी क्योंकि उसने सुना था कि इस देश में कुछ जीवों को काटने की सख्त मनाही है और वह तो कोई जंगली सांड या मिथुन भी नहीं थी जिसके वध पर कानून खामोश रह जाए। वह तो सीधी सादी गय्या थी जिसने इस घर के तीन बच्चों को अपनी छाती निचोड़कर पालकर बड़ा किया था।

दरवाजे पर एक बड़ी गाड़ी आकर रुकी जिसकी कर्कश आवाज सुनकर मंगला के कान खड़े हो गए। गाड़ी से उतरा आदमी खादी का कुर्ता पहने था और उसकी जेब में नोटों की गड्डी इस तरह झांक रही थी जैसे किसी अपराधी की जेब से पिस्तौल। घर के बड़े बेटे ने उसकी तरफ देखते हुए अपनी नजरें झुका लीं पर उसकी उंगलियां नोटों को गिनने के लिए मचल रही थीं। बगल के अंधेरे कमरे में खाट पर पड़ी बूढ़ी मां अपनी थरथराती हुई लाठी टेकते हुए बाहर आई और बेटे का हाथ पकड़ लिया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 31 मई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:05
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - पूर्णिमा 14:14 उपरांत एकम
नक्षत्र - अनुराधा 16:12 उपरांत ज्येष्ठा
योग - सिद्ध दिन पूर्ण उपरांत सिद्ध
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 13 तारिख
दिनांक - 23 मई 2026 शनिवार

**मेष-** जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे।

**वृषभ-** घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।

**मिथुन-** मित्रों के साथ समय अच?छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कर्क-** किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी।

**सिंह-** मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

**कन्या-** अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु-** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे।

**मकर-** यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। दूसरे के काम में दखल न दें।

**कुंभ-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे।

**मीन-** किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा।

व्यंग्य

## नौतपा आया तपाने...!

नौतपा आया हैं धरा तपाने,
सूरज खड़ा अंगारे बरसाने।
जेठ महीना 'आग' उगलता,
ऐसे तन-मन धूप में जलता।
लू के थपेड़े भी भारी लगते,
पंछी भी छाँवों में हैं छिपते।
सूखे ताल, नदी है अकुलाई,
धरा ने तपकर प्यास जताई।
मजदूर फिर है काम में जुटा,
पसीने से 'जीवन' को सींचा।
किसान आस में अंबर ताके,
स्याह बादल कब घिर आते।
नौतपा जितना 'तेज' तपेगा,
ये बरखा उतनी ही बरसेगा।
प्रकृति का ये अद्भुत क्रम है,
धूप के बाद में ही सावन है।
आओ सभी को नीर पिलाएँ,
पशु-पक्षी की 'प्यास' बुझाएँ।
यूं दान-पुण्य का दीप जलाएँ,
मानवता का धर्म भी निभाएँ।
सूर्यदेव से यहीं करते प्रार्थना,
सभी पर रखना अपनी कृपा।
तपती भूमि से हरियाली पाए,
सुख-शांति से सृष्टि मुस्कुराएं।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# तंबाकू का सेवन शरीर एवं पर्यावरण के लिए सर्वनाशी है

### 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

विश्व में होने वाली मौतों में दूसरा सबसे बड़ा कारण तंबाकू है। भारत में 26.7 करोड़ से ज्यादा लोग तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं । सबसे गरीबी परिवार अपनी कुल मासिक आएगा 6.4% तंबाकू पर खर्च कर देते हैं , सिर्फ तंबाकू छोड़ने से करीब 2 करोड़ परिवार गरीबी से ऊपर उठ सकते हैं । अब विश्व में तंबाकू उपयोग के विरुद्ध जागरूकता की आंधी सी आ गई है। दुनिया का लगभग हर चिकित्सक, वैज्ञानिक, सामाजिक संगठन कार्यकर्ता तंबाकू उपयोग के विरुद्ध मोर्चा खोले हुए हैं। इसकी भयानक स्थिति विगत वर्षों में बनी हुई थी जिसमें 50 लाख लोग प्रतिवर्ष मरते थे, इसमें से हर 10 वयस्क में से एक की मौत तंबाकू के कारण होती थी। दुनिया भर में हर 4 सेकंड में एक व्यक्ति की मौत तंबाकू के कारण हो रही थी, वहीं भारत में 12.00 लाख लोगों की मौत हर साल तंबाकू से होती थी। स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में गत 50 वर्षों में तंबाकू के उपयोग के दुष्प्रभाव पर जितनी वैज्ञानिक खोजें हुई उतनी शायद ही किसी अन्य क्षेत्र में हुई होगी। 31 मई 2026 तंबाकू निषेध दिवस की थीम ₹निकोटीन और तंबाकू की लत के दुशचक्र को तोड़ना₹ रखी गई । विश्व के हृदय रोग विशेषज्ञ, टीवी विशेषज्ञ एवं लकवा रोग विशेषज्ञ ने पाया कि विश्व में हृदयाघात, लकवा, टीवी तथा मुंह एवं फेफड़ों में कैंसर के अधिकांश मरीजों को मौत के मुंह तक तंबाकू सिगरेट के उपयोग ने ही पहुंचाया है। तंबाकू और सिगरेट के धुएं में 7000 प्रकार के केमिकल होते है इसमें 250 तरह के केमिकल कैंसर के बनते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि दुनिया में सबसे अधिक लोग तंबाकूजनित रोगों से ही मर रहे हैं। निकोटीन एक ऐसा पदार्थ है , जिसकी लत बहुत तेजी से लगती है, एवं लत लगने के बाद इसे छोड़ना बहुत मुश्किल होता है। बच्चे और युवा इसे एक्सपेरिमेंट के तौर पर शुरू करते हैं , एवं बाद में इसके आदी हो जाते हैं। सारी दुनिया में तंबाकू सस्ती होने के कारण आसानी से उपलब्ध भी हो जाती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव इसके उपयोग के कई वर्षों बाद सामने आते हैं। जहां तंबाकू का किसी न किसी रूप में उपयोग करने वालों की संख्या बढ़ रही है, वही अभी इससे मरने वालों की संख्या अपने चरम पर नहीं पहुंची है, जब पहुंचेगी तब स्थिति बहुत ही भयावह होगी।

आज हमारे देश में तंबाकू का सेवन शिक्षित समाज के परिवारों द्वारा एक पिछड़ी स्वास्थ्यनाशक आदत माना जाता है। अब सार्वजनिक धूम्रपान पिछड़ेपन की निशानी बन चुकी है, साथ ही यह कानूनन तो दंडनीय अपराध है ही सही। भारत सरकार ने गत दशकों में तंबाकू के प्रयोग को प्रतिबंधित करने की दिशा में विश्व समुदाय को महत्वपूर्ण नेतृत्व प्रदान किया है, इसलिए प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व भर में समाज को तंबाकू उपयोग से मुक्ति दिलाने की शपथ दिलाई जाती है , एवं शहरों तथा गाँवो में जनजागृति की रैलियां आयोजित की जाती है। तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व भी है। अतः यह आवश्यक है कि देश का प्रत्येक नागरिक तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास करे।

चीन और भारत दो ऐसे देश हैं, जहा तंबाकू की खपत हर साल तेजी से बढ़ती चली गई, परंतु अब एक सर्वे में निष्कर्ष यह रहे हैं, कि तंबाकू सेवन करने वाले घट भी रहे है। सन 2015-16 में 45% लोग तंबाकू खाते थे वही 2020-21 में 39% ही रह गए, इसी प्रकार तंबाकू खाने वाली महिलाओं में भी 3% तक की कमी आई है। 1 मई 2004 से भारत सरकार ने एक अधिनियम के तहत तंबाकू उपयोग पर अनेको प्रतिबंध लागू किए हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

चुटकी- हास-परिहास :

## सप्ताह की प्रमुख खबरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

प्रोसेस्ड फूड व प्लास्टिक बॉटल के पानी के उपयोग से माँ के दूध में 'जहर' का खतरा, जाँच में मिला पारा, कैल्शियम घटा।

मिलावटों से मत करो, 'अमृत' को बदनाम।
प्लास्टिक के उपयोग को, घोषित करें 'हराम'॥



ओम वर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

देश में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों और रेबीज के खतरे पर सुप्रीमकोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आदेश दिया कि आवश्यक हो तो रेबीज से पीड़ित, असाध्य रूप से बीमार या ज्यादा आक्रामक और खतरनाक आवारा कुत्तों को विशेषज्ञों की जाँच रिपोर्ट के बाद दया-मृत्यु दी जा सकती है।

सार्वजनिक हित में सुनें, यही श्रेष्ठ है युक्ति।
हो जाए रेबीज तो, मिले श्वान को मुक्ति॥

राहुल गांधी ने एक जनसभा में आह्वान किया कि आरएसएस वाले आएँ तो उनसे कहो कि आपका प्रधानमंत्री व गृहमंत्री और आपका संगठन गद्दार हैं।

वे बोले गद्दार हैं, क्या मोदी क्या शाह।
अपना दल करते लगे, राहुल आज तबाह॥

यूएस कांग्रेस की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका को झटका...ईरान ने युद्ध में अमेरिका के 42 फाइटर जेट और ड्रोन तबाह किए हैं।

जीतें अंकल सैम या, जीते अब ईरान।
मानवता का हो रहा, नित भारी नुकसान॥

सुप्रीमकोर्ट ने पिछड़े वर्गों में आर्थिक और शैक्षणिक रूप से आगे बढ़ चुके परिवारों के बच्चों का आरक्षण जारी रखने पर सवाल उठाया। कोर्ट के अनुसार माता-पिता आईएएस अफसर हैं तो बच्चों को आरक्षण क्यों?

आरक्षण की नीति पर, अब तो करें विचार।

धर्म-आस्था

# बूंद-बूंद जल, आस्था और विज्ञान की अद्भुत परंपरा

भारतीय सनातन परंपराओं में कुछ दृश्य ऐसे होते हैं, जो केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि जीवन दर्शन, प्रकृति विज्ञान और सांस्कृतिक संवेदनाओं का गहरा संदेश अपने भीतर समेटे होते हैं। गर्मी के दिनों में शिवलिंग के ऊपर लटकती जल से भरी मटकी भी ऐसी ही एक प्राचीन परंपरा है। मंदिरों में शिवलिंग पर बूंद-बूंद गिरता जल केवल पूजा का हिस्सा नहीं, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी भारतीय जीवनशैली, पर्यावरण चेतना और आध्यात्मिक सोच का प्रतीक माना जाता है। वैशाख और ज्येष्ठ मास की तपती गर्मी में देशभर के शिव मंदिरों में शिवलिंग के ऊपर एक विशेष मटकी बांधी जाती है। इस मटकी को गलंतिका कहा जाता है। संस्कृत भाषा में गलंतिका का अर्थ होता है – ऐसा पात्र जिससे धीरे-धीरे जल टपकता रहे। यह परंपरा विशेष रूप से गर्मी के महीनों में निभाई जाती है ताकि शिवलिंग पर निरंतर जलधारा गिरती रहे और वातावरण में शीतलता बनी रहे।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

गलंतिका सामान्य मटकी नहीं होती। इसके निचले हिस्से में छोटा-सा छिद्र किया जाता है, जिससे जल बूंद-बूंद कर शिवलिंग पर गिरता रहता है। यह जलधारा निरंतर चलती रहती है और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि मटकी का जल समाप्त न हो। कई मंदिरों में मिट्टी की मटकी का उपयोग होता है, जबकि कुछ स्थानों पर धातु के पात्र भी लगाए जाते हैं। परंपरा चाहे जैसी हो, उसका मूल भाव एक ही है – शिव को शीतलता प्रदान करना।

धार्मिक ग्रंथों और पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन के समय सबसे पहले कालकूट नामक भयंकर विष निकला था। उस विष की ज्वाला से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी। तब भगवान शिव ने समस्त संसार की रक्षा के लिए उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। इसी कारण वे नीलकंठ कहलाए। मान्यता है कि उस विष की उष्णता को शांत रखने के लिए शिवलिंग पर जल अर्पित किया जाता है। वैशाख और ज्येष्ठ की भीषण गर्मी में गलंतिका बांधने की परंपरा इसी विश्वास से जुड़ी मानी जाती है।

लेकिन भारतीय संस्कृति की विशेषता यह है कि उसकी परंपराओं में केवल आस्था ही नहीं, गहरा वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी छिपा होता है। बूंद-बूंद गिरता जल तापमान को नियंत्रित करने का प्राकृतिक तरीका माना जाता रहा है। मिट्टी की मटकी स्वयं जल को ठंडा रखने का काम करती है। यही कारण है कि प्राचीन भारत में मिट्टी के घड़ों और मटकियों का उपयोग केवल पानी संग्रह के लिए नहीं, बल्कि प्राकृतिक शीतलता बनाए रखने के लिए भी किया जाता था।

आज जब पूरी दुनिया जल संकट, बढ़ते तापमान और पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं से जूझ रही है, तब हमारी यह परंपरा आधुनिक समाज को बड़ा संदेश देती है। शिवलिंग पर गिरती हर बूंद मानो यह सिखाती है कि प्रकृति का संतुलन छोटे-छोटे प्रयासों से ही बचाया जा सकता है। जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार है। उसका सम्मान और संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। इस परंपरा का एक सामाजिक संदेश भी है। बूंद-बूंद जल यह बताता है कि जीवन में निरंतरता का महत्व कितना बड़ा है। जैसे धीरे-धीरे गिरती जलधारा शिवलिंग को शीतल रखती है, वैसे ही रिश्तों में प्रेम, समाज में संवेदना और व्यवहार में धैर्य जीवन को संतुलित बनाए रखते हैं।

शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का प्रतीक भी मानी जाती है। भारतीय दर्शन में जल को पवित्रता, शांति और जीवन ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। इसी कारण पूजा में प्रयुक्त जल को पूर्णतः स्वच्छ रखने पर विशेष जोर दिया जाता है। गलंतिका में डाला जाने वाला जल भी शुद्ध और स्वच्छ होना आवश्यक माना जाता है।

आज की नई पीढ़ी अक्सर परंपराओं को केवल औपचारिकता समझ लेती है, जबकि सच्चाई यह है कि भारतीय संस्कृति की अधिकांश परंपराएँ प्रकृति और जीवन विज्ञान से गहराई से जुड़ी हुई हैं। हमारे ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले ही यह समझ लिया था कि जल, प्रकृति और मानव जीवन एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। शिवलिंग पर गिरती हर बूंद हमें यह भी याद दिलाती है कि जीवन में शांति और ठंडक बनाए रखने के लिए भीतर का अहंकार कम करना आवश्यक है। जिस प्रकार शिव ने विष को अपने भीतर रोककर संसार की रक्षा की, उसी प्रकार समाज को भी कटुता, क्रोध और नफरत को रोकने वाले लोगों की आवश्यकता है।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,200 चांदी-टंच- 2,53,500 पाट- 2,53,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## वर्मा एवं सोनी का किया स्वागत, मांगलिक भवन में सुविधाएं बढ़ाने की उठी मांग

**सुसनेर।** नगर के मेना रोड स्थित संत रविदास मांगलिक भवन में गत दिवस भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. बी.एस. वर्मा एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी का नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का साफा बांधकर एवं पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रियाज खान ने कहा कि समाज के विकास एवं सामाजिक भवनों में सुविधाओं के विस्तार के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं डॉ. बी.एस. वर्मा ने भी नागरिकों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में जाफर खान, राजकुमार जादमे, दिनेश जादमे, प्रभुलाल, बाबू भाई सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान नागरिकों ने संत रविदास मांगलिक भवन में आवश्यक सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए भवन परिसर में बाउंड्री वाल निर्माण एवं पेयजल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग नेताओं के समक्ष रखी। नागरिकों ने कहा कि मांगलिक भवन में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## काश्यप स्वीटनर्स फैक्ट्री में लगी आग, 8 दमकलों ने बुझाई, भूसे का गोदाम और एक ट्रक जला

**बदनावर।** बड़ी चौपाटी के पास स्थित काश्यप स्वीटनर्स फैक्ट्री में शुक्रवार सवा 3 बजे भीषण आग लग गई। यह आग फैक्ट्री परिसर के पीछे बने भूसे के गोदाम में लगी, जिसने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए बदनावर के अलावा रतलाम, बड़नगर, नामली और बग्गड़ से कुल 8 दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। मौके पर प्रशासन के बड़े अधिकारी भी पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि गेहूं का भूसा (सुक्ला) भरकर लाया एक ट्रक गोदाम के बाहर खड़ा था। अचानक उस ट्रक में आग लग गई। शुरूआत में तो आग बुझा ली गई थी, लेकिन ट्रक के अंदर सुलग रही आग थोड़ी देर बाद फिर से भड़क उठी। इसके बाद ट्रक के टायर फटने लगे और आग तेजी से गोदाम के बाहर और अंदर रखे भारी मात्रा में भूसे तक फैल गई। आग लगते ही फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। पहले नगर परिषद और सोया प्लांट की फायर ब्रिगेड बुलाई गई, लेकिन आग बढ़ती देख रतलाम, बड़नगर, नामली और बग्गड़ से भी गाड़ियां मंगवानी पड़ीं। नगर परिषद के टैंकरों से लगातार पानी की सप्लाई की गई। आग को आगे बढ़ने से रोकने के लिए दो जेसीबी मशीनों से भूसे को हटाया गया। इस घटना में ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया है।

**विद्युत मोटर एवं बाइक चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार**

## ग्राम खैरबे से चोरी विद्युत मोटर एवं खिलचीपुर क्षेत्र से चोरी बाइक जब्त

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी के हॉटस्पॉट चिन्हित कर सतत निगरानी, सीसीटीवी विश्लेषण एवं आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उक्त निदेर्शों के पालन में थाना प्रभारी राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम को वाहन एवं खेत से विद्युत मोटर चुराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। फरियादी सौरमबाई पति रामकैलाश तंवर 35 वर्ष निवासी खैरबे थाना कोतवाली राजगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खेत में पानी देने के लिए रखी विद्युत मोटर गत दिनों रात्रि में कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया जिस पर थाना कोतवाली में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार फरियादी भूरीबाई पति कैलाश तंवर 30 वर्ष निवासी ग्राम खंडारबे थाना खिलचीपुर द्वारा मोटर साइकिल अपने घर के सामने से बीती रात्रि में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर थाना खिलचीपुर में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की गई। जांच के दौरान आरोपी को चिन्हित कर हिरासत में लिया।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री किशोर पिता रामचन्द्र जी, निवासी ग्राम जमालपूरा उज्जैन द्वारा ग्राम डेलची बुजुर्ग तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे 678 रकबा 1.23 हे. एवं सर्वे नम्बर 679/1 रकबा 0.90 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 2.13 हे. वर्तमान भूमि स्वामी श्री राधेश्याम पिता मोहनलाल जी पोरवाल निवासी डेलची बुजुर्ग तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से कय किया जाना प्रस्तावित है तथा उक्त संपत्ति का विकय पत्र शीघ्र निष्पादित किया जाना है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था अन्य किसी का कोई अधिकार, दावा, आपत्ति, बंधक, ऋण, अनुबंध, हिस्सेदारी या न्यायालयीन विवाद लंबित हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरित अधिवक्ता के समक्ष प्रमाण सहित दावा/आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति विवाद एवं भारमुक्त है तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति कय की जाएगी। बाद में प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति हेतु मेरे पक्षकार अथवा अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता उत्तरदायी नहीं होंगे। दिनांक 30/5/2026

**अपुल धाडीवाल (अधिवक्ता)**
**कार्यालय असाडी गली महिदपुर जिला उज्जैन मो. 9424893145**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री किशोर पिता रामचन्द्र जी, निवासी ग्राम जमालपूरा उज्जैन द्वारा ग्राम डेलची बुजुर्ग तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे 679/2/1 रकबा 1.31 हे. एवं सर्वे नम्बर 679/2/2 रकबा 0.46 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 1.77 है. वर्तमान भूमि स्वामी श्रीमति मधुबाला पति दोलतराम जाति कुम्हार निवासी डेलची बुजुर्ग तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से कय किया जाना प्रस्तावित है तथा उक्त संपत्ति का विकय पत्र शीघ्र निष्पादित किया जाना है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था अन्य किसी का कोई अधिकार, दावा, आपत्ति, बंधक, ऋण, अनुबंध, हिस्सेदारी या न्यायालयीन विवाद लंबित हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरित अधिवक्ता के समक्ष प्रमाण सहित दावा/आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नही होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति विवाद एवं भारमुक्त है तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति कय की जाएगी। बाद में प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति हेतु मेरे पक्षकार अथवा अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता उत्तरदायी नहीं होंगे। दिनांक 30/5/2026

**अपुल धाडीवाल (अधिवक्ता)**
**कार्यालय असाडी गली महिदपुर जिला उज्जैन मो. 9424893145**


अनबैलेंस होकर दूसरी लेन में जाकर बाइक सवारों को कार ने मारी टक्कर

# देवास में भीषण सड़क हादसा, दो बाइक सवारों की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास







देवास के शिप्रा बायपास स्थित रूपाखेड़ी के समीप रेलवे ब्रिज पर शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क की खामियों और राहत कार्य में देरी का आरोप लगाते हुए करीब दो घंटे तक चक्काजाम किया। अधिकारियों और स्थानीय विधायक की समझाइश के बाद जाम समाप्त हुआ।

जानकारी के अनुसार, नायता पुवाल्डा निवासी हैदर (40), अंसार और इमरान शनिवार सुबह इंदौर काम पर जाने के लिए बाइक से निकले थे। तीनों मोटर निकालने का काम करते हैं। सुबह करीब 8.30 बजे रूपाखेड़ी रेलवे ब्रिज पर इंदौर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ब्रिज पर सड़क ऊंची-नीची होने के कारण कार असंतुलित हो गई। करीब 100 फीट तक बेकाबू दौड़ने के बाद कार डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गई और सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हैदर और अंसार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल इमरान को इंदौर रेफर किया गया है।

**शव निजी वाहन से अस्पताल ले जाने पड़े**

हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उनका आरोप था कि एंबुलेंस और अन्य राहत सेवाएं समय पर नहीं पहुंचीं। घायलों और मृतकों को निजी वाहनों तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाना पड़ा। इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया।

**दो घंटे तक लगा रहा जाम**

चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर एसडीएम अभिषेक शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी, सीएसपी सुमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। बाद में विधायक मनोज चौधरी ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाया। सड़क की खामियों की जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि हैदर उछलकर ब्रिज से करीब 50 फीट नीचे जा गिरा। वहीं अंसार और इमरान के एक-एक पैर कटकर नीचे जा गिरे। हादसे में कार और बाइक दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

**सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल**

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं ने ब्रिज की सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सड़क ऊंची-नीची होने के कारण यहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। वाहन असंतुलित होने से हादसों का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों ने सड़क को तत्काल दुरुस्त करने और जिम्मेदार एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है।

**मामले को बैठक में रखा जाएगा-सीएसपी**

सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि एक घायल का उपचार चल रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की कुछ तकनीकी खामियों की शिकायत की है। मामले को संबंधित समिति की बैठक में रखा जाएगा और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

## शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**तराना।** शासकीय आईटीआई तराना में सत्र 2026-27 के लिए कंप्यूटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) इलेक्ट्रीशियन फिटर एवं स्टेनोग्राफर सेकेट्रियल असिस्टेंट हिंदी स्टेन ओ हिंदी व्यवसाय में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है संस्थान के प्राचार्य ओमप्रकाश सोलंकी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन 26 में 2026 से 30 जून 2026 तक चलेगा जबकि चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 1 जून 2026 से 30 जून 2026 तक चलेगी इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर संस्था के हेल्प डेस्क पर जाकर या स्वयं के द्वारा पंजीयन और चॉइस फिलिंग करनी होगी संस्था में छात्रावास की सुविधा उपलब्ध।

## समान नागरिक संहिता विषय पर गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आज

**राजगढ़।** समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव एवं विचार प्राप्त करने हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 31 मई, 2026 को जिला पंचायत सभागृह में आयोजित की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में समान नागरिक संहिता के विभिन्न पहलुओं पर विचार- विमर्श करते हुए सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित सभी आमंत्रित प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है, ताकि विषय के संबंध में व्यापक जनमत एवं सुझाव समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकें।

## कांग्रेस ने बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर गड़बड़ी पर प्रदर्शन किया





**आगर मालवा।** आगर मालवा में जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार शाम बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों और बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता मार्केटिंग पेट्रोल पंप के सामने एकत्रित हुए, जहां से रैली के रूप में बिजली कार्यालय पहुंचे और अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले में लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। इससे आम नागरिकों, व्यापारियों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में लगातार बिजली बंद रहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में कांग्रेस ने स्मार्ट मीटरों में आ रही कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना था कि उपभोक्ताओं को बढ़े हुए बिजली बिल और मीटर रीडिंग को लेकर शिकायतें मिल रही हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि बिजली संकट और उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने को मजबूर होगा।

संघ शिक्षा वर्ग ब्यावरा मे शिक्षाथीर्यों ने किया माताओं के साथ भोजन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग (व्यवसाय) सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग (व्यवसाय) ब्यावरा में मातृहस्त भोजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें 106 परिवारों की मातृशक्ति अपने हाथों से भोजन बनाकर लायी, सभी शिक्षार्थियों के साथ में बैठकर परिवार सहित भोजन किया व उन्हें भी भोजन करवाया। सभी परिवारजनों के साथ की गोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रवीण क्षेत्रीय सम्पर्क प्रमुख तथा विभाग संघचालक उदयसिंह चौहान एवं वर्ग कार्यवाह कदम सिंह मीणा थे। प्रवीण गुप्त ने उपस्थित भगिनी-बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है, ऐसे लोग जो समाज और देश का हित चाहने वाले है, उन सब सज्जन शक्ति को साथ लेकर ही समाज में परिवर्तन संभव है। ये पंच परिवर्तन है कुटुंब-प्रबोधन, समरसता, पर्यावरण, स्व जागरण और नागरिक कर्तव्य।

गुप्त ने कहा कि कुटुंब व्यवस्था हमारे भारत की संस्कृति की विशेषता है, यह व्यवस्था प्राचीन है। भारत पर कई आक्रांताओं ने आक्रमण किया, फिर भी हिन्दू समाज बचा हुआ है। उसका कारण कुटुंब प्रबंधन ही है। आज पाश्चात्य संस्कृति की वजह से हमारे परिवार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिससे परिवारों में संस्कारों का क्षरण हो रहा है। आज हमारे परिवारों के सदस्यों में संवाद की कमी है, जिससे विवाद बढ़ रहे है जिसका मुख्य कारण मोबाइल और टीवी है। परिवार के सभी सदस्यों को एक समय साथ बैठकर भोजन करना चाहिए तथा भोजन करते समय मोबाइल और टीवी बंद होना चाहिए, ऐसा प्रयास प्रत्येक परिवार को करना चाहिये।

आज समाज में कई भिन्नता है। भिन्नता होते हुए भी समान व्यवहार करने से ही समाज में समरसता आएगी। सभी ब्रह्म का स्वरूप है, सभी समान हैं तो व्यवहार भी सभी के साथ समान होना चाहिये। पर्यावरण की रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। आज हम पानी का उपयोग कम और दुरुपयोग ज्यादा कर रहे है। कई लोग पौधों को नहलाते है, जबकि पानी पौधे की जड़ में देना चाहिए। प्लास्टिक और डिस्पोजल का उपयोग कम करना होगा तथा कपड़े की थैली का उपयोग दिनचर्या में लाना होगा।

स्व का भाव सभी में होना चाहिए। हमारे भारतीय संस्कृति के हिसाब से भाषा, भजन, भोजन होना चाहिए। वेशभूषा भी संस्कृति के हिसाब से हो, ऐसी कोशिश करना चाहिये। प्रत्येक नागरिक को देश के नियम और कानून का पालन करना चाहिए। ये हमारा कर्तव्य है। हेलमेट पहनकर वाहन चलाना चाहिए, ये नियम है तो पालन करना चाहिए। ये हमारी सुरक्षा का सवाल है।सभी नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करे और शुरूआत अपने घर से करें।

## भीषण गर्मी में जुलाई से स्कूल खोलने की माँग

**कर्मचारी संघ ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र**

**शुजालपुर।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तापमान को देखते हुए मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने स्कूलों के ग्रीष्म अवकाश को बढ़ाने तथा नया शिक्षा सत्र जुलाई माह से शुरू करने की माँग उठाई है। इस संबंध में संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को पत्र लिखकर शिक्षकों और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने की अपील की है।

संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 1 जून से स्कूल खोलने के आदेश जारी किए गए हैं, जबकि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का दौर जारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों और शिक्षकों को इस भीषण गर्मी में स्कूल आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की ड्यूटी 1 मई से 30 मई तक जनगणना कार्य में लगाई गई है। इसके तुरंत बाद स्कूल खोलने के निर्देश दिए जाने से शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा। साथ ही कई सरकारी स्कूलों में पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। अधिकांश विद्यालयों में पंखे, कूलर और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। जल संकट और उमस भरी गर्मी के बीच विद्यार्थियों के बीमार होने का खतरा भी बढ़ सकता है। संघ ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्रीष्म अवकाश बढ़ाया जाए तथा नियमित कक्षाएं जुलाई माह से प्रारंभ की जाएं।

## हरिद्वार योग क्रांति अधिवेशन में पदाधिकारी रवाना

**ब्यावरा।** राजगढ राज्य स्तरीय सामाजिक एवं आध्यात्मिक विशाल महिला सम्मेलन एवं नारी के सर्वांगीण विकास में योग का महत्व पर एक वृहद सम्मेलन में हरिद्वार से मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉक्टर देवप्रिया बहन का आगमन हो रहा हे। राजगढ़ जिले के पांचों संगठन के जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी भगवान सिंह कारपेंटर,पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी कमलेश शर्मा, युवा भारत जिला प्रभारी संतराम आर्य, किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी फूलसिंह पंवार, सक्रिय योग शिक्षक दरबार गजराज सिंह राजपूत ठिकाना झाड़महू सभी पदाधिकारी ने सहभागिता हेतु प्रस्थान किया।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस लोकतंत्र का सशक्त प्रहरी

**नलखेड़ा।** भारत में पत्रकारिता केवल समाचारों के प्रसारण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने, जनमत निर्माण करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण साधन भी है। हिंदी पत्रकारिता ने देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चेतना को विकसित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इसी योगदान के सम्मान में प्रतिवर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। ये विचार सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा के शिक्षक मुकेश चौरसिया ने व्यक्त किये उन्होंने बताया कि 30 मई 1826 को हिंदी के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन कोलकाता से प्रारंभ हुआ था। इसके संपादक और प्रकाशक पंडित जुगल किशोर शुक्ल थे। यह समाचार पत्र हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने और समाज की समस्याओं को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बना। यहीं से हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा प्रारंभ हुई। हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनेक समाचार पत्रों ने अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों का विरोध किया तथा स्वतंत्रता संग्राम के विचारों को जनता तक पहुंचाया।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड प्रथम मंजिल भवन क्रं. बी 12/2 महाकांल वाणिज्य केन्द्र नानाखेडा उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 19 जो भूमि सर्वें क्रमांक 283/1/1 का भाग होकर ग्राम नीमनवासा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है, जिसका कुलक्षेत्रफल 42.28 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है पूर्व में- भूखण्ड क्रमांक 54, पश्चिम में- रोड़ उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक 20 एवं दक्षिण में- अन्य कि भूमि स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्रीमति आरती योगी पति श्री कमल योगी ने इसके पूर्वस्वामी समदुबाई उर्फ सुमनबाई पति श्री मांगीलाल एवं श्रीमति कविता बाई पति श्री भागीरथ द्वारा मुख्तयार आम सत्यनारायण उर्फ बंटी केलोदिया से रजि. विक्रय पत्र क्रमांक MP432022022A1762237 दिनांक 20/07/2022 के माध्यम से क्रय कि। एवं श्रीमति आरती योगी ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध श्रीमति दुर्गा मालवीय पति श्री बलराम मालवीय से किया है एवं श्रीमति दुर्गा मालवीय के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती पवनीता जोशी पति श्री मनीष जी जोशी निवासी- उदुर्पुरा ब्रम्हा गायत्री मंदिर उज्जैन म.प्र. के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक बी-8 जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 343/2/2/1/1 एवं सर्वे क्रमांक 343/3/2/मिन-1/मिन-1/मिन-1 एवं सर्वे क्रमांक 344/1/मिन-1/मिन-2/मिन-1 एवं सर्वे क्रमांक 358/मिन-1/मिन-2/मिन-1 का संयुक्त रकबा 0.913है. मे से 0.094है. मे से रकबा 0.047है.(5060 वर्गफीट) ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त भूखण्ड को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 05 से 07 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 30/05/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं. 8839742938**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दयाराम पिता अम्बाराम जी तथा हीरालाल पिता अम्बाराम जी के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्र. 108 रकबा 0.030 हेक्टर, तथा सर्वे क्र. 207 रकबा 0.390 हे. कुल कीता 2 कुल रकबा 0.42 हे. भूमि जो कि ग्राम ब्रजराजखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है उक्त भूमि पर वर्तमान में मेरे पक्षकारगण तथा जगन्नाथ, बद्री पुत्रगण भेराजी आदि का नाम राजस्व अभिलेख में इन्द्राज है। उपरोक्त कृषि भूमि पैतृक कृषि भूमि होकर मेरे पक्षकारगण तथा संयुक्त खाते की कृषि भूमि होने से उपरोक्त कृषि भूमि में मेरे पक्षकारगण का हक व हित निहिते है तथा उक्त कृषि भूमि में से अन्य कृषकों द्वारा अपने हिस्से की भूमि विक्रय कर दी गई है अब उक्त भूमि में अन्य कृषकों का कोई हिस्सा व हक निहित नहीं रहा है। विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि अन्य खातेदार एवं अन्य व्यक्ति द्वारा उपरोक्त कृषि भूमि को बाले बाले विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का संमव्यहार करने से पूर्व मेरे पक्षकारगण से सहमति प्राप्त करें अन्यथा उक्त संमव्यहार विना सहमति के मान्य नही होगा जिसके जवाबदार उक्त व्यक्ति स्वयं होगे व इस जाहिर सूचना के समक्ष आधारहीन माना जावेगा। इति दिनांक 29.05.2026

**प्रमोद शर्मा (हाईकोर्ट एडवोकेट )**
**कार्यालयः-17, ब्रज निवास, दुर्गा कालोनी, नगर कोट, उज्जैन मो. 9131842772**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 01-श्री रामस्वरूप वर्मा पिता श्री हजारीलालजी वर्मा, 02-श्रीमती उषा वर्मा पति श्री रामस्वरूप वर्मा, दोनो निवासी-ए-23/12 वेद नगर, नानाखेडा, उज्जैन (म. प्र.) 03-श्री हरिराम वर्मा पिता श्री हजारीलालजी वर्मा, 04-श्रीमती कलावती वर्मा पति श्री हरिराम वर्मा, दोनो निवासी-8/2 H.I.G. महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक 8/2 श्रेणी H.I.G. जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की श्री महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र के सामने, पं. दीनदयाल उपाध्याय नानाखेडा, बस स्टेण्ड परिसर योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन वर्तमान में चार (G+3) मंजिला में आर. सी. सी. की छत का बना होकर फ्री-होल्ड राईट्स का है। भवन की पैमाईश में भवन/भूखण्ड सामने से 12.00 मीटर, पीछे 12.00 मीटर, एक बाजू 21.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 21.00 मीटर के माप का होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-252.00 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा में पूर्व दिशा में-3.00 मीटर चौडी कॉमन भूमि व 24. 00 मीटर चौडी सडक, पश्चिम दिशा में 6.00 मीटर चौडी सडक, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक-8/3 एवं दक्षिण दिशा में-भवन क्रमांक 8/1 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थितं भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक- 30.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## छत से गिरकर मजदूर की मौत छत पर सो रहा था युवक

**शुजालपुर।** मंडी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव घर के नीचे मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गणेश मंदिर क्षेत्र निवासी गोपाल यादव के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में छत से गिरने के कारण मौत होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार तड़के करीब 2 से 5 बजे के बीच यह हादसा हुआ। सुबह सफाई कार्य के दौरान एक कर्मचारी की नजर घर के नीचे पड़े गोपाल पर पड़ी, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो गोपाल गंभीर अवस्था में मिले। सिर में गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव के चलते उनकी मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि इन दिनों पड़ रही तेज गर्मी के कारण गोपाल रात में घर की छत पर सोते थे। आशंका है कि रात के दौरान किसी समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरे। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अविवाहित था तथा अपने दो भाइयों के साथ निवास करता था। परिजनों के अनुसार उसे नशे की आदत भी थी। सूचना मिलने पर शुजालपुर मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए शुजालपुर सिविल अस्पताल भेजा गया। आवश्यक चिकित्सकीय एवं कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला छत से गिरने के कारण हुई दुर्घटनात्मक मौत का प्रतीत होता है। हालांकि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## समर कैंप जा रही छात्रा को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

**शुजालपुर।** शहर में सुबह एक सड़क हादसे में साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में छात्रा साइकिल से मुख्य सड़क पार करती दिखाई दे रही है। इसी दौरान तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो उससे टकरा गई। फुटेज में वाहन चालक को टक्कर टालने के लिए वाहन मोड़ने का प्रयास करते हुए भी देखा जा सकता है। हादसा इतना गंभीर था कि टक्कर लगते ही छात्रा कई फीट दूर सड़क पर जा गिरी, जबकि उसकी साइकिल क्षतिग्रस्त होकर दो हिस्सों में टूट गई। उस समय समर कैंप के लिए जा रहे अन्य बच्चों और स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद करते हुए छात्रा को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार घायल छात्रा आराध्या सिटोके प्रतिदिन की तरह जेएनएस कॉलेज स्थित समर कैंप खेल मैदान जा रही थी। आराध्या ने बताया कि हादसे के बाद की स्थिति उसे स्पष्ट रूप से याद नहीं है और यह भी नहीं पता कि उसे अस्पताल कौन लेकर गया। उसके पिता न्यायालय में कर्मचारी हैं। स्कॉर्पियो वाहन मुडलाय निवासी मोईन खान चला रहा था।

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर किशोरियों को किया जागरूक

**शुजालपुर।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 23 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोरी बालिकाओं ने भाग लेकर माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में उमंग स्वास्थ्य केंद्र की अरुणा परमार ने किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षित सैनिटरी पैड के उपयोग, व्यक्तिगत साफ-सफाई, संतुलित एवं पौष्टिक आहार तथा माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माहवारी कोई बीमारी या शर्म का विषय नहीं है, बल्कि यह प्रकृति की एक सामान्य एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे सकारात्मक दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाहा ने सभी किशोरियों का कुमकुम लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी, समूह चर्चा एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों को माहवारी स्वच्छता, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास से जुड़े विषयों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए टेली मानस हेल्पलाइन 14416 की जानकारी भी दी गई। किशोरियों को आवश्यकता पड़ने पर इस सेवा का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में माहवारी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को बढ़ावा देना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में किशोरियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न भी पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## सीएम की सभा में गूंजेंगे मालवी लोकगीत और कबीर भजन

**शुजालपुर।** संदीपनी विद्यालय प्रांगण में 31 मई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में मालवा की लोक संस्कृति की रंगत भी देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में प्रख्यात मालवी लोकगीत एवं कबीर भजन गायक दिनेश कुमार धौलपुरे और बाबूलाल धौलपुरे अपने साथी कलाकारों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। जिला प्रशासन शाजापुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सभा आयोजित होगी। सभा स्थल पर आगंतुकों के मनोरंजन एवं लोक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम झोंकर निवासी प्रसिद्ध राष्ट्रीय मालवी लोकगीत कलाकार एवं कबीर भजन गायक बाबूलाल धौलपुरे तथा दिनेश कुमार धौलपुरे अपनी मंडली के साथ पारंपरिक मालवी लोकगीत, कबीर की समरसता पर आधारित भजन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लोकगीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के माध्यम से मालवा की समृद्ध लोक संस्कृति और लोक संगीत की झलक दर्शकों को देखने को मिलेगी। आयोजकों के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकधुनों, भजनों और जनजागरण से जुड़े गीतों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री की सभा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

# आज शुजालपुर आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### करेंगे रोड शो और करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पणभूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 मई को शुजालपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करने के साथ नगर में रोड शो भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर में विशेष यातायात डायवर्सन योजना लागू की गई है।

रोड शो के दौरान जेएनएस कॉलेज से शुजालपुर मंडी बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग पर सामान्य यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर भी रोक रहेगी। प्रशासन के अनुसार 31 मई को सुबह 7 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक यातायात व्यवस्था में परिवर्तन प्रभावी रहेगा।

**कई मार्गों पर रहेगा डायवर्सन-** पचोर और तलेन मार्ग से आने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को आवश्यकता अनुसार रोक-रोककर छोड़ा जाएगा, जबकि भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अकोदिया रोड से आने वाले वाहनों को तहसील के पास से कमलिया बायपास होकर आष्टा रोड की ओर भेजा जाएगा। इसी प्रकार आष्टा-शुजालपुर मार्ग से आने वाले वाहनों को कमलिया बायपास के माध्यम से अकोदिया रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा। टेम्पो चौराहा पुलिस चौकी से कार्यक्रम स्थल तक चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। स्थिति के अनुसार वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर भेजा जाएगा।

**पार्किंग की विशेष व्यवस्था-** कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जेएनएस कॉलेज परिसर में केवल वीवीआईपी और पुलिस वाहनों की पार्किंग रहेगी। कन्या स्कूल परिसर में कालापीपल और शुजालपुर मंडी क्षेत्र से आने वाले वाहनों को पार्क किया जाएगा। अकोदिया और शुजालपुर सिटी क्षेत्र से आने वाले वाहन दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल परिसर में पार्क होंगे। बीटीआई ग्राउंड में सामान्य चारपहिया वाहनों तथा स्टेडियम परिसर में बसों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

**आमजन से सहयोग की अपील-** प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से कार्यक्रम के मुख्य मार्ग का उपयोग न करें तथा वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। यातायात पुलिस ने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आमजन से सहयोग की अपेक्षा की है।

**तैयारियों का मंत्री परमार ने लिया जायजा-** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उनके साथ कलेक्टर ऋजु बाफना और पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। मंत्री ने मां शारदा सांदीपनि विद्यालय एवं शासकीय जेएनएस महाविद्यालय पहुंचकर रोड शो, लोकार्पण, भूमिपूजन, प्रदर्शनी, पार्किंग, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सीएम की सभा में गूंजेंगे मालवी लोकगीत और कबीर भजन-** संदीपनी विद्यालय प्रांगण में 31 मई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में मालवा की लोक संस्कृति की रंगत भी देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम में प्रख्यात मालवी लोकगीत एवं कबीर भजन गायक दिनेश कुमार धौलपुरे और बाबूलाल धौलपुरे अपने साथी कलाकारों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। जिला प्रशासन शाजापुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सभा आयोजित होगी। सभा स्थल पर आगंतुकों के मनोरंजन एवं लोक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

# नाबालिग के अपहरणर्ता को पनाह देने वाला फरार रिश्तेदार गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



थाना मो. बड़ोदिया पुलिस ने एक नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले मुख्य आरोपी को पनाह देने के आरोप में काफी समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने इस मामले में मुख्य अपहरणकर्ता को पहले ही पकड़ लिया था, जबकि उसे शरण देने वाला उसका रिश्तेदार पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, जिसे अब गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 6 मई 2026 को मो. बड़ोदिया थाने में एक फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी बीती शाम अपनी मां को खेत से बुलाने के लिए घर से निकली थी, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी थी। जांच के दौरान मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 9 मई 2026 को राजगढ़ जिले के ग्राम धतरावदा में दबिश दी। यहां पुलिस ने आरोपी लोकेंद्र सिंह पिता बाबू सिंह राजपूत के कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया था। यह कार्रवाई लोकेंद्र के मौसा कमल सिंह के घर पर की गई थी। उस वक्त पुलिस ने मुख्य आरोपी लोकेंद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। अपहृत बालिका ने पुलिस को दिए अपने बयानों में खुलासा किया था कि आरोपी लोकेंद्र ने उसे अपने मौसा कमल सिंह पिता शंभू सिंह राजपूत, निवासी ग्राम धतरावदा, जिला राजगढ़ के घर पर रखा था। पुलिस के अनुसार, घटना की पूरी जानकारी होने के बावजूद कमल सिंह ने न सिर्फ नाबालिग बालिका और आरोपी को अपने घर में पनाह दी, बल्कि पुलिस को भी इसकी कोई सूचना नहीं दी। इस प्रकार उसने मुख्य आरोपी के आपराधिक कृत्य में उसका पूरा सहयोग किया। बालिका के बयानों और मामले के खुलासे के बाद से ही आरोपी मौसा कमल सिंह फरार चल रहा था। पुलिस की टीम उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। अंततः 30 मई शनिवार को को पुलिस ने फरार आरोपी कमल सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद सिंह तोमर, उपनिरीक्षक के.एन. यादव, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सितपरा और आरक्षक शैलेंद्र शर्मा, शैलेंद्र गुर्जर, सुरेश राठौर व अर्जुन सिंह बागड़ी की सराहनीय भूमिका रही।

## ब्रेक फेल होने से बेकाबू हुई यात्री बस दो बाइक और कार को मारी टक्कर



**शाजापुर।** ब्रेक फेल होने से बेकाबू हुई यात्री बस ने बाइक और कार को टक्कर मार दी, इस घटना में तीन लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार सारंगपुर की ओर से आ रही बालाजी बस के शनिवार दोपहर शाजापुर मंडी के पास निर्माणाधीन पुलिया के निकट अचानक ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होने के कारण बस चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और बेकाबू हुई बस ने सबसे पहले आगे चल रहे बाइक सवारों को अपनी चपेट में लिया। इसके बाद एक अन्य चार पहिया वाहन से जा भिड़ी। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में ग्राम मझानिया निवासी जितेंद्र, लक्ष्मण और उसकी मां सानूबाई शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में ले लिया।

## भाजपा नगर मंडल द्वारा शक्ति केंद्रों की कामकाजी बैठके संपन्न

**नागदा।** भारतीय जनता पार्टी नागदा नगर मंडल द्वारा संगठनात्मक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से नगर के सभी नौ शक्ति केंद्रों पर कामकाजी बैठकों का आयोजन किया गया। दिनांक 24 मई से 28 मई के मध्य आयोजित इन बैठकों का नेतृत्व नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने किया।

नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार तथा लोकप्रिय विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह जी चौहान एवं भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश जी धाकड़ के मार्गदर्शन में आयोजित बैठकों में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठकों का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहित महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के बूथों की गतिविधियों, संगठनात्मक कार्यों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग से सतत संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया गया। बैठकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण को लेकर भी विशेष रणनीति तैयार की गई।

## मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा व सात दिवसीय महायज्ञ संपन्न

**शाजापुर।** ग्राम भीलखेड़ी में जनसहयोग से निर्मित श्री देव भिलट घाटा वाला एवं नाग महाराज जी के नव-निर्मित मंदिर में सात दिवसीय श्री हरि विष्णु महायज्ञ और भव्य मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ।

श्री देव बल्ड़ी बालोन रोड स्थित श्री देव धाम में यह पूरा धार्मिक आयोजन उज्जैन स्थित पार्वती धाम आश्रम की मार्गदर्शक एवं कथा प्रवक्ता समप्रिया दीदी के सानिध्य में संपन्न हुआ। महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तजनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद, प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सोनकच्छ के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने मंदिर निर्माण में ग्रामवासियों के जनसहयोग की भरपूर सराहना की और अपनी ओर से मंदिर निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। उनकी



इस घोषणा का उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ स्वागत किया। इस दौरान मनोज राजानी, राजेंद्र मालवीय, दिलीप सिंह चांदना, पोपसिंह ठाकुर, सुरेश सिंह चांदना, मेहरबान सिंह पटेल, दिलीप सिंह गुर्जर सहित श्रद्धालु उपस्थित थे। आयोजन स्थल पर श्री भिलट देव जी भीलखेड़ी समिति, पंडा जी धर्मेंद्र सिंह गुर्जर और पुजारी शांति लाल गुर्जर द्वारा सभी अतिथियों का साफा बांधकर और पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उक्त जानकारी डॉ जीवनसिंह गुर्जर ने दी।

## नेकी की दीवार पर फ्री सीड बॉल वर्कशॉप

**शुजालपुर।** भीषण गर्मी और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए नेकी की दीवार मिर्ची बाजार पर एक दिवसीय निशुल्क सीड बॉल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों को पौधारोपण और हरियाली बढ़ाने के लिए सीड बॉल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में वीणा गोयल एवं अंबर अग्रवाल ने बच्चों को मिट्टी की छोटी-छोटी गेंदें बनाकर उनमें बीज रखने तथा सूखे गोबर के कंडों के चूरे जैसी आसानी से उपलब्ध जैविक खाद मिलाने की सरल विधि बताई। उन्होंने आम, जामुन एवं विभिन्न सब्जियों के बीज एकत्रित कर अधिक से अधिक सीड बॉल तैयार करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। साथ ही सर्वाधिक सीड बॉल बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की गई। आयोजकों ने बताया कि सीड बॉल के माध्यम से खाली स्थानों पर हरियाली बढ़ाने का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के जनजागरण कार्यों की पूर्व में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा भी सराहना की जा चुकी है। कार्यशाला के सफल आयोजन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं आनंद सेन एवं लक्की यादव का विशेष सहयोग रहा। वहीं पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा के अवसर पर इंदौर की वरिष्ठ समाजसेवी पद्मा देवी बजरंगलाल अग्रवाल, डॉ. दीपक, डॉ. सुनीता अग्रवाल, शुजालपुर के अग्रवाल परिवार से जयेश, कनिका, कनव, किआना तथा पूजा केड़िया नागपुर, निधि मंगल एवं नव्या मंगल गुना द्वारा उपस्थित लोगों को दूध और मालपुओं का वितरण भी किया गया।

## संघ शिक्षा वर्ग का प्रकट उत्सव आज शिक्षार्थी प्रस्तुत करेंगे प्रशिक्षण का प्रदर्शन

**शाजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग व्यवसायी का समापन आज रविवार, 31 मई 2026 को सायं 5.30 बजे छत्रपति शिवाजी स्टेडियम ग्राउंड, शाजापुर में आयोजित होने वाले प्रकट उत्सव के साथ सम्पन्न होगा। संघ शिक्षा वर्ग में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षार्थियों ने निर्धारित अवधि में शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रकट उत्सव के माध्यम से शिक्षार्थी वर्ग के दौरान अर्जित कौशल, अनुशासन, समता, योग, व्यायाम तथा विभिन्न शारीरिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन नगर के नागरिकों के समक्ष करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परंपरा में प्रकट उत्सव केवल प्रशिक्षण प्रदर्शन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि समाज और संगठन के बीच आत्मीय संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। इस दौरान संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में वर्ग के शिक्षार्थियों द्वारा सामूहिक शारीरिक प्रदर्शन, घोष वादन तथा प्रशिक्षण के विविध आयामों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# कचरा वाहन हेल्पर से बेरहमी से मारपीट

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। श्मशान घाट के पास दो युवकों ने एक युवक के साथ बेल्ट और प्लास्टिक के पाइप से मारपीट की। घटना के बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बेरछा रोड रेलवे पुलिया के पास रहने वाले 22 वर्षीय फरियादी सूरज पंवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह नगर पालिका के कचरा वाहन में हेल्पर का काम करता है। उसने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे वह राजेश्वरी मंदिर के पास स्थित चिल्लर नदी पर गया था। इसी दौरान वहां अनिल और उसका एक साथी मिल गए। दोनों आरोपियों ने सूरज को पुराने श्मशान घाट के पास बुलाया और इस बात को लेकर विवाद करने लगे कि वह नदी क्षेत्र में क्यों आया है। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने उसे अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब सूरज ने गालियों का विरोध किया, तो आरोपी अनिल ने बेल्ट निकाल ली और उसके साथी ने वहां पड़े प्लास्टिक के पाइप से उस पर हमला कर दिया। इस मारपीट में सूरज की पीठ, छाती, होंठ, गर्दन और सिर पर काफी चोटें आई। बेरहमी से की गई इस पिटाई के कारण युवक की पीठ पर चोट के निशान भी उभर आए। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट करने के बाद दोनों आरोपियों ने उसे धमकाते हुए कहा कि यदि वह दोबारा इस इलाके में नजर आया, तो उसे जान से खत्म कर देंगे। घटना के बाद डरा-सहमा युवक अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर उसने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## ओंकारेश्वर महादेव ने धरे खाटूश्याम के रूप, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**शाजापुर।** पवित्र अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के मौके पर शहर के धानमंडी स्थित प्राचीन ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में इन दिनों शिव भक्ति का अनूठा उल्लास देखने को मिल रहा है। अधिक मास के पावन अवसर पर मंदिर में प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का विशेष और मनमोहक श्रृंगार किया जा रहा है। इसी कड़ी में महादेव को राजस्थान के प्रसिद्ध लोकदेवता बाबा खाटूश्याम के स्वरूप में सजाया गया, जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा भगवान ओंकारेश्वर महादेव का यह भव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया। बाबा को रंग-बिरंगे फूलों, विशेष वस्त्रों और आभूषणों से सुसज्जित कर हूबहू खाटूश्याम जी का स्वरूप प्रदान किया गया।

## श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर में कथा

**मन्दसौर।** स्थानीय स्नेहनगर स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर पर गत दिनों 6 से 9 मई तक आयोजित हुए पांच कुंडात्मक यज्ञ, भव्य शिखर स्वर्ण कलश आरोहण प्रतिष्ठा महोत्सव और विशाल भंडारे के निर्विघ्न संपन्न होने की खुशी में आज 31 मई सायं 7.30 बजे से संगीतमय श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन रखा गया है। जिसमें गाँव अमलावद के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. सत्यनारायण शर्मा अपने मुखारविंद से कथा का रसपान कराएंगे। मंदिर समिति की मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने बताया कि कथा में आने वाले सभी भक्तों के स्वागत-सत्कार के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिसके तहत श्रद्धालुओं को शीतल ठंडाई पिलाई जाएगी और शुद्ध देशी घी से बना मोहन भोग महाप्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।

## अहिल्याबाई जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह

**मन्दसौर।** धनगर गायरी समाज जिला मंदसौर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती आज रविवार को स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में प्रातः 11 बजे से भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस दौरान समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा। धनगर गायरी समाज के जिलाध्यक्ष दशरथ धनगर ने बताया कि इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन और वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से शिरकत करेंगे। समाज के 120 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
संख्या: W/623/5/3/NIT दिनांक: 27.05.2026
**ई-निविदा सूचना**
मंडल रेल प्रबंधक / मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा), पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल, निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है। **ई टेंडरिंग संख्या: RTM-2026-27-51. कार्य का नाम:** Dahod: Construction of Running Room at DHD station. **अनुमानित मात्रा:** As per tender schedule. **अनुमानित लागत:** रु. 2,43,22,599.52. **बयाना राशी:** रु. 4,86,500/-. **कार्य की समापन अवधि:** 18 Months. **Similar Type of Work:** Construction of any Building Work. **वेब-साईट पर अपलोड करने की तिथि:** 27.05.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 19.06.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेब-साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
SPAN/5/1/77
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
**ई-निविदा सूचना**
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा **निविदा संख्या: SnT-RTM - 26 Tele- 11, दिनांक: 27.05.2026** निम्न कार्य के लिए आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम: रतलाम मंडल:** DRM कार्यालय परिसर में MPLS NOC सहित दूरसंचार अवसंरचना के संवर्धन, उन्नयन तथा दूरसंचार उपकरणों के प्रतिस्थापन द्वारा विश्वसनीयता सुधार के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,79,37,798.84. **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **जमानत राशि:** रु. 7,58,800/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** बारह (12) माह। **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 30.06.2026 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय:** दिनांक 30.06.2026 समय 15:30 बजे तक। **वैधता:** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
SPAN/6/1/78
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
**ई-निविदा सूचना**
सीनियर मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी), पश्चिम रेल्वे रतलाम, **निविदा संख्या: SnT_RTM_26_13_SIGNAL दिनांक: 25.05.2026** आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम:** बांगरोद स्टेशन पर लाइन 4 और 7 के विस्तार के लिए एस एण्ड टी कार्य का प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 62,43,006.44. **बयाना राशि:** रु. 1,24,900/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 16.06.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 16.06.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ अनलाइन E-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है।
SPAN/6/1/75
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
संख्या: W / 623/5/1/NIT दिनांक: 27.05.2026
**ई-निविदा सूचना**
मंडल रेल प्रबंधक / मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा), पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल, निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है। **ई टेंडरिंग संख्या: RTM-2026-27-48. कार्य का नाम:** Berchha Raising of platform no. 2. **अनुमानित लागत:** रु. 1,72,36,263.60. **बयाना राशी:** रु.3,44,800/-. **कार्य की समापन अवधि:** 8 Months. **Similar Type of Work:** Any Civil Engineering Work. **वेब-साईट पर अपलोड करने की तिथि:** 27.05.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 19.06.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेब-साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडर फॉर्म की कीमत NIL है।
SPAN/5/1/76
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### म.प्र. नागर ब्राह्मण परिषद के तत्वाधान में

# रतलाम में 20 सितम्बर को होगा नागर ब्राह्मण समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन

## वैवाहिक रिश्तों को साकार करने हेतु होगा अनूठा आयोजन

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम।** नागर ब्राह्मण समाज का राष्ट्र व्यापी स्तर पर अपनी विशेष पहचान एवं महत्वता को कायम रखना जहां गर्व की बात है वहीं निरंतर नवाचार एवं आयोजनों को नये आयाम प्रदान कर नागर ब्राह्मण समाज एवं देश हित के कार्यो को गति दी जा रही है। इसी क्रम में रतलाम में समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए एक भव्य परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस बाबत नागर समाज की युवा टीम द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

अखिल भारतीय स्तर के इस आयोजन में सम्मिलित होने हेतु बड़ी संख्या में समाज जनों द्वारा दिखाई गई अभिरुचि उत्साह जनक होकर अच्छे प्रतिसाद को संभव करती है। म.प्र. नागर ब्राह्मण परिषद की रतलाम शाखा द्वारा एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन 20 सितम्बर 2026 रविवार को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे के मध्य किया जायेगा। इसमें युवक-युवतियों का प्रत्यक्ष परिचय चयन हेतु परामर्श, ज्योतिष सुविधा, समाज जनों का समागम और भोजन प्रसादी की सुविधा जनक व्यवस्था की जायेगी।

उक्त जानकारी देते हुए परिषद अध्यक्ष पं. जितेन्द्र रावल, सचिव संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष निर्मल व्यास बबलू ने बताया कि 200 रुपये पंजीयन शुल्क के साथ प्रविष्ठि की अंतिम तारीख 01 सितम्बर 2026 निश्चित की गई है। इसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इन्होंने कहा कि बच्चों के रिश्तों के लिये अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रतलाम का यह आयोजन एक सुनहरा अवसर है तथा भाग लेने वालों की संख्या के मान से समुचित स्थान का प्रबंध किया जावेगा। इस अवसर पर युवक-युवतियों से संबंधित परिचय पुस्तिका का प्रकाशन किया जायेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये रतलाम नागर समाज की युवा टीम सर्वश्री महेश रावल, हेमन्त भट्ट, विकास नागर, कमलेश भट्ट, मुकेश मेहता, गोपाल मेहता, जितेन्द्र नागर, आशीष नागर, मनीष रावल, रितेश मंडलोई एवं महिला अध्यक्ष मीनाक्षी रावल सहित नारी शक्ति का विशेष योगदान रहेगा।

### रतनगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई :

## 3 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रतनगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 3 किलो अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत, रतलाम रेंज डीआईजी के निर्देशन तथा नीमच पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत रतनगढ़ थाना पुलिस लगातार मादक पदार्थ तस्करों पर नजर रख रही थी।

पुलिस के अनुसार 29 मई को रतनगढ़ घाट के ऊपर नीमच-सिंगोली मार्ग स्थित नटखट बालाजी मंदिर के सामने आम रोड पर वाहन चेकिंग और नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 3 किलो अवैध अफीम बरामद हुई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान शांतिलाल पिता छोटूलाल भील (21 वर्ष) निवासी ग्राम गुजरों की मोरवन, थाना जावदा, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

3 किलो अवैध अफीम (कीमत लगभग 15 लाख रुपये) एक वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल (कीमत करीब 7 हजार रुपये)

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अफीम की सप्लाई चेन और अन्य संभावित तस्करों के संबंध में पूछताछ एवं जांच जारी है।

**ऑपरेशन में इनकी रही अहम भूमिका**

इस कार्रवाई में रतनगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक भूरालाल भाबर एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए नशे के खिलाफ अभियान को आगे भी लगातार जारी रखने की बात कही।



## नगर निगम के संसाधनों में शामिल हुई नवीन यातायात क्रेन

**महापौर प्रहलाद पटेल ने किया नवीन क्रेन का लोकार्पण**

**रतलाम।** शहर की यातायात व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु नगर निगम द्वारा क्रय की गई नवीन यातायात क्रेन का लोकार्पण महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, यातायात एवं परिवहन समिति प्रभारी श्रीमती सपना त्रिपाठी, विद्युत एवं यांत्रिकी समिति प्रभारी अक्षय संघवी, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर किया व हरी झण्डी दिखाकर कर्तव्य स्थल के लिए रवाना किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि नवीन यातायात क्रेन २० लाख की लागत से क्रय की गई है, पहले किराये की यातायात क्रेन से यातायात में बाधक बनने वाले वाहनों को उठाया जाता था। नवीन क्रेन आने से प्रतिमाह व्यय होने वाली किराये की राशि की बचत होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी सुचारू होगी।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर मे 81 वृद्धजनों की हुई विशेष जांच

**नीमच।** सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला चिकित्सालय नीमच के रेड क्रॉस सभागार में वृद्धजनों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 100 मरीजों ने पहुंचकर लाभ लिया, जिनमें 81 वृद्ध शिविर में हाई ब्लड प्रेशर के 58, डायबिटीज के 28, अस्थि रोग के 38 एवं आँखों की समस्या से ग्रसित 15 मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतुराज शर्मा, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. त्रिशान सिंह, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अदिति पेंढारकर, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा यादव एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चौधरी ने शिविर में आए मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श व उपचार प्रदान किया। एनसीडी क्लिनिक स्टाफ मनीष व्यास, नीलम वैद्य एवं टीना राठौर द्वारा मरीजों की बीपी एवं शुगर की जांच की गई। स्टाफ द्वारा मरीजों को मासिक फॉलोअप के लिए प्रेरित किया गया तथा वृद्धावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज का मंगल प्रवेश 7 जून को

### जयकुमार बड़जात्या बने प्रवास समिति के प्रभारी अध्यक्ष



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज ससंघ का विहार मंदसौर की ओर निरंतर चल रहा है। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी व आचार्य श्री समयसागरजी महाराज के परमशिष्य मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज का लगभग ग्यारह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पुनः मंदसौर की धरा पर आगमन होने जा रहा है, जिससे सकल दिगम्बर जैन समाज में भारी हर्ष और उत्साह का माहौल है। डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया कि मुनिश्री वर्तमान में अल्प प्रवास पर मनासा में विराजमान हैं और 1 जून को वहाँ से पद विहार करके 7 जून को मंदसौर शहर में उनका मंगल प्रवेश संभावित है।

मुनिसंघ के प्रवास काल के दौरान मंदसौर में कई भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा बनाई जा रही है। जिसको लेकर तारबंगला मंदिर पर जैन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से जयकुमार बड़जात्या को प्रवास समिति का प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया और विभिन्न समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में चिनमय कियावत ने 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले "अर्हं स्वात्म साधना शिविर" और नेमकुमार गांधी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले योग कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। बैठक का संचालन राकेश दोशी ने किया तथा आभार सकल दिगम्बर जैन समाज के महामंत्री संजय कोठारी ने व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक भाजपा का विशेष अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केन्द्र सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी 5 जून से 21 जून तक विशेष अभियान चलायेगी। इसमें एक पेड़ मॉ के नाम , वृक्षारोपण अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान प्रगति पथ यात्रा, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन विशेष जनसम्पर्क , योग दिवस कार्यक्रम होगे। शनिवार को उजाला पैलेस मे भाजपा की जिला कामकाजी बैठक मे आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। पार्टी पदाधिकारीयों की समितियों ोका गठन कर उन्हे जवाब देही सुनिष्चित की गई। जिला प्रभारी विवेक जोशी ने मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की।

बैठक के आरंभ मे भाजपा के पितृपुरूषो एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मोदी जी की सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 जून का विश्व पर्यावरण दिवस मनेगा इसमें एक पेड माँ के नाम अभियान चलेगा। 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान मे वृक्षारोपण एवं स्वच्छता प्रगति पथ यात्रा और विकसित भारत संकल्प सम्मेलन होगे। इनमे मंत्री, सांसद एवं पार्टी पदाधिकारियों शामिल होगे। 11-12 जून को मीडिया संवाद , 12 को जनकल्याण शिविर,15 जून को सभागार बैठके, 19-20 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशालाए एवं 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम होगे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से सभी आयोजनों को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला प्रभारी विवेक जोशी ने हाल ही में हुए जिला प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए पदाधिकारियों से प्रशिक्षण के विषयों का गहन अध्ययन रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के 12 वर्षीय कार्यकाल ने कार्यकताओं का सिर उठाकर चलने का अवसर दिया है। देश का कोई ऐसा कार्य नहीं है, जो मोदी जी की सरकार ने पूरा नहीं किया हो। भाजपा द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित हो रहे है, उनसे जन-जन के बीच मोदी जी का संदेश पहुंचेगा। उन्होने रविवार को होने वाले मन की बात कार्यक्रम की रिपोर्टिंग समय पर देने का आह्वान भी किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया।

## स्वच्छ व निर्भीक पत्रकारिता के धनी है तेलकार- श्री शर्मा

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार तेलकार का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलीयामंडी

हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शनिवार को प्रातः 10 बजे कांग्रेसजनों ने नगर के वरिष्ठ पत्रकार रमेश जी तेलकार का साफा,श्रीफल,पुष्पमाला पहनाकर एवं कलम भेंट कर उनका सम्मान की।

इस मौके पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि 74 वर्षीय तेलकार का जीवन संघर्ष,कड़ी मेहनत, ईमानदारी, ओर आत्मविश्वास से आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनी हुई है,तेलकार ने पंद्रह वर्ष की उम्र में शुरू किया था अखबार वितरण का कार्य उस



समय नवभारत समाचार पत्र की एजेंसी नारायणगढ़ निवासी शरदचंद्र वर्मा के नाम से संचालित थी।करीब छह दशक से पत्रकारिता के साथ ही समाचार पत्र भी खुद ही घर घर व दुकान दुकान पर जाकर वितरण करना तेलकार ने अपने जीवन मे कई उतार चढ़ाव भी देखे लेकिन अपनी पत्रकारिता को कभी कलंकित नही होने दिया।शर्मा ने कहा कि 1970 से तेलकार ने पत्रकारिता की शुरूआत की उस समय संसाधननो का अत्यन्त अभाव था। समाचारों को हाथ से लिखकर चौपाटी पर बसों द्वारा अखबारों के कार्यालयों में भेजा जाता था।उस समय अखबारों की कंपोजिंग रोटरी मशीनों पर ही होती थी। तकनीक की कमी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद तेलकार ने हिंदी पत्रकारिता के प्रति अपना जुनून कभी कम नही होने दिया।शर्मा ने बताया कि तेलकार प्रातः ४ बजे से उठ कर स्वयं अखबार बितरण व्यवस्था पर नजर रखते है।वर्तमान में इनके पास दैनिक भास्कर, पत्रिका, नवभारत, फ्री प्रेस, अमृतकुम्भ, ध्वज मालव दर्शन,एवं दशपुर दर्शन जैसे समाचार पत्रों का कार्य उनके मार्गदर्शन में पुत्र जयप्रकाश तेलकार संभाल रहे है।

अपने सम्मान के प्रतिउत्तर में रमेश तेलकार ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबरे लिखने का माध्यम नही है बल्कि समाज को जागरूक करने की जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश गुप्ता काचरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, भेरूपप्पू गुर्जर आदि मौजूद थे।

### न्यूज कालम



## काव्या राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में करेंगी म.प्र. का प्रतिनिधित्व

**मन्दसौर।** काव्या मुक्तेश जैन ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही हाल ही में इंदौर में आयोजित राज्य किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। अब इंदौर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयनित होकर एक बार फिर राज्य का गौरव बढ़ाने जा रही हैं। काव्या की इस उपलब्धि पर भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत के नेतृत्व में श्याम नगर विकास समिति के संरक्षक नरेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष अजय कुमार फाफरिया, सचिव सुरेशचंद्र पंवार, पूर्व पार्षद बाबा पचोली, वार्ड पार्षद दीपक गाजवा, मण्डल महामंत्री बंशी राठौर, हर्षवर्धन पाटिल आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली




**मन्दसौर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंदसौर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन ने उपस्थित नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को तंबाकू मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। समाज में तंबाकू मुक्ति का संदेश देने के लिए उपस्थित लोगों द्वारा एक भव्य मानव श्रृंखला भी बनाई गई। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया और एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीएमएचओ डॉ. जी.एस. चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 25 से 31 मई तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला अस्पताल में स्थित तंबाकू त्याग केंद्र (टीसीसी) पर नागरिकों को तंबाकू छोड़ने के लिए निःशुल्क परामर्श और आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

## व्यावसायिक शिक्षा के तहत 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग का समापन



**मन्दसौर।** शा.क.उ.मा.वि. मल्हारगढ में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी और हेल्थकेयर ट्रेड की छात्राओं के लिए आयोजित 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) कार्यक्रम का समापन हो गया। इस विशेष प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर वास्तविक कार्यस्थल का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उनमें रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करना था। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सदाशिव पंड्या ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में आईटी प्रभारी मंगलेश राठौर तथा हेल्थकेयर शिक्षिका अनीता रावत का उल्लेखनीय योगदान रहा। समापन के अवसर पर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस ट्रेनिंग से उनके कौशल, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी सहयोगी संस्थानों और समर्पित प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## रोड की स्वीकृत प्रदान करने पर डिप्टी सीएम का किया सम्मान



**पिपलिया मंडी।** मध्य प्रदेश शासन के डिप्टी सीएम एवं मल्हारगढ़ विधानसभा विधायक श्री जगदीश देवड़ा द्वारा 29 मई शुक्रवार को पिपलिया मंडी टीला खेड़ा शमशान घाट से सांवलिया मंदिर बरखेड़ा पंथ रोड के लिए 2 करोड़ 93 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने पर लोकप्रिय सांसद सुधीर गुप्ता राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित पूर्व जिला अध्यक्ष मानसिंह माचुपुरिया मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल नगर परिषद अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया का टीलाखेड़ा ग्राम वासी एवं सांवलिया मंदिर के सभी सदस्य एवं वार्ड टीलाखेड़ा के पार्षद बलराम सोलंकी भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने आभार धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है।

## भाजपा जिला नीमच की बैठक आज

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर एक आवश्यक बैठक आज 31 मई रविवार को दोपहर 4 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय तपोभूमि पर आयोजित की जा रही है। बैठक में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, विधायक दिलीप सिंह परिहार, विधायक ओमप्रकाश सखलेचा उपस्थित थे।



## करूणा दिवस पर हुआ जैन समाज ने किया सामूहिक आयंबिल तप का आयोजन

**महिदपुर रोड।** सकल जैन श्री संघ द्वारा करुणा दिवस पर गुरुवार को अ भा राजेंद्र जैन परिषद परि वार के आह्वान पर सामूहिक आयंबिल तप का आयोजन नगर में किया गया जिसमें समाज के 50 से अधिक घरों के 37 समाज जनों ने सहभागिता कर आयंबिल तप किया । प्राणी मात्र एवं जीवो के प्रति करुणा प्रेम दया भाव को रखते हुए करुणा दिवस पर तप के माध्यम से अबोल प्राणी जीवो को शाता पहुंचाने का करुणामय कार्य जैन समाज महिदपुर रोड द्वारा किया गया जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी को आयं बिल तप कराने के लाभार्थी अलका जितेंद्र कोचर ,प्रतिभा सुनील भंडारी, अंगूरबाला राकेश कोचर व उनके परिजन रहे श्री संघ के सभी सदस्यों का अक्षत कुमकुम से तिलक लगाकर बहुमान कर प्रभावना वितरित की गई।

## दामोदर कुंड पर स्वच्छता अभियान चलाकर जल संरक्षण का लिया संकल्प




**महिदपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड महिदपुर के नवांकुर संस्था श्री स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति सेक्टर क्रमांक 1 महिदपुर द्वारा विकासखंड समन्वयक श्रीमती नम्रता तिवारी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान गंगा दशहरा उत्सव अंतर्गत ग्राम चिरमिया,नारायणा ,महू में गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। स्वर्णगिरी पर्वत पीठाधीश्वर श्री महेंद्र गिरी जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में स्वर्णगिरी पर्वत पर स्थित कुएं पर स्वच्छता अभियान चलाकर पूजन अर्चन कर जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। श्री कृष्ण सुदामा मैत्री स्थल नारायणा धाम पर स्थित दामोदर कुंड पर स्वच्छता अभियान चलाकर जल संरक्षण का संकल्प एवं चौपाल का आयोजन किया गया। नवांकुर संस्था अध्यक्ष अंतरसिंह आंजना द्वारा जल संवाद कर उपस्थित जनों को जल के महत्व के बारे में बताया । इस अवसर पर पंडित प्रेम नारायण शर्मा, ईश्वरसिंह आंजना, बापूसिंह आंजना, रामचंद्र तंवर, नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ललिता परमार, परामर्शदाता सोनु व्यास एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे। अभियान अंतर्गत सेक्टर के विभिन्न ग्रामों जिसमें मुख्य रूप से नारायणा, चितावद, भीमाखेड़ा, रानीपुरा एवं महू मे गंगा दशहरा अंतर्गत जल चौपाल,जल स्त्रोत पूजन, श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## महिदपुर-झारडा क्षेत्र में 13 लाख 21 हजार 427 क्विंटल गेहू समर्थन मूल्य पर तौला



**महिदपुर।** महिदपुर- झारडा तहसील के 16,500 कृषको ने 31 खरीदी केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर 13 लाख 21 हजार 427 क्विंटल गेहू विक्रय किया। विक्रय किये गये गेहू में से 12 लाख 93 हजार 529 क्विंटल परिवहन होकर गोदामो में पहुंच चुका है यह, सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस वर्ष खरीदी केन्द्रों पर पिछले वर्षों के मुकाबले अधिक शांतिपूर्ण खरीदी कार्य चलता रहा। अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे, जिला खाद्य अधिकारी श्रीमती सुरभी जैन, तहसीलदार महिदपुर सनुब्री पाल, झारडा तहसीलदार खरीदी केन्द्रों का समय समय पर निरन्तर दौरा करते हैं और छोटी मोटी समस्या का तत्काल हल करते रहे। किसी भी खरीदी केन्द्र पर बारदान की कमी आदि की समस्या भी शासन स्तर की अच्छी तैयारी के कारण उत्पन्न नही हुई। गत वर्ष 2025 में 13350 किसानों ने 12 लाख 19 हजार 846 क्विंटल गेहू विक्रय किया था इस बार यह आंकडा अधिक था। 31 खरीदी केन्द्रो में कुछ सहकारी समितियों के दो-दो केन्द्र थे। झारड़ा केंद्र में 1 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं क्रय किया गया।

## प्यारेलाल खंडेलवाल शक्ति केंद्र क्रमांक पांच में कार्य योजना के लिए बैठक



**सारंगपुर।** प्यारेलाल खंडेलवाल शक्ति केंद्र क्रमांक 5 वार्ड क्रमांक 10, 14, 15 की एक विशेष बैठक कार्य योजना हेतु आयोजित की गई जिसमें बैठक के मंडल प्रभारी के रूप में कैलाश नागर जनपद उपाध्यक्ष हमारे बीच उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद एवं महामंत्री कमल राठौर उपस्थित रहे। बैठक मे मंडल प्रभारी कैलाश नागर ने बताया की प्रत्येक माह की 21 से 25 तारीख के मध्य शक्ति केन्द्र की बैठक आयोजित की जाना है और 31 मई को हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सभी बूथ पर सूनने की एवं बैठक मे आगामी कार्ययोजना हेतू योजना बनाई गई। बैठक में वार्ड क्रमांक 15 के भाजपा पार्षद राकेश पुष्पद वार्ड 10 पार्षद प्रतिनिधि एवं शक्ति केंद्र संयोजक कुलदीप राठौर, मंडल पदाधिकारी सतीश गिरजे, संतोष प्रजापति, मोहन लववंशी, सत्यनारायण पुष्पद, श्याम सोलंकी मांगीलाल टेलर संतोष शर्मा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन शक्ति केंद्र संयोजक कुलदीप राठौर के द्वारा किया गया एवं आभार वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद राकेश पुष्पद के द्वारा व्यक्त किया गया।

### ट्रक की टक्कर से सरकारी अस्पताल की कर्मचारी गंभीर घायल

# शुजालपुर की बेलगाम यातायात व्यवस्था स्कूटी को पीछे से टक्कर मारी, युवती घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर






शुजालपुर शहर में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था और भारी वाहनों की लापरवाह आवाजाही आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। शहर में ट्रैफि क नियंत्रण के अभाव और नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। अकोदिया नाके शुजालपुर मंडी क्षेत्र में ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हादसे की भयावहता देखी जा सकती है। जानकारी के अनुसार किला मोहल्ला निवासी ऋषिका सक्सेना 20 शुजालपुर मंडी स्थित सरकारी अस्पताल में ओपीडी कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। सुबह करीब 11 बजे वह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से अस्पताल ड्यूटी पर जा रही थीं। उनके पीछे उनके चाचा लेखराज सक्सेना भी बाइक से चल रहे थे।

इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए एक ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ऋ षिका की स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवती सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उसके दाहिने हाथ, सिर और पैर में चोटें आईं। दाहिने हाथ में गंभीर चोट होने के कारण परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफ री का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवती को संभाला और पुलिस को सूचना दी। हादसे का वीडियो भी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है, जो अब सामने आया है। पुलिस के अनुसार, फ रियादी लेखराज सक्सेना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए ट्रक का नंबर आरजे 11 जीए 6898 बताया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया तथा चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शुजालपुर शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है। भारी वाहन शहर के व्यस्त मार्गों से तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जबकि ट्रैफि क नियंत्रण और निगरानी के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। लोगों ने प्रशासन से शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने, भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने और लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके।

### दैनिक अवन्तिका अभियान के तहत नगर परिषद कार्यालय में रखा जल पात्र

# पक्षियों की प्यास बुझाने नगर परिषद अध्यक्ष ने लगाया जल पात्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



भीषण गर्मी के दौर में पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने हेतु दैनिक अवन्तिका के अभियान के तहत नगर परिषद कार्यालय परिसर में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी द्वारा जल पात्र लगाया गया। इस पहल का उद्देश्य गर्मी में प्यास से परेशान पक्षियों को राहत पहुंचाना एवं लोगों को जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश देना है।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि युगल किशोर परमार एवं सीएमओ ओपी नागर भी उपस्थित रहे। नगर परिषद अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में अपने घरों, दुकानों एवं संस्थानों के बाहर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके।

## 11 साल से फरार गो-तस्कर गिरफ्तार

**आगर मालवा।** पिपलोन चौकी पुलिस ने 11 वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात गो-तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ गो-तस्करी के विभिन्न मामलों में न्यायालय से 4 स्थाई वारंट जारी थे। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में फरार वारंटियों और संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयट एवं एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा के मार्गदर्शन में पिपलोन चौकी पुलिस ने आरोपी को दबोचा। पुलिस के अनुसार आरोपी आसिफ उर्फ आशिक (32) निवासी अयोध्या बस्ती आगर, हाल मुकाम बेगमबाग कॉलोनी उज्जैन, थाना महिदपुर एवं महिदपुर रोड में दर्ज गो-तस्करी के मामलों में लंबे समय से फरार था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदल रहा था और उज्जैन में किराए का ऑटो चलाकर पहचान छुपा रहा था। पिपलोन बस स्टैंड क्षेत्र में आरोपी के आने की सूचना पर चौकी प्रभारी ने टीम गठित कर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

## नौतपा में राहगीरों को मिल रहा ठंडा पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

नौतपा की भीषण गर्मी में ग्राम अलीसरखेड़ा के अमीन पठान और बच्चों ने अलीसरखेड़ा रोड पर आने-जाने वाले राहगीरों के लिए ठंडे पानी के मटके रखवाए। स्टेट हाईवे क्रमांक-41 पर तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान लोगों को राहत देने के लिए यह सेवा शुरू की। शाजापुर से शुजालपुर जाते समय पूर्व प्रत्याशी रामवीर सिंह सिकरवार कुछ देर के लिए यहां रुके। उन्होंने बच्चों के काम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्कार और सेवा भाव नई पीढ़ी को बेहतर दिशा देते हैं। मौके पर रामवीर सिंह सिकरवार, जनपद अध्यक्ष अजब सिंह परमार, कांग्रेस सलसलाई ब्लॉक अध्यक्ष शिवनारायण परमार, अध्यक्ष दीप सिंह मंडलोई, शकीरा बाबा, शाहिद अली, जमील, सफी भाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रशासन ने दिए जांच के आदेश, मौके पर कार्रवाई नही हुई

# ब्यावरा मांडू में काई नदी का सीना चीर रहे रेत माफिया, धडल्ले से चल रही जेसीबी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

क्षेत्र में रेत और खनिज माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें न तो कानून का डर है और न ही एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के नियमों की परवाह। ताजा मामला ब्यावरा मांडू से करीब 6 किलोमीटर दूर स्थित काई नदी का है, जहां बेखौफ होकर नदी के बीचों-बीच जेसीबी मशीनें उतारकर बडे पैमाने पर अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक नदी का सीना चीरकर प्राकृतिक संपदा की भारी लूट मची हुई है।

हाल ही में इस अवैध काले कारोबार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे भारी-भरकम जेसीबी मशीन नदी के बहाव क्षेत्र के बीच खडी है और बिना किसी डर के अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लोड कर रही है। इस अवैध गतिविधि के कारण नदी का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बिगड रहा है और जलस्तर पर भी इसका विपरीत असर पडने की आशंका गहरा गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि माफियाओं के डर से कोई खुलकर विरोध नहीं कर पाता, जिससे इनके हौसले सातवें आसमान पर हैं।

वीडियो सामने आने और मामला तूल पकडने के बाद अब प्रशासनिक अमला भी हरकत में आया है। इस पूरे मामले पर कडा संज्ञान लेते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे ने त्वरित कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही तहसीलदार को तत्काल दल-बल के साथ मौके पर भेज दिया गया है। टीम को निष्पक्ष और विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जैसे ही तहसीलदार की जांच रिपोर्ट सामने आएगी, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सूरत में अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन की यह टीम मौके पर पहुंचकर क्या कार्रवाई करती है, या फिर हर बार की तरह रेत माफिया कार्रवाई की भनक लगते ही मशीनें लेकर रफूचक्कर होने में कामयाब हो जाते हैं। बहरहाल, इस वायरल वीडियो ने क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन के खेल की पोल खोल कर रख दी है।

**बोले जिम्मेदार**

इस मामले में ट्रेस कर रहे है और जांच उपरांत कार्रवाई करेंगे।

**सोनू गुप्ता, नायब तहसीलदार**

# ऑटो को बचाने के प्रयास में ट्रक का पहिया नंदी के पैर पर चढ़ा

### एनिमल प्रोटेक्शन टीम ने बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



मंडी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह मानवता और पशु सेवा की मिसाल देखने को मिली। एमजी रोड स्थित टेंपो चौराहे के पास सवारी से भरे एक ऑटो को बचाने के प्रयास में गल्ला मंडी की ओर जा रहे ट्रक का पहिया सड़क किनारे बैठे एक नंदी के पैर पर चढ़ गया। हादसे में नंदी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पैर से तेजी से रक्तस्राव होने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मदद का प्रयास किया, लेकिन खून बहना बंद नहीं हो पाया। इसके बाद एनिमल प्रोटेक्शन फ ोर्स टीम को सूचना दी गई, जिसने मौके पर पहुंचकर नंदी का उपचार कर उसकी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एमजी रोड पर टेंपो चौराहे के समीप एक ट्रक चालक सवारी से भरे ऑटो को बचाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान ट्रक सड़क किनारे बैठे नंदी के बेहद करीब पहुंच गया और उसका पहिया नंदी के पैर पर चढ़ गया। हादसे में नंदी के पैर का निचला हिस्सा बुरी तरह जख्मी हो गया और बड़ी मात्रा में खून बहने लगा। दर्द से तड़पते बेजुबान को देखकर आसपास के लोग भी भावुक हो उठे। मौके पर मौजूद गोपाल परमार और बबली जैन ने तुरंत शहर में पशु सेवा के लिए सक्रिय एनिमल प्रोटेक्शन फोर्स टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम के सदस्य आवश्यक संसाधनों और दवाइयों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम में प्रदीप जैन, प्रदीप परमार,आशुतोष जोशी, सक्षम जाट, प्रतीक विश्वकर्मा और हेमंत शर्मा शामिल थे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने घायल नंदी का प्राथमिक उपचार किया। टीम सदस्यों ने रक्तस्राव रोकने के लिए पट्टी बांधी, दवाइयां दीं और इंजेक्शन लगाकर उसकी हालत को स्थिर किया। साथ ही टीम ने अगले एक सप्ताह तक नंदी की निगरानी और नियमित उपचार करने की बात भी कही। स्थानीय लोगों ने एनिमल प्रोटेक्शन फ ोर्स की इस सेवा भावना की जमकर सराहना की। उपस्थित लोगों का कहना था कि आज के समय में जहां लोग अक्सर बेजुबान जानवरों को नजरअंदाज कर देते हैं, वहीं यह टीम लगातार निस्वार्थ भाव से घायल और बीमार पशुओं की सेवा कर रही है। उल्लेखनीय है कि एनिमल प्रोटेक्शन फ ोर्स लंबे समय से शहर और मंडी क्षेत्र में घायल एवं असहाय पशुओं के उपचार और संरक्षण का कार्य कर रही है। टीम द्वारा अब तक कई बेजुबानों की जान बचाई जा चुकी है। शुक्रवार को नंदी के उपचार के लिए किए गए प्रयासों ने एक बार फिर मानवता और जीव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।



## ग्राम खेरिया में मनाया गया मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

**सुसनेर।** अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा ग्राम खेरिया में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना रहा।कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ किरण जाट ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इस दौरान साफ-सफाई रखना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं संक्रमण से बचाव के उपाय भी बताए। इस दौरान बालिकाओं को सेनेटरी पैड्स वितरित किए गए तथा उनके सही उपयोग एवं महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों एवं बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया तथा बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई गई। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर बालिकाओं एवं महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत



**सुसनेर।** भाजपा किसान मोर्चा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश परमार व अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष भवानी शंकर वर्मा का पूर्व विधायक राणा विक्रम के द्वारा राणा हाउस पर स्वागत किया गया। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन के निवास परमार का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डॉ गजेंद्र सिंह चन्द्रावत, मंडल महामंत्री लखन सेन, कालू सिंह, बाबूलाल यादव, मोहन कानुडीया सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष मालवीय का किया स्वागत



**महिदपुर ।** निजी प्रवास पर आए भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मालवीय का महिदपुर नगर मंडल के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाकों के साथ नगर के स्थानीय विश्रामगृह, मित्रता के प्रतीक श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा, ग्राम लाखाखेड़ी, बरखेड़ा बुजुर्ग एवं बालौदा में शाल -श्रीफल- साफा एवं पुष्पमालाओं से जमकर स्वागत किया। मालवीय ने स्वागत पश्चात कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है जिसके हम सभी सदस्य हैं आप सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ी पार्टी है जिसका नेतृत्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जा रहा है आप सभी कार्यकर्ता ही भाजपा की रीड है। मंडल अध्यक्षा श्रीमती उमा पांडे ने मालवीय को शाल - श्रीफल- पुष्प माला भेंट कर साफा बंधवाया। महामंत्री दिनेश ग्रोवर ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का परिचय दिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## करुणा दिवस पर सामूहिक आयंबिल तप आराधना संपन्न

**महिदपुर।** जैन सोशल ग्रुप मेन के तत्वाधान में करुणा दिवस पर सामूहिक आयंबिल तप की आराधना शांतिनाथ आराधना भवन महिदपुर सिटी में संपन्न हुई। जिनशासन गौरव पूज्य आचार्य श्री उमेश मुनिजी म.सा के सुशिष्य धर्मदास गणनायक प्रवर्तक देव पू. जिनेन्द्र मुनीजी म.सा. की सुशिष्या प.पू. संयमप्रभाजी म.सा आदि ठाणा 12 तथा गच्छाधिपति प.पू. आचार्य श्री नरदेवसागर सुरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्तनी प. पू. शीलरेखाजी म. सा. आदि ठाणा 7 एवं प .पू. मुक्तिप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 2 की पावन निश्रा में तप आराधना संपन्न हुई जिसमें 108 आराधको ने आयंबिल तप की आराधना की।

## आरक्षक व्यास को पुलिस कप्तान ने फीता लगाकर बनाया प्रधान आरक्षक

**महिदपुर रोड।** नगर के पुलिस थाने में पदस्थ आरक्षक मनीष व्यास 80 को उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आरक्षक के पद से पदोन्नत करते हुए प्रधान आरक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपते हुए फीता लगाकर नये पद की जिम्मेदारी सौंपी। आरक्षक व्यास के पदोन्नति पर सहयोगियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# 'धुरंधर के बाद रणवीर के खिलाफ रची गई साजिश'

**राइटर और कॉलमनिस्ट शोभा डे ने दावा किया है कि 'डॉन 3' विवाद की आड़ में रणवीर सिंह और 'धुरंधर' के डायरेक्टर आदित्य धर के खिलाफ साजिश रची जा रही है। फिल्म 'डॉन 3' से अचानक बाहर होने के चलते फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने रणवीर सिंह के खिलाफ 'नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव' (असहयोग निर्देश) जारी कर दिया है।**



## डॉन 3' विवाद पर शोभा डे ने रणवीर सिंह पर हुई कार्रवाई पर सवाल उठाए



इसी मुद्दे पर बात करते हुए शोभा डे ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। साथ ही कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'रणवीर सिंह बॉलीवुड के दिल्ली जिमखाना जैसे हैं... सब कुछ एक जैसा दिखता है, लेकिन अलग है। सबको साथ लेकर चलने की जगह अलगाव क्यों? धमकियां और दबाव बनाने की कोशिशें काम नहीं करेंगी। पहले भी नहीं कीं और आगे भी नहीं करेंगी।'

वीडियो में शोभा डे ने रणवीर सिंह के 'डॉन 3' विवाद और दिल्ली जिमखाना क्लब विवाद की तुलना की। उन्होंने कहा, 'मैं रणवीर सिंह वाले मामले को भी देख रही हूं और दिल्ली जिमखाना वाले मामले को भी। दोनों में मुझे ज्यादा फर्क नहीं दिखता। कई मायनों में रणवीर सिंह बॉलीवुड के दिल्ली जिमखाना जैसे हैं।'

बता दें कि हाल ही में केंद्र सरकार ने दिल्ली जिमखाना क्लब से सफदरजंग रोड स्थित परिसर खाली करने को कहा है। सरकार का कहना है कि लुटियंस दिल्ली में सरकारी और रक्षा संस्थानों के पास मौजूद इस जमीन की जरूरत रक्षा ढांचे को मजबूत करने और सुरक्षा से जुड़े कामों के लिए है।

शोभा डे ने कहा, 'पूरा मामला आखिर है किस बारे में? यह ताकत, कंट्रोल और लोगों पर रोक लगाने की कोशिश के बारे में है। यह लोगों को उनकी जगह दिखाने और सबक सिखाने की कोशिश है। उन लोगों या संस्थाओं को निशाना बनाया जा रहा है, जिन्हें कुछ लोग जरूरत से ज्यादा विशेष अधिकार मिलने वाला मानते हैं।'

### शोभा डे ने रणवीर को समझदार और शांत बताया

शोभा डे ने रणवीर की तारीफ करते हुए कहा, 'रणवीर समझदार हैं और उन्हें सही सलाह मिल रही है। वह चुप हैं और पूरे मामले पर कोई बयान नहीं दे रहे। उनके फैंस और समर्थक उनकी तरफ से जवाब दे रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'दिल्ली जिमखाना क्लब की कहानी अलग है। वहां पुराने सदस्य बैठे हैं और खुद को बाकी दुनिया से अलग रखते हैं। वहीं दूसरी तरफ रणवीर सिंह का मामला है। दोनों खबरें अलग हैं, लेकिन इनमें कई समानताएं भी हैं।' शोभा डे ने यह भी कहा कि ऋहकउए अचानक चर्चा में आ गया है। संगठन यह कह रहा है कि वह भारत के सबसे सफल सितारों में से एक रणवीर सिंह को स्टूडियो में जाकर काम नहीं करने देगा। शोभा डे ने आगे कहा, 'अगर यह मामला एक्सेल एंटरटेनमेंट, फरहान अख्तर और रणवीर सिंह के बीच का था, तो वे वकील रख सकते थे और अदालत का रुख कर सकते थे। इसके लिए दूसरे लोगों को बीच में लाने की जरूरत नहीं थी।'

### आदित्य धर को ताकतवर लोगों के लिए खतरा बताया



शोभा डे ने कहा, 'रणवीर सिंह एक बड़े फिल्म स्टार हैं। उनकी पहचान सिर्फ एक अभिनेता की नहीं, बल्कि एक अलग ही मुकाम की है। 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता का श्रेय इसके निर्देशक और निमार्ता को भी जाता है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि यह सिर्फ रणवीर सिंह के खिलाफ नहीं, बल्कि 'धुरंधर' से जुड़े सभी लोगों, खासकर इसके डायरेक्टर आदित्य धर और निमार्ता के खिलाफ भी एक साजिश हो सकती है।' शोभा ने सवाल उठाते हुए कहा, 'क्या आदित्य धर बॉलीवुड के कुछ ताकतवर लोगों के लिए इतना बड़ा खतरा बन गए हैं? ऐसा तो लगता है।' वीडियो के अंत में शोभा डे ने फरहान अख्तर से अपील की कि इस मामले को अदालत में ले जाया जाए। उन्होंने कहा, 'कानून को तय करने दीजिए कि किसने क्या गलती की है, क्योंकि आम लोगों के लिए अभी यह बिल्कुल साफ नहीं है।'

# चंबल की लोककथाओं पर बेस्ड होगी 'शक्तिशालिनी'

कभी डकैतों और खूनी संघर्षों की कहानियों के लिए चर्चा में रहने वाले चंबल के बीहड़ इन दिनों एक अलग वजह से सुर्खियों में हैं। इस बार वहां फिल्मों की शूटिंग का माहौल देखने को मिल रहा है। मैडॉक फिल्म्स ने अपनी अगली फिल्म ह्यशक्तिशालिनीह्ल की शूटिंग के लिए मुंबई और हैदराबाद के स्टूडियो सेट्स की बजाय चंबल के असली बीहड़ों को चुना है।

स्त्री, भेड़िया, मुंज्या और थामा जैसी फिल्मों के बाद मैडॉक अब एक नई हॉरर-ड्रामा फिल्म पर काम कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ह्यफिल्म में तंत्र-विद्या, लोककथाएं, चंबल की पृष्ठभूमि और एक्शन का मिश्रण देखने को मिल सकता है। इसमें अनीत पड्डा, विशाल जेठवा और विनीत कुमार सिंह नजर आएंगे। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ह्यइसमें चंबल को सिर्फ एक शूटिंग लोकेशन नहीं, बल्कि कहानी के अहम हिस्से के तौर पर दिखाया जाएगा। बीहड़ों की वीरानी, गुफाएं, मिट्टी और रात का सन्नाटा फिल्म के माहौल को और प्रभावी बनाएंगे।



### विशाल का अब तक का सबसे खतरनाक अवतार

मदार्नी 2 से पहचान बनाने वाले विशाल जेठवा इस फिल्म में बिलकुल नए और इंटेंस अवतार में नजर आने वाले हैं। शुरूआती शूटिंग के दौरान उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म में देखा गया था, जिससे माना जा रहा है कि कहानी का एक हिस्सा किरदारों के बचपन या फ्लैशबैक से जुड़ा हो सकता है। हालांकि बाद में उनका लुक पूरी तरह बदलता दिखाई दिया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ह्यफिल्म के लिए मेकर्स ने स्टूडियो सेट्स का सहारा लेने के बजाय चंबल के असली बीहड़ों के बीच एक बड़ा सेट तैयार किया। बताया जा रहा है कि करीब 15 दिनों की मेहनत के बाद वहां प्राचीन तांत्रिक गुफाओं जैसा माहौल बनाया गया। इन गुफाओं की डिजाइन लोककथाओं, पुराने मंदिरों और मध्य भारत की तांत्रिक परंपराओं से प्रेरित है। सेट के अंदर गुप्त रास्ते, विशाल मूर्तियां, अग्निकुंड और कई रहस्यमयी प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे फिल्म का माहौल और प्रभावी दिखे।

# Sport

## गुजरात ने अपना सबसे बड़ा रनचेज किया

# राजस्थान की हार के बाद रो पड़े सूर्यवंशी

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़



गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-2 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया। राजस्थान के फाइनल की रेस से बाहर होने के बाद वैभव सूर्यवंशी रो पड़े। उन्होंने इस मैच में सबसे कम गेंद पर हजार रन पूरे करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वहीं गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रनचेज करते हुए आईपीएल 2026 के फाइनल में जगह पक्की की।

सूर्यवंशी ने शुक्रवार को 440 गेंद में अपने 1000 आईपीएल रन पूरे किए। वे आईपीएल में सबसे कम गेंद में हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जिन्होंने हजार रन बनाने के लिए 545 गेंद खेली थी।

गुजरात ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 215 रन का टारगेट चेज किया। यह क्चछ में गुजरात का अब तक का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। इससे पहले उनको सबसे बड़ी जीत 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली थी। तब टीम ने अहमदाबाद में 204 रन चेज किया था। गुजरात ने राजस्थान के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 215 रन का टारगेट हासिल किया। यह आईपीएल प्लेऑफ के इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। उन्होंने गुजरात रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2025 के क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 204 रन चेज किए थे। सूर्यवंशी ने गुजरात के खिलाफ पावरप्ले में 31 रन बनाए। इसके साथ ही वह एक आईपीएल सीजन के पावरप्ले में 500 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस सीजन पावरप्ले में 233.63 के स्ट्राइक रेट से 521 रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद के डेविड वॉर्नर के नाम था, जिन्होंने 2016 में पावरप्ले में 467 रन बनाए थे। सूर्यवंशी ने न्यू चंडीगढ़ में आईपीएल में अपने 1000 रन भी पूरे कर लिए। वे अपनी 23वीं पारी में इस आंकड़े तक पहुंचे। वे आईपीएल में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बने।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल में हारी, बोलीं- पूरे सिस्टम से लड़ी, वापसी करूंगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट शनिवार को एशियन गेम्स ट्रायल का सेमीफाइनल मैच हार गईं। 53 किलो कैटेगरी में लगातार दो बाउट जीतने के बाद उन्हें जींद की मीनाक्षी गोयत ने हराया। विनेश अब एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाएंगी।

हार के बाद विनेश ने कहा- मैं पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही थी। एक तरफ मैं थी और दूसरी तरफ सभी लोग थे। मैं फिर वापसी करूंगी। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एंटी-डोपिंग नियमों का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर बैन लगा दिया था। विनेश ने इसके खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, डिवीजन बेंच ने विनेश के पक्ष में फैसला सुनाया था। डब्ल्यूएफआई ने फोगाट का ट्रायल रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- विनेश शानदार रेसलर हैं, उन्होंने देश को गर्व महसूस कराया। विनेश को एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी जाती है। विनेश हार के बाद भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा- हार को अपनी असफलता नहीं मानती। मैं फेल नहीं हुई हूं। मैं फिर वापसी करूंगी। मेरा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है और भविष्य में फिर से खुद को साबित करने के लिए मैट पर लौटूंगी।

### आयरलैंड को हराकर न्यूजीलैंड ने जीता टेस्ट

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने बेलफास्ट टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 79 रन से हरा दिया। शुक्रवार को फॉलोऑन खेलने उतरी आयरलैंड की टीम दूसरी पारी में 232 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार 5 विकेट लिए।


**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजेंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### सूने मकान से सोने-चांदी के आभूषण सहित 35 हजार नगद ले गए चोर

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस समय हुई जब परिवार रिश्तेदारी में घर से बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और चोरी का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार नंदानगर निवासी ज्योति भट्ट की शिकायत पर शुक्रवार को चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। फरियादी परिवार के साथ गुरुवार को किसी रिश्तेदार के यहां इंदौर से बाहर गई थीं। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उनके घर को निशाना बनाया। जब परिवार वापस लौटा तो मकान का मुख्य ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर पहुंचने पर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी तथा ड्रॉअर खंगाले गए थे। बदमाश घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार चोरी हुए सामान में एक जोड़ी सोने की लटकन, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, पांच जोड़ी सोने की नथ, चांदी की कमर करधनी, पायल, बिछिया, चेन, लॉकेट, चांदी की अंगूठी तथा 35 हजार रुपए नगद शामिल हैं। कुल चोरी गए माल की कीमत करीब दो लाख रुपए बताई गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। फिलहाल अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

### नायता मुंडला इलाके में लगी आग मामले में पुलिस ने किया केस दर्ज



**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों लगी आग के मामले में पुलिस ने जांच के बाद दुकानदार और किराएदार पर एफआईआर दर्ज की है। जांच में पुलिस को दोनों की लापरवाही मिली, जिसके बाद पुलिस ने कायमी की है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक 19 मई को नायता मुंडला इलाके में भीषण आग लगी थी। जिसमें दुकान के साथ-साथ कई गाड़ियां भी जल गई थीं। वक्त रहते फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया था। बावजूद इसके सात गाड़ियां चल गई थीं। घटना के बाद पुलिस ने मामले में जांच की और जांच में पाया गया कि दुकान मालिक जुबेर पटेल ने किराएदार रवि उर्फ कालू मालवीय को अपनी दुकान किराए से दी थी, जिसमें पायरो (विस्फोटक) का भण्डारन किए जाने का कोई वैध लायसेंस नहीं लिया गया था और न ही दुकान में सुरक्षा एवं बचाव के पर्याप्त इंतेजाम किए गए थे। रवि मालवीय की दुकान में रखा टेंट डेकोरेशन व इवेंट पायरो का सामान, रंजीत सिंह सरदार की दुकान में रखा ऑटोपाट्स व ऑइल का सामान व जिम की मशीनें, कांच, डाक्यूमेंट्स, गद्दे आदि अज्ञात कारण से आग लगने से जलकर नुकसान हुआ था। मामले में पुलिस ने रवि उर्फ कालू मालवीय निवासी माउंट बर्ग कॉलोनी और जुबेर पटेल निवासी नायता मुंडला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### सौतेले पिता ने 12 साल की बेटी से की छेड़छाड़, साली से भी कर चुका हरकत

**इंदौर।** इंदौर में 12 साल की लड़की की शिकायत पर पुलिस ने उसके सौतेले पिता के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी आए दिन उसके साथ गलत हरकत करता था। दो दिन पहले जब उसकी हरकतें बढ़ गईं, तब उसने पूरी घटना मां को बताई। इसके बाद महिला बेटी को लेकर थाने पहुंची। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि इलाके में रहने वाली छात्रा अपनी मां के साथ थाने पहुंची थी। छात्रा ने शिकायत में बताया कि उसका सौतेला पिता उसके साथ गलत हरकतें करता है। 26 मई की रात भी आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर की वजह से बच्ची चुप रही, लेकिन शुक्रवार को उसने मां को पूरी बात बता दी। बताया जा रहा है कि पीड़िता के पहले पिता की मौत के बाद उसकी मां ने दूसरी शादी की थी। पीड़िता की मां ने बताया कि कुछ दिन पहले वे दोनों बाणगंगा इलाके में उसकी बहन के घर गए थे। वहां भी पति ने अपनी साली के साथ गलत हरकत की थी। मामले में बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### जेड ब्रिज: अब एस आकार देने के लिए बना रहे पांच नए पिलर

**इंदौर।** पोलोग्राउंड क्षेत्र में बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज के जेड आकार को एस आकार देने के लिए लोक निर्माण विभाग एक या दो नहीं, पांच नए पिलर बनाने जा रहा है। चौथी बार है जब डिजाइन में बदलाव किया गया। जो 5 नए पिलर बनाए जाने हैं, उसमें 4 छोटे सहायक कॉलम हैं और एक बड़ा पिलर है। इससे पूरे प्रोजेक्ट की कीमत एक करोड़ रुपए, और समय अवधि डेढ़ साल बढ़ जाएगी। जेड आकार पर सवाल उठने के बाद ब्रिज की चौड़ाई मोड़ पर 12 मीटर से 17 मीटर करने की तैयारी की गई। इसके लिए बिजली कंपनी की दीवार और अंदर बना टीन शेड तोड़ने को कहा गया। अंदर 3 और बाहर 2 नए पिलर भी खड़े करने की प्लानिंग की गई। बिजली कंपनी ने पीडब्ल्यूडी से टिन शेड तोड़ने से पहले अंदर वैकल्पिक स्थान बनाने का कहा है। इसका काम चल रहा है जो 10 दिन में पूरा होगा। जून 2025 के बाद लोक निर्माण विभाग को नई डिजाइन बनाने और स्वीकृत करवाने में एक साल का समय लग गया। इस एक साल में टीन शेड में बना तेल का कुआं तक शिफ्ट नहीं हो पाया है और न रेलवे द्वारा यहां कोई काम किया गया। रेलवे के ऊपर बनने वाले स्पान के लिए रेलवे विभाग ने हाल ही में अपना टेंडर जारी किया है।

### दैनिक अवंतिका परिवार के सकोरा वितरण के धर्म अभियान से प्रतिनिधि, संवाददाता और समाजसेवी जुड़े

# युवाओं में भी जागी पक्षियों के लिए भावनाएं, बांटे सकोरे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर









आनंदिता जोशी

झुलसा देने वाली गर्मी के दौर में पक्षियों को पीने के पानी के लिए दैनिक अवंतिका परिवार ने सकोरा (पक्षी जलपात्र) वितरण का धर्म अभियान मई के प्रारंभ से ही शुरू किया था। इस अभियान को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जानकर पक्षी सेवा के दैनिक अवंतिका परिवार एवं उससे जुड़े प्रतिनिधि, संवाददाताओं के इस कार्य की सराहना करते हुए शुभकामना दी और कहा कि पुरूषोत्तम मास में यह धर्म भी है। अभियान की शुरूआत उज्जैन जिले की बड़नगर तहसील से की गई थी।

**युवाओं में भी पक्षियों के लिए भावनाएं-** भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व प्रबंधक ओमप्रकाश पाठक और उनके दामाद अजय जोशी ने वेस्ट मटेरियल से बर्ड हाउस का निर्माण किया। दैनिक अवंतिका के अभियान से प्रेरित उनकी बेटी आनंदिता जोशी ने घर की छत और गार्डन में साकोरे स्थापित किये है ताकि पक्षियों की जलसेवा की जा सके।

समाजसेवी प्रकाश मानावत के जन्मदिवस पर भीषण गर्मी में मूक पक्षियों को पानी पीने के लिए मिट्टी के सकोरे का वितरण किया गया। गौरतलब है कि दैनिक अवंतिका की इस सार्थक पहल को पूरे प्रदेश में बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है।


### इंदौर में शुरू हुआ भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

## सांसद ई-बस से तो भाजपा नेता साइकिल एवं कार पूलिंग कर पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग-2026 शनिवार से इंदौर में शुरू हो गया। भाजपा इंदौर शहर और ग्रामीण इकाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में जिले के जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी और चयनित कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक विषयों, सेवा कार्यों, जनसंपर्क और तकनीकी दक्षता से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत सादगी, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत के संदेश के साथ हुई। सांसद शंकर लालवानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के आह्वान के तहत विजय नगर से प्रशिक्षण स्थल एचआर ग्रीन गार्डन तक



ई-बस से पहुंचे। यात्रा के दौरान उन्होंने आम नागरिकों और युवाओं से संवाद कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के महत्व पर चर्चा की। सफर के दौरान छात्र सरस जैन ने सांसद से पूछा कि क्या वे नियमित रूप से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते हैं। इस पर सांसद लालवानी ने कहा कि उन्हें प्रतिदिन शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होना पड़ता है, इसलिए नियमित रूप से पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग संभव नहीं हो पाता, लेकिन अब वे सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करने का प्रयास करेंगे। वहीं मोहित सिंह ने उनसे संसद की कार्यप्रणाली और संचालन के बारे में जानकारी ली। प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने पहुंचे कई कार्यकर्ताओं ने ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए निजी वाहनों के बजाय कार पूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों और साइकिल का उपयोग किया। भाजपा नेता राजा कोठारी और प्रफुल्लसिंह राजपूत तिलक नगर से लगभग 20 किलोमीटर साइकिल चलाकर प्रशिक्षण स्थल पहुंचे। दोनों नेताओं ने अपनी साइकिलों पर भाजपा के ध्वज लगाए और नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

### निगमकर्मी ही खुले में कचरा फेंककर जला रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश में लगातार आठ बार स्वच्छता में अव्वल रहने वाले इंदौर की सफाई व्यवस्था को नगर निगम के कर्मचारी ही पलीता लगा रहे हैं। ऐसे तीन वीडियो सामने आए हैं, जिनमें निगम के कर्मचारी रहवासी क्षेत्र में खुले में कचरा फेंकते नजर आ रहे हैं और इसमें रात में आग लगा दी जाती है। ऐसा तब हो रहा है, जब स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम निरीक्षण पर है। हालात ऐसे हैं कि पिछले दो माह में खुद फायर ब्रिगेड के पास कचरा जलाने की 50 शिकायतें आ चुकी हैं।

### दो कारों की भिड़ंत, एक कार पलटी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के बीआरटीएस स्थित रसोमा चौराहे पर देर रात तेज रफ्तार दो कारों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार दो पलटियां खा गई। हादसे में एक कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, एक कार से शराब की बोतलें भी मिली हैं।

विजय नगर टीआई चंद्रकांत पटेल के अनुसार, शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे दो कारें आपस में टकरा गईं। मामले में एक पक्ष के अभिषेक पिता लखन जायसवाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक कार मेदांता हॉस्पिटल की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थी, जबकि दूसरी कार एलआईजी की तरफ से आ रही थी। रसोमा चौराहे पर दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एलआईजी की ओर से आ रही कार अनियंत्रित होकर दो पलटियां खा गई। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए।

### महिला से वसूले 4.50 लाख रुपये

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एक महिला की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने साइबर फ्रॉड और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया है। महिला के मुताबिक, 40 हजार रुपए के लोन के बदले उससे 4 लाख 50 हजार रुपए वसूले गए। वहीं आरोपियों ने उसके फोटो एडिट कर अश्लील बनाए और उन्हें परिवार के लोगों को भी भेज दिया। साइबर पुलिस ने बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाली हर्षिता नामक महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। महिला ने बताया कि अक्टूबर 2025 में पारिवारिक कारणों से उसे लोन की आवश्यकता थी। उसे प्ले स्टोर पर एक ऐप के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उसने क्रेडिट लीफ नामक एप्लिकेशन डाउनलोड कर 7 दिन के लिए 40 हजार रुपए का लोन लिया।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com